सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 20 मार्च, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 76, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 148 अंकों की उछाल

लंबे अंतराल के बाद विदेशी निवेशकों की लिवाली के बीच सेंसेक्स 147.79 अंक चढ़कर 75,449.05 अंक पर बंद हुआ } 14

## स्वास्थ्य सेवा पर बढ़ा सरकार का खर्च : नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने राज्यसभा में कहा कि स्वास्थ्य सेवा पर सरकार का खर्च सकल घरेलू उत्पाद के 1.84 प्रतिशत तक पहुंच गया है और यह धीरे-धीरे 2.5 प्रतिशत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। } 16



## जनहित के कार्यों में लापरवाही स्वीकार नहीं : योगी

### सीएम ने वरासत, भूउपयोग जैसी सुविधाओं के निर्धारण में समय सीमा पालन का दिया निर्देश

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनहित के कार्यों में लापरवाही को अस्वीकार बताया है। उन्होंने कहा है कि अच्छे लोगों की कहीं कोई कमी नहीं है, इन्हें प्रोत्साहन मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बुधवार को लाल बहादुर शास्त्री भवन स्थित सीएम कमांड सेंटर का निरीक्षण किया और प्रदेश भर में विभिन्न विभागों और परियोजनाओं के परफॉर्मेंस की भी जानकारी ली। उन्होंने विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सिर्फ तीन कैटेगरीज ए, बी और सी के तहत विभागों और योजनाओं की मॉनीटरिंग की जानी चाहिए। इसके तहत जनपद स्तर पर प्रतिदिन, अल्टरनेट दिनों में, साप्ताहिक और पाक्षिक समीक्षा की जानी चाहिए। इसके लिए जनपद स्तर पर अधिकारी की तैनाती की जाए, जो देखे कि रिपोर्ट में जो डेटा दिया जा रहा है वो कितना सही है। इसके बाद महीने में एक बार मंत्री स्तर पर समीक्षा की जाए और सभी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रस्तुत



की जाएं। मुख्यमंत्री ने वरासत, भू उपयोग जैसी सुविधाओं के निर्धारण में समय सीमा का पालन करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में फ्लैगशिप स्कीम्स की प्रगति को ट्रैक व मॉनिटर करने के लिए एक रैंकिंग प्रणाली विकसित की गई है। इसमें क्वालिटी और स्पीड पर ध्यान देना आवश्यक है। जिन विभागों और परियोजनाओं की क्वालिटी और स्पीड कमजोर हैए उसे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसमें भी हमारा प्रयास होना चाहिए कि ये सभी कैटेगरी परफॉर्मेंस बेस्ड हों तथा सबकी जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। बेहतर परफॉर्मेंस करने वाले विभागों के विषय में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें नंबर नहीं देखना हैए बल्कि हमारा फोकस क्वालिटी पर होना चाहिए। क्वालिटी और ट्रांसपेरेंसी दोनों आवश्यक है। उन्होंने एमएसएमई विभाग को निर्देश दिया कि ओडीओपी को आगे बढ़ाना होगा। देखना होगा कि क्या इसमें जनपदों के विशिष्ट फूड को भी जोड़ा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परफॉर्मेंस का जो डेटा विभाग देते हैं, उनकी रैंडम चेकिंग की जाए। मुख्य सचिव स्तर पर होने वाली समीक्षा बैठकों में टॉप-10 विभागों और योजनाओं पर चर्चा की जाए। जो विभाग ...शेष पृष्ठ 14 पर

## दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए 6,190 करोड़ मंजूर

### केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने जेएनपीए बंदरगाह को जोड़ने वाली परियोजना के लिए 4,500 करोड़ दिये

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। सरकार ने बुधवार को दो योजनाओं - राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम और राष्ट्रीय गोकुल मिशन- को संशोधित किया। इससे दूध उत्पादन, खरीद स्तर, प्रसंस्करण क्षमता, प्रयोगशाला परीक्षण सुविधाओं और अन्य संबंधित बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए कुल परिव्यय बढ़कर 6,190 करोड़ रुपये हो गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संशोधित राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी) और संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन (आरजीएम) को मंजूरी दे दी है। वहीं एक अन्य निर्णय में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 4,500 करोड़ रुपये के निवेश से महाराष्ट्र में



जेएनपीए बंदरगाह (पगोटे) को चौक से जोड़ने के लिए छह-लेन वाले 29.21 किलोमीटर लंबे द्रुतगामी राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण की मंजूरी दे दी। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, इस राजमार्ग परियोजना को 4,500.62 करोड़ रुपये की कुल लागत से बनाओ, चलाओ, हस्तांतरित करो (बीओटी) पद्धति पर विकसित किया जाएगा। वहीं केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 2,000 रुपये से कम मूल्य के यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए करीब 1,500 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना को बुधवार को मंजूरी दी। इस योजना के तहत सरकार किसी व्यक्ति द्वारा व्यापारी को किए गए 2,000 रुपये से कम के भुगतान पर एमडीआर (मर्चेंट डिस्काउंट रेट) व्यय वहन करेगी। बयान में कहा गया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज वित्त वर्ष 2024-25 के लिए व्यक्ति से व्यापारी (पी2एम) तक कम मूल्य के भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी। एक सरकारी बयान में कहा गया है, संशोधित एनपीडीडी, एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना, को अतिरिक्त 1,000 करोड़ रुपये के साथ बढ़ाया गया है, जिससे 15वें वित्त आयोग चक्र (वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2025-26) की अवधि ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### जर्मन शेफर्ड कुत्ते के हमले में महिला की मौत

कानपुर। जिले के रावतपुर इलाके में एक बुजुर्ग महिला पर उसी के पालतू कुत्ते जर्मन शेफर्ड ने हमला कर दिया, जिससे महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। कुत्ते ने पिछले शुक्रवार को 90 वर्षीय मोहिनी त्रिवेदी पर हमला किया था। यह मामला बुधवार को तब प्रकाश में आया जब कुत्ते के मालिक मैकेनिकल इंजीनियर धीर प्रशांत त्रिवेदी ने कानपुर नगर निगम के पशु चिकित्सा विभाग को एक आवेदन प्रस्तुत किया। इस आवेदन में उन्होंने कुत्ते को परिवार को सौंपने की अनुमति मांगी है। पुलिस उपायुक्त आरती सिंह ने पुष्टि की कि रावतपुर में बुजुर्ग महिला मोहिनी त्रिवेदी पर उनके ही जर्मन शेफर्ड ने हमला किया था।

### आयुर्वेद घोटाले में डॉक्टर को तीन साल की सजा

लखनऊ। चर्चित आयुर्वेद घोटाले के मामले में दोषी ठहराए गए बांदा के तत्कालीन आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सक डॉ रमेश चंद्र शर्मा को आयुर्वेद घोटाले के विशेष न्यायाधीश रोहित सिंह ने 3 वर्ष के कठोर कारावास एवं एक लाख रुपए के जुमार्ने की सजा सुनाई है। सीबीआई की ओर अदालत को बताया गया कि तत्कालीन निर्देशक आयुर्वेद एवं यूनानी सेवाएं डॉ शिव राज सिंह ने वर्ष 1995- 1996 में भिन्न-भिन्न जनपदों के आयुर्वेद एवं यूनानी सेवा से संबंधित कार्यालयों के लिए मशीनों एवं चिकित्सीय संसाधनों ...शेष पृष्ठ 14 पर


# नौ माह बाद धरती पर लौटीं सुनीता विलियम्स

### फ्लोरिडा पैनहैंडल के तेलाहासे जलक्षेत्र में उतरा स्पेसएक्स यान, पूरे विश्व ने दीं शुभकामनाएं

**एजेंसी**

केप केनवेरल। नासा के अंतरिक्षयात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर नौ महीने अंतरिक्ष में रहने के बाद भारतीय समयानुसार बुधवार तड़के पृथ्वी पर लौट आए। अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर स्पेसएक्स यान के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से प्रस्थान करने के कुछ ही घंटों बाद इसे फ्लोरिडा पैनहैंडल के तेलाहासे जलक्षेत्र में उतारा गया। एक घंटे के भीतर ही अंतरिक्षयात्री अपने यान से बाहर आ गए। उन्होंने कैमरों की ओर देखकर हाथ हिलाए और मुस्कुराए। उन्हें चिकित्सा जांच के लिए स्ट्रेचर पर ले जाया गया।

दोनों अंतरिक्षयात्री नौ महीने पहले बोइंग की एक परीक्षण उड़ान के जरिये अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे थे। दोनों अंतरिक्षयात्री पांच जून 2024 को बोइंग के नए स्टारलाइनर क्रू यान में सवार होकर अंतरिक्ष में गए थे और उनके एक सप्ताह बाद ही लौटने की उम्मीद थी। अंतरिक्ष स्टेशन के रास्ते में इतनी सारी समस्याएं आईं कि नासा को



अंततः स्टारलाइनर को खाली वापस धरती पर लाना पड़ा और अंतरिक्ष यात्रियों की घर वापसी में देरी हुई। रविवार को अंतरिक्ष स्टेशन में अन्य अंतरिक्षयात्रियों के पहुंचने से स्पष्ट हो गया था कि अब विलियम्स और विल्मोर की वापसी का रास्ता साफ है। विलियम्स और विल्मोर नासा के निक हेग और रूस के अलेक्जेंडर गोरबुनोव के साथ वापस लौटे। विल्मोर और विलियम्स ने अंतरिक्ष में 286 दिन बिताए। उन्होंने पृथ्वी की 4,576 बार



परिक्रमा की और स्पलैशडाउन (यान के उतरने) के समय तक 12 करोड़ 10 लाख मील की यात्रा की।

कैलिफोर्निया में स्पेसएक्स मिशन कंट्रोल ने रेडियो पर कहा स्पेसएक्स की ओर से आपका घर वापसी पर स्वागत है। हेग ने कहा क्या यात्रा थी। मैंने कैप्सूल में प्रसन्नता का नजारा देखा। कैप्सूल रूपी यान जब जलक्षेत्र में उतरा तो डॉल्फिन इसके चारों ओर चक्कर लगाने लगीं और इस बीच गोताखोरों ने कैप्सूल को रिकवरी शिप पर चढ़ाने की तैयारी की। कैप्सूल को रिकवरी शिप पर चढ़ाए जाने के बाद इसके किनारों को खोला गया और अंतरिक्ष यात्रियों को एक के बाद एक सहारा देकर उतारा गया। विल्मोर और विलियम्स के ...शेष पृष्ठ 14 पर



स्वागत है, क्रू9 पृथ्वी पर आपकी कमी महसूस की गई। यह धैर्य, साहस व असीम मानवीय भावना की परीक्षा थी। सुनीता विलियम्स और क्रू9 अंतरिक्ष यात्रियों ने एक बार फिर हमें दिखाया कि दृढ़ता का असली मतलब क्या है। विशाल अज्ञात के सामने उनका अडिग दृढ़ संकल्प लाखों लोगों को प्रेरित करेगा।



अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स के सुरक्षित पृथ्वी पर लौटने पर उन्हें बधाई दी। अंतरिक्ष यात्रियों, को इसके लिए हार्दिक बधाई स्वीकार हो। उन्होंने कहा कि मानवीय भावना, साहस, प्रतिबद्धता का एक शानदार प्रमाण है। इससे लगभग 1.4 बिलियन भारतीयों का सीना अपार गर्व से भरा हुआ है।

## नागपुर हिंसा का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

### विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहा था एमडीपी नेता फहीम खान

**एजेंसी**

नागपुर। महाराष्ट्र में नागपुर पुलिस थाने के बाहर सोमवार को एक विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व करने के आरोप में माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता फहीम खान को गिरफ्तार किया गया है। हिंसा के बाद स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन शहर के कई संवेदनशील इलाकों में कर्फ्यू जारी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उक्त प्रदर्शन के बाद क्षेत्र में हिंसा भड़क गई थी। यह प्रदर्शन विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के कार्यकर्ताओं के औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर किए गए प्रदर्शन के बाद हुआ था। बुधवार को एक अधिकारी ने बताया कि खान का नाम अब तक दर्ज की गई छह प्राथमिकी में से एक में है,



साथ ही 50 अन्य लोगों के नाम भी हिंसक झड़पों के सिलसिले में दर्ज हैं, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हुए थे। अधिकारी के मुताबिक, पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि खान की दंगे भड़काने में कोई भूमिका थी या नहीं। प्राथमिकी में कहा गया है कि खान के नेतृत्व में 50 से 60 लोगों का एक समूह सोमवार को गणेशपेठ पुलिस थाने के बाहर अवैध रूप से इकट्ठा हुआ और पुलिस को विश्व हिंदू परिषद के विरोध-प्रदर्शन के खिलाफ एक ज्ञापन सौंपा। अधिकारी के अनुसार, इसके बाद खान और ...शेष पृष्ठ 14 पर

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में तीन अप्रैल को सुनवाई

प्रयागराज। मथुरा जिले में स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने दाखिल अर्जी पर मंगलवार को आपत्तियां आमंत्रित करते हुए मामले की सुनवाई की अगली तारीख तीन अप्रैल तय की।

यह अर्जी हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल की गई है जिसमें सभी की ओर से प्रतिनिधि की क्षमता में मुकदमा लड़ने की अनुमति मांगी गई है क्योंकि इस मामले में हिंदू पक्ष की ओर से 18 वाद दाखिल हैं और हर वाद में कई वादी हैं। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की पीठ कर रही है। अदालत ने हिंदू पक्ष की ओर से दायर एक अन्य आवेदन पर मुस्लिम पक्ष को आपत्ति दाखिल करने का समय दिया। इस आवेदन में प्रार्थना की गई है कि शाही ईदगाह ...शेष पृष्ठ 14 पर

## धामी ने की सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

### जन समस्याओं का त्वरित समाधान हमारी जिम्मेदारी : सीएम

**प्रमुख संवाददाता**

देहरादून। सीएम हेल्पलाइन 1905 में समय पर समस्याओं का निवारण न करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। जिन अधिकारियों के स्तर पर अधिक शिकायतें लंबित हैं, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए और लापरवाही बरते जाने की स्थिति में सख्त कार्रवाई भी की जाये। सभी विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि कार्मिकों की सेवानिवृत्ति के बाद एक माह के अंदर उनके सभी देयकों का भुगतान हो जाये। ये निर्देश मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली से सीएम हेल्पलाइन 1905 की वर्चुअल समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जन मानस की है। जन समस्याओं का



त्वरित समाधान करना हमारी जिम्मेदारी है। राजस्व विभाग, वन विभाग और शिक्षा विभाग में जन शिकायतों के समाधान में हो रही लेट लतीफी पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिये कि अधिक समय तक लंबित प्रकरणों के मामले में संबंधित अधिकारियों का स्पष्टीकरण लिया जाए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये है कि राजस्व विभाग से सबंधित सभी मामलों की नियमित मॉनिटरिंग की जाये। जिन क्षेत्रों में अधिक शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, उसका कारण जानने के साथ ही उचित समाधान के लिए आगे की योजना बनाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं। उन्होंने कहा कि सभी सुनिश्चित करें कि जिन समस्याओं का समाधान जिस स्तर पर हो सकता हैं, वहीं समाधान किया जाए। अनावश्यक रूप से शिकायत उच्च स्तर पर आने पर उन अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाये, जो अपने स्तर पर समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में ...शेष पृष्ठ 14 पर

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:27 | 4:38 | 6:17 | 4:51 |



### आज का मौसम

अधिकतम : 34.06 डिसे.
न्यूनतम : 20.04 डिसे.

### भीतर पढ़ें


- बच्चों का भविष्य संवार रही योगी सरकार (पृष्ठ-02)
- 57.70 लाख मीट्रिक टन हुई धान की खरीद (पृष्ठ-02)
- सोना 700 चढ़कर 91,950 रुपये पर पहुंचा (पृष्ठ-14)
- निवेशकों की संपत्ति 13.82 लाख करोड़ बढ़ी (पृष्ठ-14)
- जोखिमों से निपटने में सक्षम बनें शहरी सहकारी बैंक (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** वर्ष के अंत में महिला रोबोट व्योममित्र के जरिये शुरू होगी यात्रा : केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह

# गगनयान को अंतरिक्ष भेजने की तैयारी पूरी

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बुधवार को कहा कि गगनयान को अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी लगभग हो चुकी है और इसकी आखिरी परीक्षण उड़ान के तहत इस वर्ष के अंत में महिला रोबोट व्योममित्र अंतरिक्ष में जाएगी।

प्रधानमंत्री कार्यालय, अंतरिक्ष विभाग के राज्य मंत्री सिंह ने लोकसभा में अंतरिक्ष संबंधी पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह भी कहा कि भारत के पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान के लिए चुने गए चार अंतरिक्षयात्रियों को सार्वजनिक चमक-दमक से दूर रखा गया था ताकि किसी तरह ध्यान नहीं भटके क्योंकि वे कुछ प्रशिक्षण कार्यक्रमों से गुजर रहे थे। उन्होंने कहा गगनयान को भेजने की तैयारी लगभग हो चुकी है। आखिरी परीक्षण उड़ान, जो एक प्रकार का ड्रेस रिहर्सल होगा, के तहत महिला रोबोट व्योममित्र इस साल के आखिर में अंतरिक्ष में जाएगी और सुरक्षित तरीके से लौटेगी। सारी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद गगनयान अंतरिक्ष में जाएगा। उन्होंने शिवसेना के धैर्यशील माने के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि आज सुखद संयोग है कि प्रश्नकाल का पहला प्रश्न अंतरिक्ष से



संबंधित है और आज तड़के ही अंतरिक्षयात्री सुनीता विलियम्स धरती पर लौटी हैं। सिंह ने गगनयान के अंतरिक्षयात्रियों को जनता की नजरों से दूर रखे जाने के कांग्रेस की आर सुधा के पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा यह विचार था कि मीडिया और जनता के बीच अधिक प्रचार होने से ध्यान भटक सकता है जो सभी के हित में नहीं होगा।

मिशन के लिए ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, अंगद प्रताप, अजीत कृष्णन और शुभांशु शुक्ला का चयन किया गया है। केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि इन चारों अंतरिक्षयात्रियों में से शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा में अन्य देशों के अंतरिक्षयात्रियों के साथ जाएंगे। सिंह ने कहा, इनमें एक विंग कमांडर शुक्ला हैं जो अब ग्रुप कैप्टन शुक्ला हैं। इसलिए उनका नाम थोड़ा व्यापक रूप से पहचाना गया। जितेंद्र सिंह ने चंद्रयान-4 के संदर्भ में बताया कि यह मूलतः चंद्रमा से नमूने लाने के लिए है, लेकिन वो उन सभी प्रक्रियाओं को अंजाम देगा जो आने वाले मिशन के लिए अनिवार्य रहेंगी। उन्होंने कहा कि चंद्रयान से आगे के सभी मिशन के लिए अनुभव मिलेगा और इसमें डॉकिंग तथा अनडॉकिंग के अनुभव भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि 2027 में चंद्रयान-4, 2028 में शुक्र ग्रह पर अंतरिक्ष यान भेजने के लिए वीनस मिशन भेजा जाएगा, 2035 में भारत अंतरिक्ष स्टेशन खोला जाएगा और 2040 में भारतीय मूल का व्यक्ति चांद की धरती पर उतरेगा।

## पाकिस्तान को खुफिया जानकारी देने वाला कानुपर में गिरफ्तार

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कानपुर की गोपनीय सूचनाएं सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी को भेजने वाले आरोपी कुमार विकास को यूपी एटीएस नें कानपुर से गिरफ्तार किया है।कुमार विकास कानपुर ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में जूनियर वर्क्स मैनेजर के पद पर तैनात है।

> ❍ एटीएस ने किया खुलासा, पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा को भेजता था गोपनीय सूचनाएं

एटीएस के मुताबिक बीती तेरह मार्च को ऑर्डिनेंस फैक्ट्री हजरतपुर फिरोजाबाद में कार्यरत रविन्द्र कुमार को एटीएस उत्तर प्रदेश नें गिरफ्तार था। रविंद्र कुमार कथित पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा के साथ षड्यंत्र कर ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की गोपनीय एवं महत्वपूर्ण संवेदनशील सूचनायें दस्तावेज साझा करता था। इसी क्रम में एटीएस उत्तर प्रदेश को जानकारी मिली थी कि कथित पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा से ऑर्डिनेंस फैक्ट्री, कानपुर में कार्यरत कुमार विकास भी जुड़ा है और ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की गोपनीय सूचनायें व दस्तावेज वाट्सएप के जरिए कथित पाकिस्तानी एजेंट को उपलब्ध करा रहा है।जानकारी की गहनता से जाँच करने के बाद एटीएस को पता चला कि कुमार विकास निवासी-ग्राम ...शेष पृष्ठ 14 पर

# आंगनबाड़ी केंद्र से बच्चों का भविष्य संवार रही योगी सरकार

## प्रदेश के हर ग्राम पंचायतों में बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र, अब तक 19 हजार आंगनबाड़ी केंद्र तैयार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में ग्रामीण विकास और सामाजिक कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। मनरेगा योजना के तहत बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग और पंचायती

- **आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों के लिए एक समग्र विकास केंद्र के रूप में किया जा रहा विकसित**
- **योगी सरकार के 8 वर्षों में ग्रामीण विकास की दिशा में क्रांतिकारी पहल**

राज विभाग के अभिषरण से प्रदेश के गांवों में आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण तेजी से हो रहा है। यह पहल राज्य में कुपोषण को दूर करने, महिला एवं बाल विकास को सशक्त बनाने और ग्रामीण स्तर पर मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रदेश सरकार के 8 वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश के बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण से न केवल बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और पोषण की व्यवस्था सुनिश्चित हो रही है, बल्कि यह महिला सशक्तीकरण को भी बढ़ावा दे रहा है। गांवों में गुणवत्तापूर्ण आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कर बच्चों के लिए सुरक्षित और अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है।

ग्राम्य विकास विभाग के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2018-19 से अब तक मनरेगा योजना के तहत 19,000 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण पूरा हो चुका है। सरकार की प्रतिबद्धता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 3,020 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि 9,448 केंद्र निमार्णाधीन हैं।

योगी सरकार के इस पहल से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के पोषण और शिक्षा को बढ़ावा मिला है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। निर्माण कार्यों में श्रमिकों को मनरेगा के तहत रोजगार दिया जा रहा हैए जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति मिल रही है। आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण में सरकार ने गुणवत्ता और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी आंगनबाड़ी केंद्र नेशनल हाईवे के किनारे न बने, जिससे बच्चों की सुरक्षा बनी रहे। केंद्रों के निर्माण में पर्यावरणीय और संरचनात्मक मानकों का पालन किया जा रहा है, जिससे ये सुविधाएं लंबे समय तक उपयोगी बनी रहें। इसके




अलावा, केंद्रों में बच्चों के खेलने की सुविधाएं, शौचालय और स्वच्छ पेयजल जैसी बुनियादी जरूरतों का भी समुचित ध्यान रखा जा रहा है। इस प्रकार, आंगनबाड़ी केंद्रों को केवल भवन के रूप में नहीं, बल्कि एक समग्र विकास केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। सरकार ने इस योजना के तहत अब तक 12,865.58 लाख रुपये खर्च किए हैं, जिससे निर्माण कार्यों को गति मिली है। यह निवेश भविष्य में प्रदेश के लाखों बच्चों और माताओं के जीवन को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा। बता दें कि मनरेगा कन्वर्जेंस के तहत बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग और पंचायती राज विभाग के सहयोग से ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है।

योगी सरकार की की मंशानुरूप प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण स्तर पर कुपोषण और अशिक्षा को दूर किया जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश में ग्रामीण विकास को अभूतपूर्व गति मिली है। गांवों में सड़क, बिजली, पेयजल, स्वच्छता और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण सरकार की दूरदर्शिता और सामाजिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। योगी सरकार की योजनाओं से गांवों में कुपोषण और शिशु मृत्यु दर में कमी आई है। महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य एवं पोषण की बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़े हैं। इसके साथ-साथ ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूती मिली है। आंगनबाड़ी केंद्रों का विस्तार केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि ग्रामीण सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। ये केंद्र न केवल बच्चों की पोषण और शिक्षा आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं, बल्कि गांवों की महिलाओं को भी स्वरोजगार और स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास के इस मॉडल को आगे बढ़ाने के लिए कृतसंकल्प है। आने वाले वर्षों मेंए प्रत्येक ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना कर एक सशक्त और समृद्ध ग्रामीण उत्तर प्रदेश के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

**आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण की वर्षवार प्रगति**

| | |
|---|---|
| 2018-19 | 3,866 केंद्र |
| 2019-20 | 2,015 केंद्र |
| 2020-21 | 4,042 केंद्र |
| 2021-22 | 1,871 केंद्र |
| 2022-23 | 2,332 केंद्र |
| 2023-24 | 1,981 केंद्र |
| 2024-25 (अब तक) | 3,020 केंद्र |

# 559.19 वर्ग किमी बढ़ा यूपी का वनाच्छादन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में वन क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। यूपी के वनावरण व वनाच्छादन में करीब 559.19 वर्ग किमी की वृद्धि हुई है। एक बयान में इसकी जानकारी दी गयी है।

भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर) 2023 के हवाले से जारी बयान में कहा गया है कि पेड़

- **भारतीय वन स्थिति रिपोर्ट के मुताबिक, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने किये कई बड़े कार्य**

लगाओ, पेड़ बचाओ जनअभियान-2024 के तहत यूपी में 36.80 करोड़ पौधा रोपण हुआ। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन



विभाग ने कई बड़े-बड़े कार्य भी किए। वन विभाग में पारदर्शिता के आधार पर युवाओं को नियुक्ति दी गई। इसमें कहा गया है कि यूपी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में 204 करोड़ से अधिक पौधरोपण किया गया है। इसके अनुसार पिछले साल 36.80 करोड़ पौधे का रोपण कर उत्तर प्रदेश ने नया रिकॉर्ड स्थापित किया। भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर) 2023 के मुताबिक उत्तर प्रदेश का वनाच्छादन 559.19 वर्ग किमी बढ़ा है। छत्तीसगढ़ को छोड़कर सभी राज्य उत्तर प्रदेश से पीछे हैं।

# 798731 किसानों से 57.70 लाख मीट्रिक टन हुई धान खरीद

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत प्रदेश में 4372 क्रय केन्द्रों पर 798731 किसानों से 57.70 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई जो कि लक्ष्य का 82.44 प्रतिशत है तथा किसानों को 13366.19 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। गतवर्ष से इस वर्ष 3.90 लाख मीट्रिक टन अधिक खरीद हुई है।

राज्यमंत्री, खाद्य एवं रसद सतीश चन्द्र शर्मा ने बुधवार को विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में अपर आयुक्त विपणन ने बताया रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2475 रुपये प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है, जो गतवर्ष से 150 रुपये प्रति कुन्तल अधिक है। 17 मार्च से गेहूं की खरीद प्रारम्भ है। कृषकों की सुविधा के लिए इस वर्ष 6500 गेहूं क्रय केन्द्र खोले जाने हैं। अब तक 5730 क्रय केन्द्र स्थापित किये जा चुके हैं। इस वर्ष खाद्य विभाग की विपणन शाखा, पीसीएफ, यूपीपीसीयू, यूपीएसएस, मण्डी परिषद, नैफेड, एनसीसीएफ एवं भारतीय खाद्य निगम क्रय एजेन्सी नामित की गयी हैं। इसके अतिरिक्त पंजीकृत सहकारी



समितियां, मल्टीसेक्टोरल, मल्टीस्टेट कोआपरेटिव सोसाइटी, एफपीओ/एफपीसी के माध्यम से भी खरीद की जायेगी। इस वर्ष पजीकरण/नवीनीकरण की व्यवस्था का अत्यन्त सरलीकरण कर दिया गया है, जिसके फलस्वरूप 17 मार्च तक 2,66,094 किसानों द्वारा पंजीकरण/नवीनीकरण कराया जा चुका है, जो गतवर्ष इस तिथि तक हुये पंजीकरण का दोगुना है। किसानों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश के समस्त क्रय केन्द्र स्थानीय, साप्ताहिक एवं सार्वजनिक अवकाशो सहित प्रतिदिन खुले रहेंगे। प्रदेश के समस्त क्रय केन्द्र प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक खुले रहेंगे। किसानो के आधार लिंक्ड बैंक खाते में 48 घण्टे के अन्दर भुगतान की व्यवस्था की गयी है। किसान के स्वयं उपस्थित न होने की स्थिति में नॉमिनी के माध्यम से खरीद की व्यवस्था की गयी है। कृषकों की सुविधा के लिए बटाईदार के माध्यम से भी गेहूं खरीद की व्यवस्था की गयी है। मोबाइल क्रय केन्द्रों के माध्यम से भी गेहूं खरीद किये जाने की व्यवस्था रहेगी। जनपदों में उन गांवों के किसानों का चिन्हांकन किया जा रहा है जो गेहूँ विक्रय करने के लिए इच्छुक हैं। क्रय केन्द्रों पर निःशुल्क पंजीकरण की सुविधा, क्रय केन्द्रों पर किसानों के बैठने, छाया व पीने के पानी एवं खाने के लिए गुड़ इत्यादि की व्यवस्था रहेगी। खरीद के उपरान्त छनाई, सफाई व उतराई में किया गया व्यय अधिकतम 20 रुपये प्रति कुन्तल की दर से एमएसपी के अतिरिक्त किसानों के बैंक खाते में कराया जायेगा। कृषक जनपद के औसत अनुमानित उत्पादकता के 300 प्रतिशत तक गेहूँ विक्रय कर सकते हैं। 100 कुन्तल तक की गेहूँ की मात्रा सत्यापन से मुक्त रहेगी।

# फिल्में आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व को दर्शाने का बेहतर माध्यम : जयवीर सिंह

## गोरखपुर में 20 से 22 मार्च तक होगा धर्म और अध्यात्म पर फिल्मोत्सव का आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के गोरखपुर में धर्म और अध्यात्म पर अंतरराष्ट्रीय फिल्मोत्सव (आईएफएफआरएस) का भव्य आयोजन होने जा रहा है। 20 से 22 मार्च तक योगीराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित महोत्सव में मानवता और दिव्यता के संबंध दर्शाने वाली फिल्मों का प्रदर्शन होगा। यह फिल्मोत्सव उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से प्रायोजित और इंडियन इंफोटेनमेंट मीडिया कॉर्पोरेशन (आईआईएमसी) द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें चर्चित फिल्म निर्माता, निर्देशक, विद्वान और सिने प्रेमी आदि शामिल होंगे। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध फिल्म निर्माता, निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री होंगे, उनके साथ जूरी के सदस्य भी मौजूद रहेंगे। गोरखपुर के सांसद और फिल्म अभिनेता रवि किशन और प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक मधुर भंडारकर फिल्मोत्सव के दौरान कुछ विशेष प्रस्तुतियों में भाग लेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन शेड्स ऑफ उत्तर प्रदेश की स्क्रीनिंग से होगा, जिसके बाद वाराणसी द सिटी ऑफ निर्वाण का प्रदर्शन होगा। तीन दिवसीय फिल्म समारोह सिने प्रेमियों के अनुभव को खास बनाएगी। इस महोत्सव में आगंतुकों के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा, ताकि दर्शक धर्म और आध्यात्मिकता पर केंद्रित प्रतिष्ठित फिल्मों, डॉक्यूमेंट्री और शॉर्ट फिल्मों का आनंद ले सकेंगे। धर्म और अध्यात्म पर अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के पहले दिन अघोरी, अमृत मंथन, दशावतार, बुद्ध सर्किट और अनटोल्ड हिस्ट्री काल भैरव जैसी फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। दूसरे दिन प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक, निर्माता और लेखक विवेक रंजन अग्निहोत्री फिल्म निर्माण पर मास्टर क्लास देंगे। इस दिन नैमिष, महाकुंभ और इंडियाज ग्रैंड फेस्टिवल दुर्गा पूजा जैसी फिल्मों का प्रदर्शन होगा। फिल्म महोत्सव के अंतिम दिन कास्टिंग डायरेक्टर और निर्माता पराग मेहता अभिनय कला पर मास्टर क्लास देंगे। इस दिन डिस्कवरी वाराणसी, मथुरा वृंदावन, ओवरऑल यूपी और यूपी होम ऑफ द ताज जैसी फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का समापन एक पुरस्कार समारोह के साथ होगा, जिसमें बेहतरीन फिल्मों को सम्मानित किया जाएगा। पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने अंतरराष्ट्रीय फिल्मोत्सव के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि फिल्मों से बेहतर कोई माध्यम नहीं है जो इन गहरे विषयों को दर्शा सके। हमारा विश्वास है, यह महोत्सव उत्तर प्रदेश की आध्यात्मिक विरासत को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगा।



# सात दारोगाओं के हाथ-पैर तुड़वाकर गड्ढे में फिकवाया : संजय निषाद

## जब कोई कानून का रक्षक ही भक्षक बन जायेगा तो अपनी रक्षा के लिए कुछ करना ही पड़ता है

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद ने सुल्तानपुर की सभा में यह कहकर सनसनी फैला दी कि उन्होंने सात दारोगाओं के हाथ-पैर तुड़वाकर गड्ढे में फिकवाया था। उनका यह बयान तेजी से वायरल हो रहा है। इसी को लेकर जब उनसे सवाल हुआ तो उन्होंने पूरी घटना ही बयां कर दी।

इसके पीछे के कारणों को भी बताया। संजय निषाद ने यह भी साफ किया कि हमें संविधान में आत्मरक्षा का अधिकार मिला है। जब कोई कानून का रक्षक ही भक्षक बन जाएगा तो अपनी रक्षा के लिए कुछ भी करना पड़ता ही है। जब जिंदा रहेंगे तभी संविधान की रक्षा कर सकेंगे और देश में संविधान लागू हो सकेगा। भारत समाचार से बातचीत में संजय निषाद ने कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी पार्टी की रीढ़ की हड्डी और दिल होते हैं। जब तक दिल चलता है आदमी जिंदा रहता है। अगर कार्यकर्ताओ को बिना मतलब फंसाया जाएगा, मुकदमे लगाए जाएंगे तो ऐसा करने वालों को याद दिलाया जाएगा कि संविधान में लिखा है कि आत्मरक्षा के लिए कुछ भी किया जाएगाा। कानून में भी यही है। संजय निषाद ने कहा




कि आंदोलन का अधिकार संविधान में सभी को मिला है। गांधी, आंबेडकर ने भी आंदोलन किया तभी इस देश को आजादी मिली है। संजय निषाद ने कहा कि यह घटना तब की है जब रेलवे की जमीन पर आंदोलन चल रहा था। हालांकि 7 जून की तारीख तो बताई लेकिन सन बताते समय कभी 2015 तो कभी 2016 कहा। उस समय प्रदेश में सपा की सरकार थी। संजय निषाद ने कहा कि आंदोलन को कोई रोकेगा और कानून का रक्षक ही भक्षक बन जाएगा तो आत्मरक्षा के लिए कुछ करना ही होगा। उन्होंने कहा कि उस समय दारोगा ने विधायक के कहने पर गोली चलाई थी। इससे निषाद समाज के हमारे भाई की मौत हो गई थी। पहले लाठी चलाई गई फिर गोली चला दी गई। आंसू गैस भी छोड़ा जा सकता था। संजय निषाद ने कहा कि कानून के रक्षक जब भक्षक हो गए तो हम लोगों को करना पड़ा था। कोर्ट ने भी माना था कि दारोगा ने गोली गलत चलाई थी। संजय निषाद ने कहा कि उस समय दारोगा, सिपाही, एसपी सभी यादव थे। उन पर विधायक का प्रभाव था। इसलिए पुलिस वालों को हाथ पैर तोड़ना पड़ा था। आत्मरक्षा में उस वक्त जो किया जा सकता था किया गया। केवल निषाद होने के नाते आंदोलन को इस तरह से कुचला गया और दारोगा ने गोली चलाई थी। जहां आंदोलन चल रहा था, वहां न सड़क चल रही थी न कुछ और था। रेलवे की जमीन थी। रेलवे तो केंद्र सरकार का मामला है। जमीन भी रेलवे की थी। उसमें पुलिस का क्या काम था। जो भी करना था आरपीएफ को करना चाहिए था। हमारा भाई मारा गया और उसके लिए हमारे लोगों को ही दोषी बना दिया गया। जो युवा उस समय किसी अन्य जिले में पढ़ाई कर रहा था उसे भी फंसा दिया गया। अन्याय दारोगा कर रहा था तो उसे सीखाना जरूरी था। कानून के रक्षक जब भक्षक बनेंगे तो क्या किया जाएगा। अब जब सुल्तानपुर में भी एक दारोगा ने गलत काम किया है तो वहां कहना पड़ा कि इस तरह की घटना पहले भी हो चुकी है। फिर से ऐसी घटना मत करना।

# दिव्यांगजन में होती है एक दिव्य शक्ति : नरेन्द्र कश्यप

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'दिव्यांगजन' शब्द को 'दिव्यांगजन' से प्रतिस्थापित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि हर दिव्यांगजन में एक दिव्य शक्ति होती है, जिसे पहचानने और सम्मान देने की जरूरत है। नरेन्द्र कश्यप बुधवार को राजकीय संकेत विद्यालय, मोहान रोड, लखनऊ में जिला

- **दिव्यांगजन सशक्तीकरण मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने दिव्यांगजनों को वितरित किये सहायक उपकरण**

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी दिनचर्या को सुगम करने के उद्देश्य से 686 विभिन्न सहायक उपकरणों का वितरण किया। जिसमें ट्राइ-साइकिल 124, व्हीलचेयर 20, बैसाखी 10 पेयर, श्रवण यंत्र 226, स्मार्टकेन 163, ब्रेलकिट 143 वितरित किए गए उपकरणों में ट्राईसाइकिल,



बैशाखी, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, स्मार्टकेन, ब्रेलकिट, वाकिंग स्टिक इत्यादि शामिल थे, जो दिव्यांगजनों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पिछले आठ वर्षों में सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। यह प्रगति न केवल राज्य के विकास को गति दे रही है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। मंत्री कश्यप ने योगी सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार ने दिव्यांगजनों के हितों को प्राथमिकता दी है। इसके लिए समय-समय पर संचालित योजनाओं के बजट में वृद्धि की गई है। इसका परिणाम यह हुआ है कि दिव्यांगजनों को शिक्षा, रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए प्रतिबद्ध है। उनकी यात्रा को सुगम बनाने के लिए निशुल्क सहायक उपकरण और कृत्रिम अंग प्रदान किए जा रहे हैं।

मंत्री कश्यप ने विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि दिव्यांग पेंशन के जरिए दिव्यांगजनों को आर्थिक सहायता दी जा रही है। दिव्यांग शादी पुरस्कार योजना के तहत विवाह करने वाले दिव्यांगजनों को प्रोत्साहन राशि दी जाती है। दुकान निर्माण एवं संचालन योजना स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए यह योजना शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य दिव्यांगजनों की छिपी शक्तियों को उजागर करना और उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करना है। दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के लिए प्रदेश में डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ जगतगुरु रामभद्राचार्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट दो प्रमुख विश्वविद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इन संस्थानों में दिव्यांग विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्रदान की जा रही है, ताकि वे अपने भविष्य को बेहतर ढंग से संवार सकें।

# खनिज ब्लॉक और अन्वेषण सम्भावना विषयक कार्यशाला कल

लखनऊ। प्रदेश के नीलामी योग्य प्रमुख खनिज ब्लॉक एवं अन्वेषण सम्भावनाओं विषयक कार्यशाला का आयोजन आगामी 21 मार्च को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में कराया जा रहा। कार्यशाला प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की जा रही है, जिसमें भारत सरकार, खान मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी भाग लेगे। यह कार्यशाला प्रदेश में खनिजों का अनुसंधान एवं विकास तथा सिद्ध हुये खनिज ब्लॉकों के आधार पर प्रदेश में उद्योग की स्थापना व रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित करायी जा रही है। कार्यशाला भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग द्वारा खान मंत्रालय, भारत सरकार व भारत सरकार के उपक्रम एमईसीएल के सहयोग से करायी जा रही है। इस कार्यशाला में प्रदेश में खोजे गये खनिज ब्लॉकों की व्यवसायिक उपयोगिता एवं प्रदेश में खनिज अन्वेषण की सम्भावनाओं पर विस्तृत प्रस्तुतिकरण व चर्चा की जायेगी।

# सीएम योगी आज गोंडा के दौरे पर स्टार्टअप प्रदर्शनी का करेंगे उद्घाटन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को गोंडा आ रहे हैं। मुख्यमंत्री दोपहर 12.10 बजे बहराइच के मिहीपुरवा से गोंडा रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचेंगे।

इसके बाद सीधे गोंडा मेडिकल कॉलेज में मुख्यमंत्री युवा योजना एवं युवा उद्यमियों के लिए स्टार्टअप की प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत देवीपाटन मंडल के गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती और बलरामपुर के कुल 1,282 लाभार्थियों को स्वरोजगार शुरू करने के लिए पांच लाख रुपये का ऋण दिया जाएगा। इस योजना के तहत लाभार्थियों को पांच लाख रुपये का चार साल के लिए ब्याज मुक्त लोन व एकमुश्त 10 प्रतिशत अनुदान के साथ ही नए उद्यम स्थापित करने के लिए



प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके बाद सर्किट हाउस में 25 मिनट रुकने के बाद दो बजे जिला पंचायत सभागार में करीब एक घंटे देवीपाटन मंडल के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगे। इस दौरान बहराइच, श्रावस्ती और बलरामपुर के जनप्रतिनिधि वर्चुअल माध्यम से सीएम की समीक्षा बैठक में प्रतिभाग करेंगे। इसको लेकर जिला प्रशासन की ओर से कलेक्ट्रेट परिसर से लेकर हेलीपैड व जिला पंचायत सभागार और मेडिकल कॉलेज में भव्य तैयारी की गई है।

# जानकीपुरम में एक करोड़ की लागत से संवरेगा खेल का मैदान

## सीलिंग के बाद भी निर्माण की शिकायत पर अभियंताओं को फटकार

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण में बुधवार को आयोजित जनता दर्शन में प्राधिकरण की अध्यक्ष व मण्डलायुक्त डॉ0 रोशन जैकब ने जन सामान्य की समस्याओं की सुनवाई की। इस मौके पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, सचिव विवेक श्रीवास्तव व अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा समेत अन्य अधिकारी व अभियंता गण उपस्थित रहे।

जन सुनवाई में पहुंचे ग्रेटर लखनऊ जनकल्याण महासमिति के पदाधिकारियों ने प्रार्थना पत्र दिया कि जानकीपुरम योजना के सेक्टर-जे में स्थित खेल मैदान वर्षों से अनदेखी का शिकार है। स्थल पर कुछ जगह पर अवैध कब्जे हैं और कूड़े-गंदगी का ढ़ेर लगा रहता है, जिसके चलते खेल मैदान पूरी तरह अनुपयोगी है। सम्बंधित अधिकारियों की ओर से अवगत कराया गया कि खेल मैदान का सर्वे कराया गया है। मैदान में सुविधाओं के उच्चीकरण व सौंदर्यीकरण में लगभग एक करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इस पर मण्डलायुक्त ने खेल मैदान से कब्जे व कूड़ा हटवाकर अवस्थापना निधि से सौंदर्यीकरण के कार्य करवाने के निर्देश दिये। अमीनाबाद निवासी अदनान अली ने प्रार्थना पत्र दिया कि मौलवीगंज के अस्तबल चारबाग में भूखण्ड संख्या-162/202 पर बिल्डर हुमा सईद की ओर से अवैध तरीके से छह मंजिला अपार्टमेंट का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एलडीए ने 22 जनवरी को निमार्णाधीन बिल्डिंग को सील करते हुए एफआईआर और बिजली काटने के लिए पत्र भी भेजा था। लेकिन, स्थानीय पुलिस व लेसा ने इस पर कोई कार्यवाही नहीं की और अब बिल्डर ने पुनः निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। इसी तरह श्रीश शुक्ला ने प्रार्थना पत्र दिया कि नजरबाग में भूखण्ड संख्या-105/254 पर बिल्डर जीशान की ओर से सीलिंग के बाद भी अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस पर मण्डलायुक्त ने प्रवर्तन के अभियंताओं को फटकार लगाते हुए निर्देश दिये कि नोटिस देने के बाद अगर बिल्डर की ओर से स्थल पर नये सिरे से निर्माण कार्य कराया जाता है तो नये निर्मित भाग को बिना आदेश के ही ध्वस्त कर दिया जाए।

### 31 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, 09 प्रकरणों का हुआ निस्तारण

जन सुनवाई में पहुंचे मोहम्मद अलम ने प्रार्थना पत्र दिया कि वह बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास संख्या-97/18 में परिवार के साथ रहते हैं। वहां पड़ोसियों की दबंगई व अव्यवहार के कारण बच्चों पर गलत प्रभाव पड़ रहा है, जिसके चलते वह भवन परिवर्तित कराना चाहते हैं। इस पर मण्डलायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को सर्वे कराकर भवन परिवर्तित कराने के निर्देश दिये। चुन्नीलाल ने प्रार्थना पत्र दिया कि वह गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-6 स्थित सुलभ आवास कालोनी के भवन संख्या-सी-2/34 में रहते हैं। भवन में सीलन की समस्या है, साथ ही छत का प्लास्टर भी गिर रहा है। इस पर उपाध्यक्ष ने सम्बंधित अवर अभियंता को तुरंत मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण कराने के निर्देश दिये। जिसके अनुपालन में एलडीए की टीम शिकायतकर्ता के साथ ही उनके आवास पर पहुंची और मरम्मत का कार्य शुरू करवा दिया। जनसुनवाई में कुल 31 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिनमें से 09 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं, शेष प्रकरणों में समय सीमा निर्धारित करते हुए सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये गये हैं।

### टॉवर से बीमार होने की शिकायत, हटाने के निर्देश

जनता दर्शन में खदरा के एक बुजुर्ग ने शिकायत दी कि वह टावर की वजह से बीमार हो गए। स्थानीय अरविंद इंटर कॉलेज के पास 600 वर्गफुट के एक मकान में भवन स्वामी ने अवैध रूप से दो मोबाइल टावर लगवा रखे हैं, जिससे वह और उनकी पत्नी बीमार हैं। एक साल पहले टावर हटाने का आदेश हुआ था मगर हटा नहीं। कई साल से अपनी जमीन का मुआवजा लेने के एलडीए के चक्कर काट रहे कानपुर रोड के कुलदीप मेहरा ने कहा जनता दर्शन में पहले भी फरियाद पर कर चुके हैं पर अब तक पैसा नहीं मिला है। अब फिर जनता दर्शन में आए।

# डबल डेकर से हेरिटेज टूर, महिलाओं को मिलेगी 50 प्रतिशत छूट



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में बुधवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के पारिजात सभागार में हेरिटेज परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम बटलर पैलेस व बटलर झील में कराये जा रहे सौंदर्यीकरण के कार्यों की समीक्षा की गयी। इसमें एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने अवगत कराया कि बटलर पैलेस का कार्य 85 प्रतिशत पूर्ण हो गया है। वर्तमान में ऊपरी मंजिल के कमरों में कार्य चल रहा है, जोकि 30 अप्रैल तक पूरा हो जाएगा। इसके अलावा बटलर झील का कार्य 95 प्रतिशत तक पूरा हो गया है। हॉर्टीकल्चर के कुछ कार्य अवशेष हैं, जिन्हें भी जल्द ही पूरा करा लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बटलर झील में डालीबाग एसटीपी से ट्रीटेड पानी लाया जाना है, जिसके लिए लगभग 750 मीटर लंबी कनेक्टर लाइन बिछायी जानी है। इस पर मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये कि एक सप्ताह के अंदर टेंडर स्वीकृत कराकर कार्य शुरू करवाया जाए। हजरतगंज व नाजा मार्केट में कराये जाने वाले फसाड व सौंदर्यीकरण के कार्यों के सम्बंध में मण्डलायुक्त ने सभी सम्बंधित विभागों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य कराने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर निगम व जलकल के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थानीय व्यापारियों की समस्या का समाधान कराते हुए सीवर व पानी के कनेक्शन का कार्य कराया जाए। उन्होंने कहा कि हजरतगंज के पुराने पटरी दुकानदारों को व्यवस्थित करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी नये सिरे से अतिक्रमण न होने पाये। निर्देश दिए कि वीकेंड पर हेरीटेज टूर डबल डेकर बस सेवा जल्द शुरू की जाए। इस सेवा के तहत सुबह के दौरे को लखनऊ दर्शन और शाम के दौरे को शाम-ए-अवध का नाम दिया जाए। एलडीए को निर्देशित किया कि इन टूर के रूट चार्ट जल्द तैयार किए जाएं ताकि स्थानीय जनता और पर्यटकों को ऐतिहासिक स्थलों का सहज रूप से भ्रमण कराया जा सके। मण्डलायुक्त ने इस पहल के तहत महिलाओं को किराए में 50 प्रतिशत की छूट देने के निर्देश भी दिए।

## मकान बनाना होगा महंगा, विकास शुल्क की दरें बढ़ायेगा एलडीए

लखनऊ। राजधानी में आगामी वित्तीय वर्ष से मकान बनाना महंगा हो सकता है। लखनऊ विकास प्राधिकरण विकास शुल्क की दरों में बढ़ोतरी करने जा रहा है। आयकर विभाग की लागत मुद्रा स्फीति सूचकांक की दरें पुनरीक्षित होने से विकास शुल्क की दर करीब 4.31 प्रतिशत तक बढ़ेंगी। एलडीए की आगामी 26 मार्च को प्रस्तावित बोर्ड बैठक में इससे सम्बंधित प्रस्ताव लाया जा रहा है। इसके साथ ही मानचित्र शुल्क की दरों में भी बदलाव किया जाएगा। नई दरें अगले वित्तीय वर्ष से लागू होंगी। इससे मकान बनाने के लिए नक्शा पास कराना महंगा हो जाएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण के जरिए विकसित की गई कालोनी अथवा ले आउट पास कालोनियों में भवन निर्माण के लिए प्राधिकरण से मानचित्र पास कराना अनिवार्य है। एलडीए से नक्शा पास कराने वालों को विभिन्न शुल्क देना होता है। नई संशोधित दरें एलडीए बोर्ड से मंजूर होने के बाद आगामी वित्तीय वर्ष से लागू होंगी। प्राधिकरण स्वतः मानचित्र सहित मानचित्र स्वीकृति के लिए जमा होने वाले विभिन्न शुल्क की दरें भी बढ़ाने जा रहा है। लखनऊ में वर्तमान में 2360 रुपये प्रति वर्ग मीटर विकास शुल्क की दरें हैं। एलडीए ने अब 2462 रुपये प्रति वर्ग मीटर किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया है। मुद्रा स्फीति सूचकांक वर्ष 2024-25 में बढ़ने से आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 2462 रुपये प्रति वर्ग मीटर विकास शुल्क की दर प्रस्तावित की गई है। वहीं शमन शुल्क की दरों को घटाने का प्रस्ताव है। अभी 100 वर्ग मीटर तक आवासीय भवन निर्माण के लिए 22.50 रुपये प्रति वर्ग मीटर, 300 वर्ग मीटर तक 33.50 रुपये तथा 300 वर्ग मीटर से अधिक के लिए 44.73 रुपये वर्ग मीटर शुल्क है। इससे पहले वर्ष 2010 में यह दरें 10 रुपये, 15 व 20 रुपये प्रति वर्ग मीटर निर्धारित थीं। अब नई प्रस्तावित दरों के अनुसार आवासीय निर्माण के लिए 5 रुपये प्रति वर्ग मीटर, व्यवसायिक के लिए 30 रुपये और ग्रुप हाउसिंग के लिए 15 रुपये प्रति वर्ग मीटर शुल्क वसूला तय किया गया है।

### वार्ड विकास निधि बढ़ेगी, 24 को पास होगा संशोधित बजट

लखनऊ। शहर के विकास के लिए 24 मार्च को नगर निगम का बजट पास होगा। महापौर और पार्षदों के बीच विवाद के चलते दो बार बैठक टल चुकी है। सात को बैठक में भाजपा के दस में से आठ व सपा के दो पार्षद नहीं पहुंचे थे। इससे बैठक नहीं हो सकी थी। पार्षदों की ओर से सफाई का बजट 800 करोड़ रुपये किए जाने पर वार्ड विकास प्राथमिकता निधि को तीन करोड़ रुपये किए जाने की मांग की जा रही है। इस बीच पार्षद दल के उपनेता की ओर से सदस्यों को बैठक में न उपस्थित होने पर नोटिस दी गई। बुधवार को महापौर की अध्यक्षता में नगर निगम प्रशासन की बैठक हुई। सूत्र बताते हैं कि पूर्व में प्रस्तावित बजट में संशोधन कर दिया गया है। अब सफाई का बजट कम कर दिया गया है जबकि पार्षद कोटे को डेढ़ करोड़ रु (जीएसटी अलग से) किए जाने की तैयारी है। सोमवार को होने वाली नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक का समय बदल दिया गया है।

# नगरों में विकास कार्यों के शिलापट्ट पर क्षेत्रीय विधायकों का होगा नाम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बुधवार को शहरी विकास को लेकर मंत्रियों को परामर्श देने के लिए गठित 16 सदस्यीय स्थानीय स्वशासन संबंधी स्थाई समिति की बैठक में समिति के सदस्यों को आश्वस्त किया कि उनके विधानसभा क्षेत्र की निकायों के विकास के लिए भेजे गए सुझाव पर अमल किया जाएगा। उनके भेजे गए प्रस्ताव पर भी विचार कर कार्ययोजना में शामिल कराया जाएगा। साथ ही नगरीय विकास कार्यों को लेकर लगाए जाने वाले शिलापट्ट पर भी क्षेत्रीय विधायकों के नाम का भी शामिल किया जाएगा।

मंत्री ने कहा नगर आयुक्त और अधिशासी अधिकारी अपने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से लगातार संपर्क में रहकर और उनसे फीडबैक लेकर निकायों में होने वाली समस्याओं को दूर करने तथा नागरिकों की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कार्य करेंगे। साथ ही नगरीय टैक्स को लेकर जनता के बीच फैली भ्रांतियों को भी दूर करेंगे। जनप्रतिनिधियों से संबंधित निकायों की समस्याओं का शीघ्र ही समाधान करेंगे। विकास कार्यों को गति देंगे, विधायकों के प्रस्ताव पर भी विचार कर उसे कार्य योजना में शामिल करायेंगे। विधायकों के सुझाव और निकायों में नवाचार कराने के कार्यों पर भी ध्यान देंगे। नगर विकास मंत्री एके शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को नगरीय निकाय निदेशालय में स्थानीय स्वशासन संबंधी स्थाई समिति की पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के सदस्यों ने नगरीय निकायों के विकास को लेकर अपने बहुमूल सुझाव दिए, जिसमें वित्तीय प्रबंधन, शहरों में दैनिक वर्कर्स के लिए अस्थाई आवास, सकरी गलियों वाले मुहल्लों की साफ सफाई व कूड़ा उठान, जल निकासी के लिए नाला निर्माण, एसटीपी, विद्युत शवदाह गृह, पशु शवदाह गृह, जलापूर्ति, नवसृजित/नवविस्तारित निकायों में टैक्स छूट आदि को लेकर सुझाव दिए गए, जिस पर नगर विकास मंत्री ने सभी सुझावों एवं नवाचार पर अमल करने का आश्वासन दिया। नगर विकास मंत्री ने कहा कि प्रदेश का पहला विद्युत शवदाह गृह गोरखपुर में बनाया जा रहा है। सभी जिला मुख्यालयों पर भी विद्युत शवदाह गृह बनाने की योजना है। निकायों में स्थित सभी पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों का विकास किया जा रहा है।

**तीन साल से लटकी राठ पेयजल योजना, लागत 150 करोड़ हुयी :** समिति की बैठक में विधायक राठ मनीषा ने कहा कि नगर पालिका परिषद राठ में वर्ष 2016 से 97 करोड़ रुपये की लागत से निमार्णाधीन राठ पेयजल योजना विगत तीन वर्षों से बंद पड़ी है। जिसकी लागत अब 150 करोड़ रुपये हो गयी है। लोगों को टैंकर के माध्यम से पानी पहुंचाया जाता है। साथ ही वाटर लागिंग की समस्या बनी हुई है। चिल्लूपार के विधायक राजेश त्रिपाठी ने निकायों में विकास कार्य समय से पूर्ण न होने का मामला उठाया। उन्होंने बडहलगंज में एसटीपी बनाने, गैस या बायोगैस आधारित संयंत्र बनाने की मांग रखी।

## राष्ट्रीय एमएसएमई पॉलिसी जल्द

लखनऊ। तीन दिवसीय बिल्ड भारत एक्सपो का शुभारम्भ एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने बुधवार को किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि जब तक देश में सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों का विकास नहीं होगा तब तक बड़े उद्योगों का भी विकास संभव नहीं है। इसको ध्यान में रखते हुए इस वर्ष 2025 -26 के बजट में एमएसएमई के उत्थान के लिए 25000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। देश से गरीबी मिटाने का इलाज भी सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों क विकास ही है।

# बिजली निजीकरण के खिलाफ लखनऊ में बना सेंट्रल कंट्रोल रूम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने लखनऊ में 9 अप्रैल को होने वाली विशाल रैली की तैयारी में प्रांत व्यापी दौरा प्रारंभ कर दिया है और जनपदों में बिजली पंचायत शुरू हो गई हैं। इस बीच संघर्ष समिति ने निर्णायक संघर्ष की तैयारी और 24 घण्टे मॉनिटरिंग के लिए लखनऊ में सेंट्रल कंट्रोल रूम बना दिया है।

कल देश के 10 बड़े राष्ट्रीय श्रम संघों ने बिजली वितरण के निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन का अपने प्रस्ताव में उल्लेख कर खुला समर्थन किया है। आज लगातार 112वें दिन बिजली कर्मियों का प्रान्त व्यापी विरोध प्रदर्शन जारी रहा। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कल दिल्ली में संपन्न हुए दस श्रम संघों के राष्ट्रीय सम्मेलन में पारित प्रस्ताव में विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन का उल्लेख कर इसका समर्थन किया गया है। दिल्ली में हुए सम्मेलन में पारित प्रस्ताव में कहा गया है डिस्कॉम को

- 9 अप्रैल को होने वाली है विशाल रैली

निजी खिलाड़ियों को सौंपे जाने के खिलाफ बिजली कर्मचारी लगातार आन्दोलन कर रहे हैं। राष्ट्रीय हित में रेलवे, कोयला खदान, बिजली, पेट्रोलियम, बैंक, बीमा के निजीकरण अभियान पर तत्काल रोक लगानी चाहिए। जिन राष्ट्रीय श्रम संघों ने बिजली के निजीकरण पर रोक लगाने की मांग की है और निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन का समर्थन किया है उनमें मुख्यतया इंटक, एटक, एचएमएस सीटू, एआईयूटीयूसी, टीयूसीसी, सेवा, एआईसीसीटीयू, एलपीएफ और यूटीयूसी सम्मिलित हैं। बुधवार को संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने रामपुर और मुरादाबाद में बिजली पंचायत की। मुरादाबाद की बिजली पंचायत में बिजनौर, संभल, अमरोहा, नजीबाबाद, चंदौसी और मुरादाबाद के बिजली कर्मी व आम उपभोक्ता सम्मिलित हुए। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया है कि बिजली के निजीकरण में बड़ा भ्रष्टाचार होने वाला है। उन्होंने कहा कि बिजली का निजीकरण करके आम उपभोक्ताओं और किसानों के लिए बिजली की दरों में बेतहाशा वृद्धि की जाने वाली है।

# अपराधियों में पुलिस का डर नहीं रह गया : अखिलेश

वरिष्ठ संवाददाता



लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं के साथ अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। महिलाएं, बहन, बेटियां असुरक्षित हैं।

उत्तर प्रदेश में हर दिन जिलों-जिलों में महिलाओं के साथ जघन्य घटनाएं हो रही हैं। कानून व्यवस्था बहुत खराब हो चुकी है। अपराधियों में पुलिस का डर नहीं रह गया है। प्रयागराज में एक बेटी की हत्या करके शव को पेड़ से लटकाकर जिन्होंने सीनाजोरी की है उनके खिलाफ कुछ कार्रवाई होगी क्या? उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा का मुद्दा सिर्फ भाजपाई नारों में सिमट कर रह गया है। प्रयागराज की ही तरह प्रदेश में महिलाओं के साथ अपराध, दुष्कर्म, छेड़खानी और हत्या की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। महिला सुरक्षा और अपराध पर भाजपा सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है। कानून व्यवस्था और अपराधों पर जीरो टॉलरेंस का राग अलापने वाली सरकार में महिला कर्मचारी और अधिकारी ही उत्पीड़न का शिकार हैं। वाराणसी में महिला डिप्टी जेलर की आपबीती बेहद गंभीर है। प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा चिंता का विषय बना हुआ है। अखिलेश यादव ने कहा सपा सरकार के शासनकाल में उत्तर प्रदेश में शुरू हुए महिला सुरक्षा के लिए समर्पित 1090 मॉडल को अब राजस्थान सरकार अपना रही है। आशा है इससे राजस्थान में नारी की सुरक्षा की एक प्रभावकारी और सार्थक व्यवस्था तैयार होगी। पीडीए के आंदोलन में आधी आबादी के रूप में स्त्री हमेशा महत्वपूर्ण रही है इसीलिए समाजवादी सरकार में हर बालिका, युवती और नारी में सुरक्षा के भाव और उनमें आत्मविश्वास का संचार करने के लिए ऐसे सुरक्षात्मक कदम उठाये गये थे। सकारात्मक काम, सकारात्मक राजनीति के लिए प्रेरणा बनते हैं, समाज को समर्पित सपा के कामों की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

### सुनीता विलियम्स की सकुशल वापसी पर जतायी खुशी

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अंतरिक्ष से सुनीता विलियम्स की सकुशल वापसी पर हार्दिक बधाई देते हुए स्वागत किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि अंतरिक्ष की उड़ान मनुष्य के ज्ञान-विज्ञान की उपलब्धि के साथ-साथ आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी सुदृढ़ आधार बनती है क्योंकि अंतरिक्ष की ऊंचाइयों से पृथ्वी को देखने से ये प्रतीत होता है कि जब वहां से हजारों मील फैले देशों में कोई अंतर नहीं दिखता है तो फिर उन भेदभाव का अस्तित्व ही क्या है जो मनुष्यों के बीच में होते हैं। अंतरिक्ष मानवीय सोच को भी सकारात्मक और सौहार्दपूर्ण बनाता है या यूं कहें कि अंतरिक्ष संकीर्णताओं को मिटाता है और इंसानी नजरिये और खयालात को भी अंतरिक्ष जैसा विस्तार देता है।

### आरटीओ कार्यालय के सामने सीएससी सेंटर खुलेगा

लखनऊ। आरटीओ कार्यालय के बाहर डीएल के लिए आवेदक आनलाईन कराने के लिए परेशान हो जाते है। ऐसे में अब कुछ दुकानदारो ने सीएससी सेंटर के लिए आवेदन कर दिया है। सीएससी सेंटर खुलने पर डीएल, गाड़ी फिटनेश, और गाड़ी ट्रांसफर करने की सुविधा आसानी से मिल सकेगी। ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ कार्यालय के बाहर बिना सीएससी सेंटर के ही कई दुकाने चलती मिली थी जिसको लेकर डीएम ने सख्त हिदायत दिया था कोई भी बाहरी व्यक्ति किसी भी आवेदक से ज्यादा पैसे की मांग करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई किया जायेगा। फिलहाल आवेदक अभी भी जाता है तो उसे आनलाईन करवाने के लिए किसी न किसी इंटरनेट कैफे का सहारा लेना पड़ता है। कैफे के संचालक आवेदको को पूरा फार्म भरने के बाद रसीद भी काट कर दे देते है।

# रफे-आम क्लब का होगा जीर्णोद्धार, सुंदरीकरण पर जोर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। शासन की मंशा के अनुरूप लखनऊ की ऐतिहासिक धरोहर रफे-आम क्लब को संरक्षित करने एवं उसके जीर्णोद्धार की दिशा में मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बुधवार को स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने पाया कि रफे-आम क्लब की ऐतिहासिक इमारत पूरी तरह से जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है और इसके आसपास के मैदान पर अवैध कब्जे किए गए हैं। उन्होंने इस पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए एलडीए उपाध्यक्ष को निर्देशित किया कि अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटवाने की कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि पूर्व से रह रहे केयरटेकर ने क्लब बिल्डिंग के अधिकांश कमरों पर कब्जा जमा रखा है। इस पर मण्डलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि केयरटेकर केवल एक कमरे का ही उपयोग कर सकता है और शेष सभी कमरे एलडीए को सौंपे जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि यदि केयरटेकर अनावश्यक कब्जा नहीं छोड़ता है, तो विधि-सम्मत कार्यवाही की जाए। मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने क्लब बिल्डिंग के सौंदर्यीकरण, उन्नयन एवं जीर्णोद्धार को लेकर अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूरे परिसर की सघन सफाई कराई जाए और आसपास के क्षेत्र को व्यवस्थित किया जाए। संरचनात्मक मजबूती सुनिश्चित करने के लिए मानकों के अनुरूप जीर्णोद्धार कार्य किया जाए, ताकि भवन की ऐतिहासिकता भी बनी रहे और सुरक्षा भी सुनिश्चित हो। बिल्डिंग की पुरानी स्थिति को ध्यान में रखते हुए सभी मरम्मत कार्य सुरक्षा के दृष्टिकोण से कराए जाएं, ताकि कोई दुर्घटना न हो। मण्डलायुक्त ने कहा कि शासन लखनऊ की ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, और रफे-आम क्लब के जीर्णोद्धार की दिशा में हर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और तय समयसीमा में कार्यों को पूर्ण किया जाए। लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने मण्डलायुक्त को आश्वस्त किया कि जल्द ही अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही शुरू की जाएगी और जीर्णोद्धार का कार्य प्राथमिकता पर लिया जाएगा।

## मोहान रोड योजना का जल्द होगा लोकार्पण

लखनऊ। एलडीए अपनी मोहान रोड योजना को अगले महीने लांच करने की तैयारी कर रहा है। इस सिलसिले में बुधवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के पारिजात सभागार में मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान योजना के शीघ्र लोकार्पण एवं प्लॉट आवंटन की प्रक्रिया को सुगम बनाने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि योजना से संबंधित सभी लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए। इसमें विशेष रूप से पुनर्ग्रहण की प्रक्रियाओं को जल्द से जल्द निपटाने पर जोर दिया गया। जिन भूखंडों पर स्ट्रक्चर, पेड़ अथवा अन्य निर्माण मौजूद हैं, उनके उचित मुआवजे के वितरण की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे प्लॉट आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ हो सके। उन्होंने कहा कि मोहान रोड योजना में जो भी अधिकृत भूमि प्राधिकरण के स्वामित्व में है, उसमें किसी प्रकार का अवैध रूप से स्ट्रक्चर न बनने दिया जाए। मोहान रोड योजना के तहत चार सेक्टरों में प्लॉटों की बिक्री की जानी है, जिससे नागरिकों को आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ शहर के नियोजित विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मोहन रोड आवासीय योजनाओं में सड़क नालियों को बनाने में जो पेड़ों से अवरुद्ध उत्पन्न हो रहा है। उनका सर्वे करा लिया जाए तथा डीएफओ से परमिशन लेकर पेड़ों की कटाई कराया जाए। यूटिलिटी वाले ही स्थान पर पेड़ की कटाई करें अनावश्यक रूप से एक भी पेड़ न काटे जाएं।

# गर्मी में सभी विभाग प्याऊ लगवायें: डीएम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। गर्मी दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में चौराहों पर साफ पानी पीने के लिए सरकारी विभाग को प्यायू लगवाने के लिए निर्देश दिया जायेगा। बजारो में भी पीने के लिए जगह-जगह पानी की व्यवस्था करने के लिए भी निर्देश दिया जायेगा। वर्तमान में डीएम और कुछ निजि संस्थानो के तहफ से प्यायू की व्यवस्था हर वर्ष किया जाता है। सरोजनीनगर, आलमबाग, चौक, गोमतीनगर सहित अन्य क्षेत्रों में गर्मी बढ़ते ही पानी के लिए लोग चौराहों पर इंतजार करते है। लेकिन साफ पानी नही मिल पाता है ऐसे में सबसे ज्यादा अन्य जिलो से आने वाले यात्रियों को पानी खरीद कर पीना पड़ता है। चारबाग बस स्टेशन पर बस्ती से आये रामभगत ने बताया कि ज्यादातर पानी की टोटी खराब है। ऐसे में यात्रियों को महंगा पानी खरीदकर पीना मजबूरी हो जाता है। परिवार के साथ है तो तीन चार बोतल पानी पी लिये है। ऐसे में निशुल्क पानी की व्यवस्था हो जाये तो यात्रियों को महंगा पानी नही खरीदा पड़ेगा। डीएम विशाखा जी ने कहा कि जल्द ही सभी सरकारी विभागो को निर्देश दिया जायेगा कि सभी कही न कही साफ पानी पीने की व्यवस्था किया जाये। जहां पर स्कूल और कालेज हो वहां पर भी साफ पानी की व्यवस्था किया जाये। जिससे बड़े बच्चे आसानी से साफ पानी निशुल्क पी सके। सरोजनीनगर के औद्योगिक क्षेत्र में भी मजदूर हो साफ पानी नही मिल पाता है। मजदूरो को साफ पानी मिले इसके लिए सभी तरह की व्यवस्था किया जाना चाहिए।

## माल क्षेत्र में बिजली गुल होने से जनजीवन अस्त व्यस्त रहा

लखनऊ। माल बिजली उपकेन्द्र के कुछ क्षेत्रों में बुधवार सुबह 8 बजे से बिजली गुल हो गई। ज्यादा देर तक बिजली नही आयी तो उपभोक्तओं ने जानकारी करने के लिए उपकेन्द्र पर फोन किया लेकिन कोई भी सही जानकारी नही मिल सकी। बिजली नही आने से लोगों को पीने के पानी की समस्या बढ़ गयी। साथ ही मोबाइलों की बैटरियां डाउन होने से अपने सगे संबंधियों से संपर्क नहीं कर सके। ग्रामीण क्षेत्र में उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली देने की योजना को लेसा के अधिकारी मनमाना कर रहे है। बिजली विभाग द्वारा 33000 लाईन फाल्ट बताकर उपभोक्ताओं को गुमराह किया जाता रहा। इसके अलावा बिजली कर्मचारी कहीं रात का बहाना बताते हैं तो कहीं दिन में आखिर इतनी व्यवस्था होने के बाद भी समय पर व्यवस्थाएं ठीक ना करके उपभोक्ताओं के आगे समस्याये खड़ी करते हैं।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

# ऑटो ड्राइवर ने महिला पैसेंजर को किडनैप कर उतारा मौत के घाट





- घर छोड़ने की जगह आम के बाग में दिया वारदात को अंजाम
- वाराणसी से इंटरव्यू देकर लखनऊ आई थी मृतका

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आम के बगीचे में 32 साल की महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। महिला वाराणसी में एक प्राइवेट कंपनी में इंटरव्यू देकर रोडवेज बस से लखनऊ आई थी। फिर रात में करीब ढाई बजे आलमबाग से ऑटो पर बैठकर भाई के घर चिनहट जा रही थी। इस बीच उसने घर वालों को अपने आने की सूचना देने के साथ अपनी लाइव लोकेशन भी भेज दी। अभी तक की जांच में सामने आया है कि ऑटो ड्राइवर ने अपने साथियों के साथ महिला को आधीरात को किडनैप किया। फिर उसे मलिहाबाद की तरफ ले गया। यहां हत्यारों ने सुनसान इलाके में उसको लूट कर मार डाला। हालांकि, महिला के कपड़े अस्त-व्यस्त होने की वजह से रेप के बाद हत्या की भी आशंका जताई जा रही है। पुलिस और फारेंसिक टीम ने मौके पर जांच कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से ही रेप और मौत की सही जानकारी मिल सकेगी। घटना का खुलासा करने के लिए आसपास सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

**ऑटो ड्राइवर पर शक हुआ, तो महिला ने भाभी को भेजी लोकेशन:** चिनहट में रहने वाले महिला के भाई ने बताया- मंगलवार को बहन वाराणसी से एग्जाम देकर मेरे घर आ रही थी। रात करीब डेढ़ बजे वह आलमबाग बस अड्डे पर बस से उतरी। यहां से चिनहट के लिए ऑटो लिया। यह बात उसने फोन कर अपनी भाभी को बता दी थी। मेरी पत्नी से बहन ने फोन पर बताया कि ऑटो ड्राइवर की गतिविधि संदिग्ध लग रही है। इस पर पत्नी ने कहा कि फोन करते रहना। इसके बाद बहन ने दोबारा फोन किया और बताया कि ऑटो वाला गलत रास्ते पर ले जा रहा है। बहन ने लोकेशन भी भेज दी। लोकेशन मलीहाबाद की तरफ दिखने पर जब मेरी पत्नी ने फोन किया तो चीख-पुकार की आवाज सुनाई दी। फिर फोन कट गया।

डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव का कहना है- घर वालों ने रात 3 बजे महिला के किडनैप होने की सूचना 112 पर दी। इसके बाद आलमबाग और मलीहाबाद पुलिस ने सर्च अभियान शुरू कर दिया। सुबह 5 बजे मोहम्मद नगर तालुकेदारी के पास आम के बाग में महिला का शव मिला। शव पेट के बल पड़ा था। पुलिस ने मौके पर फोरेंसिक टीम की मदद से सबूत इकट्ठा कर जांच शुरू कर दी है। क्राइम ब्रांच के साथ थाना पुलिस की टीम को लगाया गया है। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

**महिला का मोबाइल गायब, जेवर भी लूटे:** महिला के पति ने बताया- पत्नी ने बीएड किया था। वह नौकरी की तलाश कर रही थी। रविवार को इंटरव्यू देने वाराणसी गई थी। सोमवार को अपनी सहेली के घर रुकी। मंगलवार को इंटरव्यू दिया। अयोध्या की बस नहीं मिलने पर उसने लखनऊ की बस पकड़ ली। वहां अपने भाई के घर रात में रुक कर बुधवार शाम तक घर लौटने की बात कही थी। लेकिन, उसके आने से पहले मौत की खबर आ गई।

## दहेज हत्या में फरार चल रहे आरोपी को नोटिस

**लखनऊ।** दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे सीतापुर निवासी पति के घर बुधवार को गुडंबा पुलिस ने धारा 82 के तहत कुर्की की नोटिस चस्पा किया है। साथ ही न्यायालय में हाजिर होने के लिये 30 दिन का अल्टीमेटम भी दिया।

गुडम्बा थाना प्रभारी प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सीतापुर निवासी सतीश चंद्र ने अपनी बहन मीरा देवी की मौत पर 6 दिसंबर 2024 को सीतापुर के नंदपुर गांव निवासी सुनील कुमार पांडेय उर्फ यज्ञ प्रसाद पांडेय उर्फ जग्गा के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कराया था। मृतका खत्री चौकी क्षेत्र में पति के साथ रहती थी। केस की विवेचना एसीपी गाजीपुर कर रहे हैं। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद चार्जशीट न्यायालय में प्रस्तुत की गई। लेकिन आरोपी न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उसकी लोकेशन का पता लगाने का प्रयास किया। लेकिन सफलता नहीं मिली। न्यायालय के निर्देश पर गुडंबा थाने के उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह ने फरार आरोपी के घर पर नोटिस चस्पा किया। नोटिस में आरोपी को कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया गया है। यदि आरोपी कोर्ट में पेश नहीं होता है तो पुलिस जल्द ही उसकी संपत्ति की कुर्की की कार्रवाई करेगी।

## अनैतिक संबंध के शक में कर दी थी पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** नगराम पुलिस ने अनैतिक संबंध के शक में पत्नी की हत्या करने के आरोप में पति और उसके दोस्त को गिरफ्तार किया। आरोपितों ने हत्या करने के बाद सड़क हादसे में महिला की मौत होने की कहानी गढ़ी थी। महिला के सिर और शरीर के कई हिस्सों में चोट थी। जिसके आधार पर महिला के चाचा ने दामाद और उसके दोस्त के खिलाफ मंगलवार को हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। डीसीपी दक्षिण निपुण अग्रवाल ने बताया कि नगराम समेसी निवासी नाई तिलकराम और किसान राजेश प्रजापति को बुधवार सुबह अकंताखेड़ा से गिरफ्तार किया गया। आरोपितों के खिलाफ बाराबंकी लोनी कटरा निवासी राजाराम ने मंगलवार को हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पूछताछ में तिलकराम ने बताया कि रविवार रात वह पत्नी मालती को कुबहरा में मेला दिखाने के बहाने से लेकर गया था। रात 11 बजे वापस आते वक्त तिलकराम ने सड़क हादसे में मालती के घायल होने की सूचना चचेरे ससुर राजाराम को दी। अस्पताल पहुंचने पर राजाराम को भतीजी का शव मिला। तिलकराम से पूछने पर वह बयान बदलता रहा। राजाराम ने पुलिस को बताया था कि तिलकराम अक्सर मालती के साथ मारपीट करता था। इस आधार पर ही राजाराम ने भतीजी की हत्या किए जाने का शक जताते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

**दोस्त के साथ रची हत्या की साजिश:** एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बताया कि तिलकराम को पत्नी के अनैतिक संबंध होने का शक था। इसे लेकर पारिवारिक विवाद होता था। जिसके बाद ही तिलकराम ने पत्नी की हत्या करने का मन बना लिया। साजिश में दोस्त राजेश को शामिल किया। प्लान के मुताबिक रविवार की शाम सात बजे तिलकराम पत्नी मालती को मेला दिखाने के बहाने घर से निकला था। रात करीब 11 बजे वापस आते वक्त अकंताखेड़ा में तिलकराम ने बाइक रोक दी। इसके बाद दोस्त राजेश की मदद से पत्नी को लाठी से बुरी तरह से पीटा। गम्भीर रूप से घायल करने के बाद पुलिस और परिवार को सड़क हादसे में मालती के घायल होने की सूचना दी थी।

**छात्रा से दुराचार में ई-रिक्शा ड्राइवर गिरफ्तार:** कैंट पुलिस ने सातवीं की छात्रा से दुराचार करने वाले ई-रिक्शा ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ छात्रा की मां ने मुकदमा दर्ज कराया था। एसओ कैंट गुरप्रीत कौर के मुताबिक शारदानगर निवासी ई-रिक्शा ड्राइवर फरमान को निलमथा बाजार पुलिया के पास से पकड़ा गया। आरोपित ने सातवीं कक्षा की छात्रा से दोस्ती की थी। 15 मार्च की शाम फरमान ने फोन कर पीड़िता को मिलने के लिए बुलाया था। इसके बाद आरोपित छात्रा को शारदानगर स्थित अपने घर ले गया। जहां बंधक बना कर छात्रा से दुराचार किया। बदहवास हालत में घर लौटी पीड़िता ने मां और मौसी को आपबीती बताई थी। एसओ कैंट गुरप्रीत कौर ने बताया कि सर्विलांस की मदद से आरोपित को पकड़ा गया है।

## अस्पताल के ऊपर रेस्टोरेंट में चल रहा था हुक्का बार, दो धरे गये

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बालागंज स्थित मेडसिटी हॉस्पिटल बिल्डिंग में खुले आईकान रेस्टोरेंट में हुक्का बार पर मंगलवार रात ठाकुरगंज पुलिस ने छापा मारा। पुलिस को देखते ही भगदड़ मच गई। कई ग्राहक भाग गए। कर्मचारी भी पुलिस कर्मियों से बचने के लिए धक्का देने लगे। सिपाहियों ने दो कर्मचारियों को मौके पर दबोचते हुए हुक्के और चिलम बरामद किए। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि मंगलवार रात दरोगा रविंद्र कुमार ने टीम के साथ मेडसिटी स्थित आईकन रेस्टोरेंट पर छापा मारा। मौके से दौलतगंज निवासी पिंकू पाल और राधाग्राम कॉलोनी निवासी शाद अहमद को गिरफ्तार किया गया। आरोपितों ने सिपाहियों को धक्का देकर भागने का प्रयास किया था। छापेमारी के दौरान कानपुर जाजमऊ निवासी अदीम दानिश भाग गया। पूछताछ में पिंकू ने बताया कि रेस्टोरेंट की आड़ लेकर काफी दिनों से हुक्का बार चलाया जा रहा है। जिसका संचालन डॉ. इमरान करता है। हुक्का बार का लाइसेंस भी नहीं लिया गया है। रेस्टोरेंट से पुलिस ने आठ हुक्के, पाइप, तीन चिलम और दो चिमटे बरामद किए। पूछताछ में कर्मचारी शाद अहमद ने बताया कि हुक्का बार में आने वालों में सबसे अधिक नई उम्र के युवक-युवतियां हैं। कई बार तो स्कूल ड्रेस में भी प्रवेश दिया जाता है। हुक्का बार तक बुलाने के लिए सोशल मीडिया की मदद भी आरोपी लेते हैं।

## प्रशिक्षण कार्यशाला में दी गईं यातायात नियमों की जानकारी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यातायात प्रबन्धन एवं नवीन तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए डीजीपी प्रशान्त कुमार के निर्देश पर यातायात निदेशालय एवं इंस्टिट्यूट ऑफ रोड ट्रैफिक एजुकेशन कॉलेज ऑफ ट्रैफिक मैनेजमेंट तथा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से यातायात कर्मियों तथा सड़क दुर्घटनाओं की विवेचना करने वाले विवेचकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का पुलिस मुख्यालय के चिंतन सभागार में प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया।

इस मौके पर के० सत्यनारायणा निदेशक/अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात एवं सड़क सुरक्षा, उत्तर प्रदेश , बीडी पॉल्सन, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण निदेशालय, उप्र, सुभाष चन्द्र दुबे, पुलिस महानिरीक्षक, यातायात निदेशालय, उप्र, अरविन्द कुमार मौर्या, पुलिस उप महानिरीक्षक, यातायात निदेशालय, उप्र, डॉ. रोहित बलूजा, अध्यक्ष आईआरटीई एवं निदेशक कॉलेज ऑफ ट्रैफिक मैनेजमेंट, फरीदाबाद, हरियाणा मौजूद थे।यह कार्यशाला 21 मार्च तक चलेगी।

कार्यशाला में प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें मृतकों की संख्या में कमी लाये जाने एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर करने के लिये यातायात पुलिस तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संगठनो के प्रयास की सराहना की गईं। इस मौके पर बीते 05 वर्षों में घटित सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें मृतकों की संख्या के आधार पर चिन्हित किये गये शीर्ष 20 जिलों लखनऊ, कानपुर नगर, प्रयागराज, आगरा, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, गोरखपुर, बरेली, हरदोई, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मथुरा, मेरठ, उन्नाव, सीतापुर, शाहजहाँपुर, बाराबंकी, फिरोजाबाद, कुशीनगर एवं आजमगढ़ में से प्रत्येक जनपद से 01 उपनिरीक्षक यातायात एवं 01 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, लोक निर्माण विभाग से 02, यूपीडा से 01, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से 02 एवं परिवहन विभाग से 05 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा भाग लिया गया। आयोजित

प्रशिक्षण कार्यशाला में आज बुधवार को सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित एजेन्सियों की भूमिकाएँ और ज़िम्मेदारी, यातायात से सम्बन्धित नियम व कानून, सड़क दुर्घटना जाँच और प्रबन्धन, फोरेंसिक साक्ष्य संग्रह विषयों पर जानकारी प्रदान की गयी।

## पुराने लखनऊ में आज रात से लागू होगा डायवर्जन

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। बुधवार देर रात को 19वीं रमजान के मौके पर रोजा-ए-काजमैन सआदतगंज स्थित मस्जिद कूफा में सुबह 4 बजे से मजलिस पढ़ी जाएगी। मजलिस और नमाज के बाद जुलूस निकाला जाएगा। इसके चलते बुधवार देर रात ( दो बजे ) से जुलूस समाप्ति तक पुराने शहर में रूट डायवर्जन किया गया है।

**इन रास्तों पर रहेगा बदलाव:** कटरा ( कल्लू ) तिराहा से कोई भी वाहन रौजा-ए-काजमैन की ओर नहीं जा सकेगा। यह वाहन बड़े तालाब राजाजीपुरम होकर जा सकेंगे। लाल माधव तिराहा ( हैदरगंज ) से कोई वाहन नक्खास तिराहे की ओर नहीं जा सकेगा। यह वाहन ऐशबाग या बुलाकी अड्डा होकर जा सकेंगे। टुड़ियागंज तिराहे से किसी भी प्रकार के वाहन को मंसूरनगर, गिरधारी इंटर कालेज थाना सआदतगंज की ओर नहीं जाने दिया जाएगा। इधर जाने वाले वाहन थाना बाजारखाला, हैदरगंज तिराहा होकर जा सकेंगे। मंसूरनगर तिराहे से कोई भी वाहन रौजा-ए-काजमैन की ओर नहीं जा सकेगा। यह वाहन नौबस्ता की ओर होकर जा सकेंगे। सहादतगंज/रौजा ए काजमैन तिराहे से वाहन रौजा ए काजमैन इमामबाड़ा/मंसूर नगर की ओर नहीं जाएंगे। यह वाहन चौपटिया होकर जा सकेंगे। अकबरी गेट ( मेफेयर ) तिराहा की तरफ से वाहन नक्खास तिराहे व मेडिकल क्रास ( कमला नेहरू ) की ओर नहीं जा सकेंगे। यह वाहन एक मिनारा, चौक थाना चौराहा या कश्मीरी मोहल्ला होकर जाएंगे। कमला नेहरू क्रासिंग ( मेडिकल क्रास ) से किसी भी प्रकार के वाहन नक्खास तिराहे की ओर नहीं जाएंगे। यह वाहन कोनेश्वर/मेडिकल कालेज चौराहा होकर जा सकेंगे। रकाबगंज पुल चौराहा से किसी भी प्रकार के वाहन नक्खास तिराहे की ओर नहीं जा सकेंगे। यह वाहन नाका चौराहा/मेडिकल कालेज चौराहा होकर जा सकेंगे।

## शराब की दुकान के विरोध में सड़क पर उतरे लोग



लखनऊ। इस्माईलगंज द्वितीय वार्ड के मुलायम नगर लेबर अड्डा चौराहा पर खुल रही अंग्रेजी शराब व बियर की दुकान के विरोध में बुधवार को लोग सड़क पर उतरे। पूर्व पार्षद रुद्रप्रताप सिंह के नेतृत्व में महिलाओं और पुरुषों ने नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों ने सामूहिक हस्ताक्षर अभियान चलाकर जिलाधिकारी, आबकारी विभाग और विधायक को प्रार्थना पत्र लिखकर दुकान खुलने से रोकने की अपील की है। लोगों ने बताया कि मुलायम नगर लेबर चौराहा घनी आबादी के बीच में है। यहां पर खुलने वाली शराब की दुकान के 100 मीटर के दायरे में कई स्कूल, मंदिर, मस्जिद और अस्पताल मौजूद हैं। ऐसे में बस्ती के बीच शराब की दुकान खुलने से आसपास अराजकता की स्थिति उत्पन्न होगी। पूर्व पार्षद रुद्रप्रताप सिंह ने कहा कि अगर दुकान यहां से नहीं हटाई जाती है तो स्थानीय लोग जल्द ही कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन में संतोष पांडेय, रणजीत सिंह, सुरेंद्र वर्मा, करण पाठक, विवेक मिश्रा, सागर पांडेय, सनी पांडेय, विख्यात सागर रावत, अजय जायसवाल, संग्राम सिंह, आशीष , दीपेंद्र समेत बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी शामिल रहे।

## दस लाख के जेवरात चोरी

लखनऊ। थाना मड़ियांव क्षेत्र के फैजुल्लागंज में 14 मार्च को पूरा परिवार वैष्णो देवी दर्शन करने जम्मू कश्मीर गया था।मंगलवार शाम को जब घर लौटा तो पता चला कि चोर जेवर ,मोबाइल नगदी सहित लगभग 10 लाख का सामान चोरी कर ले गए। अमित श्रीवास्तव ( 30 ) पुत्र स्व० वेद प्रकाश श्रीवास्तव पत्नी और तीन बच्चों के सात निवासी 613/016, सन्त कबीर नगर कालोनी, फैज्जुलागंज, लखनऊ के रहने वाला है। अमित श्रीवास्तव सरकारी नौकरी करते है। अमित ने बताया कि 14 मार्च को पूरे परिवार के साथ माता वैष्णव देवी के मंदिर हेतु जम्मू कश्मीर दर्शन करने गये थे और मंगलवार को शाम 5:30 बजे घर लौटा तोदेखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ था।

## मकान में चोरी पुलिस ने बताया संदिग्ध

लखनऊ। नगराम के नेवाज खेड़ा गांव में मंगलवार रात संजय कुमार व सुनील कुमार के घरों में चोरी का मामला प्रकाश में आया है। बुधवार सुबह चोरी की जानकारी होते ही पीड़ित द्वारा नगराम पुलिस को चोरी की सूचना दी गई। चोरी की सूचना मिलने पर नगराम पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की गई । थानाध्यक्ष नगराम के अनुसार पीड़ितों के बयान दर्ज किए गए हैं, मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है दी गई तहरीर पर विभिन्न विंदुओं पर जांच की जा रही है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं. 1; ई-प्रापण निविदा सं.:** उपमु०ई०-नि०-सा०-जीकेपी-23-2024 दिनांक 10.04.2025; **कार्य का नाम:** बढ़नी ब्रॉड गेज कोचेज पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में रनिंग रूम के रखरखाव के लिए बढ़नी इन्फ्रास्ट्रक्चर में स्टाफ क्वार्टर सीसी रोड, बाउंड्री वॉल और अन्य विविध कार्यों का शेष निर्माण कार्य।; **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹4,76,20,588.74; **बयाना राशि(₹):** ₹3,88,100/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** -; **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 6 (छ:) माह। • बिड प्रारम्भ करने की तिथि- **दिनांक 27.03.2025** • उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अंतिम तिथि-**दिनांक 10.04.2025 को 15:00 बजे** तक • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि- **दिनांक 10.04.2025 को 15:00 बजे** • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

उप मुख्य इंजी० / नि० / सामान्य
मुजाधि / डब्ल्यू-457 गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें

## समूह की महिलाओं का प्रशिक्षण महत्वपूर्ण : दीपा रंजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। ये बात वरिष्ठ आईएएस अधिकारी व उप्र राज्य आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने एएफसी इन्डिया द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कही। श्रीमती रंजन ने बुधवार को एएफसी इंडिया व वेन्चुरा प्रीफैब द्वारा बक्शी तालाब में आयोजित प्रशिक्षण केन्द्र के निरीक्षण के दौरान प्रतिभागियों से संवाद किया और बचत तथा स्वरोजगार की बारीकियों पर चर्चा की। मिशन निदेशक द्वारा लखपति महिला कार्यक्रम के साथ साथ गांव में स्थानीय रोजगार को बढावा देने पर जोर दिया। यह बहुत ही सराहनीय पहल है कि महिलाएँ वेंटुआ प्री-फैब में पर्यावरण के अनुकूल ईंटों के उत्पादन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। यह न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहा है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को ईंट निर्माण की नवीनतम तकनीकों, उच्च गुणवत्ता वाली सामग्रियों के उपयोग और टिकाऊ निर्माण पद्धतियों की जानकारी दी जा रही है। पर्यावरण हितैषी इन ईंटों का उत्पादन पारंपरिक ईंट निर्माण की तुलना में कम प्रदूषणकारी होता है, जिससे वायु और जल प्रदूषण को कम करने में सहायता मिलती है। इस पहल का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इससे महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनने का अवसर मिल रहा है। वे न केवल कुशल श्रमिक बन रही हैं, बल्कि उद्यमिता की ओर भी कदम बढ़ा रही हैं। इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम समाज में महिलाओं की भागीदारी और उनकी आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। वेंचुरा प्री-फैब का यह प्रयास न केवल पर्यावरण को बचाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि समाज में महिलाओं की स्थिति को मजबूत करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल है। एएफसी इंडिया के प्रभारी अवनेश कलिक द्वारा विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण से जुडी जानकारी मिशन निदेशक को देते हुये संस्थान द्वारा किये जा रहे प्रयासों पर गहराई से प्रकाश डाला। वेन्चुरा प्रीफैब की निदेशक डा. रश्मी ने ग्रीन कांकीट के उपयोग से पर्यावरण को होने वाले फायदों पर चर्चा करते हुये महिलाओं से चर्चा की। इस अवसर पर आजीविका मिशन के सत्यजीत शुक्ला, अनिकेत, अंकिता सिंह व अंजली पाण्डेय के साथ साथ प्रशिक्षण टीम व समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

## विवाहिता ने ससुराली जनों के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

लखनऊ। थाना बंथरा इलाके में एक विवाहिता ने अपने ससुराली जनों के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मुकदमा दर्ज कराया है।विवाहिता ने पुलिस से मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल करते हुए विधिक कार्य वाई किए जाने की मांग की है। थाना बंथरा के राम दास पुर निवासी गीता पुत्री शिवा रावत पिता ओमप्रकाश रावत ने पुलिस को बताया कि मेरा विवाह 15 मई 2019 को शिवा रावत पुत्र स्वर्गीय जय हिंद निवासी नरौना थाना काकोरी के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ राम दास पुर में संपन्न हुआ था।विवाह के कुछ दिन तक तो ठीक चला और अपने कर्तव्यों का निर्वहन सुचारू रूप से करती रही।कुछ समय बाद दहेज कम देने का ताना देकर मेरे पति का व्यवहार बदलने लगा।मेरी सास स्वर्गीय जय हिंद ,जेठानी पत्नी सनी रावत ,देवर शुभम ,देवर आकाश मुझे दहेज के लिए मानसिक ,शारीरिक रूप से प्रताड़ित दहेज की मांग करने लगे।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम त्रुटिवश सईद अहमद (Saeed Ahmad) हो गया है। जबकि अन्य सभी अभिलेखो मे सही नाम सईद अहमद (Sayeed Ahmad) है। आज से इसी नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **सईद अहमद निवासी-क्यू/766, कानून गोयान, नया धर्मशाला के पीछे नवाबगंज, बाराबंकी।**

**न्यायालय सूचना**

**न्यायालय उप जिलाधिकारी सरोजनी नगर, लखनऊ**
**वाद संख्या:-** टी-202310460513095
**तारीख पेशी:-** 26.03.2025
रामगोपाल **बनाम** दिनेश कुमार आदि।
**धारा:-** 144, उ.प्र. राजस्व संहिता 2006
ग्राम: पिपरसण्ड, परगना बिजनौर, तहसील सरोजनीनगर व जिला लखनऊ।
**उपजिलाधिकारी**
**सरोजनीनगर, लखनऊ**

**कार्यालय नगर पंचायत निघासन, लखीमपुर-खीरी**

पत्रांक- 1314/न.पं.नि./नि.सू.- मु.मं.न.सृ.यो./2024-25, दिनांक- 19/03/2025

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय को मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्न निर्माण कार्य हेतु ई- टेन्डरिंग के माध्यम से दिनांक- 26.03.25 को समय अपरान्ह 3.00 बजे तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसके ऑनलाइन निविदा प्रपत्र https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं जो कि दिनांक- 20.03.25 से दिनांक- 26.03.25 को अपरान्ह 3.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते हैं। अधिक जानकरी के लिए कृपया वेब साइट पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मो. शिवपुरी में आशा देवी के घर से त्रिजोगी के घर तक नाली एवं सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 459401 | 45940 | 590 | 02 माह |
| 02 | कृष्णानगर वार्ड में मुख्य बाजार में टीन शेड एवं अन्य निर्माण कार्य। | 1725080 | 172508 | 2360 | 02 माह |
| 03 | मो. अशोकनगर में विजय गुप्ता के घर से संजय गुप्ता के घर तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 1237616 | 123762 | 1770 | 02 माह |

**(दिनेश कुमार शुक्ल)**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत निघासन**

**(बद्री प्रसाद)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत निघासन**

# इस बार 9 नहीं बल्कि 8 दिन के होंगे चैत्र नवरात्र, बन रहा इन्द्र योग



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** होली के बाद बासंती नवरात्र (चैती नवरात्र), चैती छठ और राम नवमी पर्व का इंतजार श्रद्धालुओं को है। चैती नवरात्र 30 मार्च को कलश स्थापना के साथ शुरू हो रहा है। पं. बिन्द्रेस दुबे के अनुसार इस वर्ष चैती नवरात्र की शुरूआत रेवती नक्षत्र और इंद्र योग में हो रहा है। रविवार को नवरात्रि होने के कारण मां दुर्गा का आगमन हाथी पर हो रहा है। इस वर्ष नवरात्रि नौ दिन की जगह आठ दिनों का ही है। 6 अप्रैल रविवार को अष्टमी और नवमी तिथि एक साथ है। रविवार होने के कारण इस वर्ष मां की विदाई भी हाथी पर ही हो रही है। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि हाथी पर मां का आगमन और विदाई बेहद शुभ माना जाता है। यह उन्नति, आर्थिक प्रगति और सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी का प्रतीक समझा जाता है।

### मां के नौ रूपों की पूजा कब-कब होगी

- प्रतिपदा 30 मार्च शैलपुत्री
- द्वितीया 31 मार्च ब्रह्मचारिणी
- तृतीया 01 अप्रैल चंद्रघंटा
- चतुर्थी 02 अप्रैल कुष्मांडा
- पंचमी 03 अप्रैल स्कंदमाता
- षष्ठी 04 अप्रैल कात्यायनी
- सप्तमी 05 अप्रैल कालरात्रि
- अष्टमी व नवमी 06 अप्रैल को, महागौरी व मां सिद्धिदात्री की भक्त करेंगे विधि-विधान से पूजा

**सुबह से कलश स्थापना मुहूर्त:** इस वर्ष कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 6.12 बजे से 10.22 बजे तक रहेगा। जबकि पूजा के लिए अभिजीत मुहूर्त 12.01 बजे दोपहर से बजे से 12.50 बजे तक रहेगा। वहीं 6 अप्रैल को महानवमी व्रत श्रद्धालु पुनवर्सु व पुष्य नक्षत्र में मनाएंगे। इस दिन सुबह 9.40 बजे तक पुनर्वसु नक्षत्र व इसके बाद पुष्य नक्षत्र रहेगा।

चार नवरात्र में से एक शास्त्रत्तें में चैत्र, आषाढ़, आश्विन एवं माघ महीने की शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक चार नवरात्र की चर्चा मिलती है। आषाढ़ एवं माघ महीने के नवरात्र को गुप्त नवरात्र कहते हैं। वहीं चैत्र महीने के नवरात्र को बासंती नवरात्र एवं आश्विन महीने के नवरात्र को शारदीय नवरात्र कहते है।

**एक अप्रैल से चैती छठ शुरू:** लोक आस्था के महापर्व ग्रीष्मकालीन चार दिवसीय चैती छठ पूजा की शुरूआत 01 अप्रैल को नहाय खाय से होगी। इस दिन व्रती चैती छठ का संकल्प लेंगे। अगले दिन 02 अप्रैल को खरना के दिन चंद्रमा को अर्घ्य देकर 36 घंटे के निर्जला व्रत की शुरूआत करेंगे। इसके बाद अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य 03 अप्रैल को देंगे और चौथे दिन 04 अप्रैल को उदयाचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही यह कठिन पूजा समाप्त होगी।

## आरोग्य की प्राप्ति के लिए शीतला सप्तमी व्रत कल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हिंदू धर्म में शीतला सप्तमी व्रत का विशेष महत्व है। यह व्रत हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि को रखा जाता है। इसकी शुरूआत सप्तमी तिथि से होती है और अष्टमी तक चलता है, जिसे शीतला अष्टमी कहा जाता है। इस दिन श्रद्धालु व्रत रखते हैं और विधिपूर्वक माता शीतला की आराधना करते हैं। अगले दिन शीतला अष्टमी के अवसर पर माता को बसौड़े का भोग अर्पित किया जाता है।



धार्मिक मान्यता के अनुसार, माता शीतला की पूजा करने से आरोग्य की प्राप्ति होती है और सभी प्रकार के मानसिक व शारीरिक कष्टों से मुक्ति मिलती है। इस वर्ष, चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि का प्रारंभ 21 मार्च को रात 2:45 बजे होगा और 22 मार्च की सुबह 4:23 बजे तक रहेगा। इस उपलक्ष्य में शीतला सप्तमी का व्रत 21 मार्च, शुक्रवार को रखा जाएगा। पूजा के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 6:24 से शाम 6:33 तक रहेगा।

**शीतला अष्टमी का शुभ मुहूर्त:** शीतला सप्तमी के अगले दिन, चैत्र कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 22 मार्च को सुबह 4:23 बजे से प्रारंभ होकर 23 मार्च को सुबह 5:23 बजे तक रहेगी। इस दिन विशेष रूप से माता को बसौड़े का भोग अर्पित किया जाता है। शीतला अष्टमी पूजा शुभ मुहूर्त सुबह 06:23 बजे से शाम 06:33 बजे तक रहेगा।

**शीतला सप्तमी की पूजा विधि:** प्रातः स्नान कर व्रत का संकल्प लें और पूजा की तैयारी करें। पूजा स्थल पर लाल वस्त्र बिछाकर माता शीतला की प्रतिमा या चित्र स्थापित करें। माता को जल अर्पित करें और हल्दी, चंदन, सिंदूर से श्रृंगार करें। लाल फूल अर्पित करें और धूप-दीप जलाएं। श्रीफल और चने की दाल का भोग चढ़ाकर आरती करें। माता शीतला को प्रणाम कर आशीर्वाद लें।

**शीतला अष्टमी पर बसौड़ा भोग:** शीतला सप्तमी के अगले दिन शीतला अष्टमी पर माता को बसौड़े का भोग अर्पित किया जाता है। इस भोग में सप्तमी को ही तैयार किया गया भोजन चढ़ाया जाता है। आमतौर पर, इसमें गुड़-चावल या गन्ने के रस से बनी खीर होती है। इस दिन ताजा भोजन बनाने की मनाही होती है, और सभी भक्त इसी प्रसाद को ग्रहण करते हैं। इस प्रकार, शीतला सप्तमी और अष्टमी की पूजा विधि का पालन करने से माता की कृपा प्राप्त होती है और समस्त कष्टों से मुक्ति मिलती है।

## आज इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा श्रीलाल शुक्ल जन्मशती उत्सव

- उत्सव में प्रदर्शनी, परिचर्चा, फिल्म शो, गायन, किस्सागोई और नाट्य प्रस्तुति होगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** श्रीलाल शुक्ल जन्मशती उत्सव 20 मार्च को गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर प्रेक्षागृह में होगा। इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड के भाषा, साहित्य एवं संस्कृति प्रकोष्ठ की ओर से इस उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

श्रीलाल शुक्ल जन्मशती उत्सव कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार कुल छह सत्र होंगे। पहला सत्र सुबह 10:30 बजे से सुबह 11:30 बजे तक होगा। इसमें चित्र और पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल महामहिम मनोज सिन्हा करेंगे। इसी सत्र में पंकज त्रिपाठी एवं साथी कलाकारों द्वारा राग दरबारी का अंश पाठ किया जाएगा। दूसरे सत्र का नाम श्रीलाल शुक्ल कुछ रंग कुछ राग दिया गया है। सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक यह सत्र होगा। इसमें दीप प्रज्वलन के बाद अतिथियों का सम्मान किया जाएगा। इसमें स्वागत वक्तव्य इफको के अध्यक्ष दिलीप संघाणी देंगे। इसी क्रम में श्रीलाल शुक्ल की रचना यात्रा के बारे में यतीन्द्र मिश्र जानकारी देंगे। विशिष्ट अतिथियों के क्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक राय, उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारी मंत्री जे.पी.एस. राठौर और उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही अपने विचार प्रकट करेंगे। मुख्य अतिथि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल महामहिम मनोज सिन्हा के सम्बोधन के उपरांत इफको के प्रबंध निदेशक डॉ. उदय शंकर अवस्थी धन्यवाद ज्ञापित करेंगे। तीसरा सत्र राग दरबारी कल आज और कल, दोपहर 2:30 से दोपहर 3:30 बजे तक होगा। इसकी अध्यक्षता इफको के अध्यक्ष दिलीप संघाणी करेंगे। इस क्रम में पद्मश्री मालिनी अवस्थी का गायन होगा वहीं किस्सागो हिमांशु वाजपेई की भी प्रस्तुति होगी। चौथे सत्र में श्रीलाल शुक्ल के जीवन और कर्म पर लघु फिल्म का प्रदर्शन दोपहर 3:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक किया जाएगा। पांचवा सत्र स्मृतियों के आईने में श्रीलाल शुक्ल शाम 4:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक होगा। इसकी अध्यक्षता इफको के प्रबंध निदेशक डॉ. उदय शंकर अवस्थी करेंगे। इसमें नरेश सक्सेना, वंदना मिश्रा, अखिलेश, उत्कर्ष शुक्ल अपने सारगर्भित विचार प्रकट करेंगे। अंतिम छठे सत्र में राग दरबारी पर आधारित नाटक की प्रस्तुति शाम 6 से शाम 7 बजे तक होगी। इसमें दर्पण नाट्य मंच लखनऊ के कलाकार प्रस्तुति देंगे।

## ओ पालन हारे, निर्गुण और न्यारे...



लखनऊ। उत्तराखंड महापरिषद के पूर्व अध्यक्ष की चौथी पुण्यतिथि पर उत्तराखंड महापरिषद एवं लखनऊ के उत्तराखंडी समाज ने भावपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर महापरिषद के पदाधिकारियों ने उनके योगदान को याद करते हुए उनके सिद्धांतों और समाजसेवा की भावना को आत्मसात करने का संकल्प लिया। श्रद्धासुमन अर्पित करने के उपरांत जगत सिंह राणा के नेतृत्व में सी.एम. जोशी, कैलाश सिंह, पान सिंह, पुष्पा वैष्णव, देवेश्वरी पंवार, कमला चुफाल, मीना अधिकारी हेमा बिष्ट , भुवन पाठक, भुवन पटवाल एवं पंकज खरकवाल ने अपनी मधुर वाणी में भजन प्रस्तुत किए जिसमे -हे गुरुदेव प्रणाम आपके चरणो में, भज मन राम चरण सुखदाई, ओ पालन हारे, निर्गुण और न्यारे..., राम रस पीजे, मनवा, वैष्णव जन तो तेने कहिए, हरि तुम हरो जन की पीर, भजन संध्या में श्री मोहन सिंह बिष्ट जी की स्मृतियों को संजोते हुए भक्तिमय और आध्यात्मिक वातावरण बना, जिससे उपस्थित श्रद्धालुओं की भावनाएं श्रद्धेय बिष्ट जी के प्रति और भी प्रगाढ़ हो गईं। उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि स्वरूप यह संकल्प लिया गया कि उत्तराखंडी संस्कृति, समाज और उनकी विरासत को सतत आगे बढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर महापरिषद के अध्यक्ष हरीश चंद पंत संयोजक दीवान सिंह अधिकारी, महासचिव भरत सिंह बिष्ट, सचिव राजेश बिष्ट जे बी फूलारा, चेतन बिष्ट राजेंद्र कनवाल भवान सिंह रावत रमेश चंद्र सिंह अधिकारी, महेंद्र गैलाकोटि, पूरन सिंह जीना, पूरन जोशी, सुरेश पांडेय, लाल सिंह बिष्ट महेश पांडे आदि उपस्तिथि रहे।

## मध्य वर्ग की विडंबनाओं को कटु सत्य के प्रतिरूप में उकेरा

- त्रिदिवसीय प्रादेशिक नाट्य समारोह की अंतिम संध्या में मंचित हुआ भुवनेश्वर-दर-भुवनेश्वर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की ओर से त्रिदिवसीय प्रादेशिक नाट्य समारोह की तीसरी और अंतिम शाम बुधवार 19 मार्च को, शाहजहांपुर की नाट्य संस्था गगनिका द्वारा नाटक भुवनेश्वर-दर-भुवनेश्वर का मंचन कप्तान सिंह कर्णधार के निर्देशन में गोमती नगर स्थित अकादमी के संत गाडगे जी प्रेक्षागृह में किया गया। इस नाटक के लेखक मीराकान्त ने मशहूर साहित्यकार भुवनेश्वर के साहित्यिक और सामाजिक संघर्ष को अपने विरले नाट्य शिल्प के ताने-बाने के माध्यम से कुशलतापूर्वक पेश किया है।



सुनील शुक्ला के सधे संचालन में नाट्य समारोह के समापन सत्र में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी और अकादमी की उपाध्यक्षा विभा सिंह ने दीप प्रज्वलन किया। इस क्रम में मुख्य अतिथि को तरु और शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्षा विभा सिंह ने कहा कि अकादमी द्वारा पिछले बासठ वर्षों में नाटक के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इस दिशा में बेहतरी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में इस साल सम्भागीय के बाद प्रादेशिक नाट्य समारोह को आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि अकादमी द्वारा इस साल भी तीन सम्भागीय नाट्य समारोह शाहजहाँपुर, बिजनौर और बरेली में आयोजित करवाए गए। उसके उपरांत उन्हीं तीनों सम्भाग की एक-एक सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति प्रादेशिक नाट्य समारोह में आमंत्रित की गई। इस साल त्रिदिवसीय प्रादेशिक नाट्य समारोह का आयोजन 17 से 19 मार्च तक किया गया। नाट्य प्रस्तुति के उपरांत नाट्य निर्देशक सहित कलाकारों का अभिनंदन भी किया गया।

भुवनेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव हिन्दी के प्रसिद्ध एकांकीकार, लेखक और कवि थे। उन्होंने मध्य वर्ग की विडंबनाओं को कटु सत्य के प्रतिरूप में उकेरा है। उन्हें आधुनिक एकांकियों के जनक होने का गौरव भी प्राप्त है। भुवनेश्वर का जन्म एक मध्यमवर्गीय परिवार में साल 1910 में उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में हुआ था। ताँबे के कीड़े भुवनेश्वर का लोकप्रिय एकांकी संग्रह है। उनका निधन साल 1957 में हुआ था। 'भुवनेश्वर-दर-भुवनेश्वर' नाटक के भीतर नाटक की अनूठी परिकल्पना थी जिसमें पात्र के रूप में एक इंसान के भीतर एक दूसरे इंसान के अवतरित होने का यथार्थ चित्रण किया गया था। लेखक के रूप में मीराकांत ने इस नाटक को गहरे चिंतन के बाद मनोवैज्ञानिक ढंग से रचा है। मंच पर, निर्देशक की आजम खां, अभिनेता की मोहम्मद फाजिल खान, अभिनेत्री की सलोचना कार्की, सज्जाकार की संजीव राठौर, चायवाला की अनुराग शर्मा, राहगीर की शशिभूषण जौहरी और भुवनेश्वर की कप्तान सिंह कर्णधार ने बखूबी अदा की। मंच पार्श्व में अमित देव, दुष्यंत श्रीवास्तव, देवाशीष मिश्रा, रीता जौहरी, सौम्या, चित्राली, शशांक शंखधर और सचिन कुमार का योगदान उल्लेखनीय रहा।

## महिलाओं ने राष्ट्रवाद में भी अपना योगदान दिया : प्रो. दीप्ति रंजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी की ओर से राष्ट्रीय चेतना में पंजाबी महिलाओं की भूमिका विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन बुधवार 19 मार्च को शशि भूषण बालिका विद्यालय डिग्री कॉलेज के समाजशास्त्र और इतिहास विभाग के सहयोग से विद्यालय के सभागार में किया गया।

इसमें वक्ताओं ने संदेश दिया कि पंजाबी महिलाओं ने न केवल परिवार बल्कि समाज के उत्थान में महती योगदान दिया। उन्होंने एक ओर जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रीय जनजागृति का कार्य किया वहीं स्वतंत्रता आन्दोलन में भी बढ़-चढ़कर कार्य किया। इस अवसर पर अकादमी, निदेशक के प्रतिनिधि और कार्यक्रम कॉर्डिनेटर, अरविन्द नारायण मिश्र ने संगोष्ठी में उपस्थित विद्वानों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया। संगोष्ठी में आमंत्रित वक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष




प्रो. दीप्ति रंजन साहू ने कहा कि राष्ट्रीय चेतना आंदोलन में पंजाबी महिलाओं की भूमिका काफी महत्वपूर्ण थी। पंजाबी महिलाओं ने अपने शहरों और गांवों में सामाजिक, राष्ट्रीय और सांस्कृतिक जागृति के लिए कई कदम उठाए। उन्हें न सिर्फ अपने घर की सीमाओं के अंदर अपनी पहचान बनाई, बल्कि राष्ट्र और राष्ट्रवाद के लिए भी अपना योगदान दिया। संगोष्ठी में लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व आचार्य, प्रो. सुकान्त चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय आंदोलन में योगदान के रूप में पंजाबी महिलाओं ने, ब्रिटिश शासन के विरुद्ध संचालित होने वाले राष्ट्रीय आंदोलन में अपना महती योगदान दिया है। विशेष रूप से महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन और सविनय अवज्ञा आंदोलन में पंजाबी महिलाओं का उल्लेखनीय योगदान था। पंजाबी महिलाओं ने चरखा का उपयोग किया, स्वदेशी कपडे पहने और अंग्रेजी वस्तुओं का बहिष्कार किया था। इस क्रम में एल्डा फाउन्डेशन की अध्यक्षा डॉ. पूजा शाहीन ने कहा कि पंजाबी महिलाओं ने स्वतंत्रता आन्दोलन में न केवल अपनी सुरक्षा की बल्कि आन्दोलन में भी बढ़चढ कर योगदान दिया। संगोष्ठी में शशि भूषण बालिका विद्यालय डिग्री कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग की प्रो. ऋचा मिश्रा ने कहा कि पंजाबी महिलाओं ने सामाजिक सुधार की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। उन्होंने महिला अधिकारों से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कार्य किया है। संगोष्ठी में करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पीजी कालेज, राजनीति शास्त्र विभाग की सहायक आचार्या, डॉ. रितु तिवारी ने कहा कि पंजाबी महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भी राष्ट्रीय चेतना को जागृत किया है। उनका संगीत नृत्य के माध्यम से न केवल परंपरा को आगे बढ़ाया बल्कि महिलाओं को संगठित भी किया। इस क्रम में नर्वदेश्वर लॉ कॉलेज, इतिहास विभाग के सहायक आचार्य प्रेम कुमार ने कहा कि पंजाबी महिलाएं सामाजिक चेतना के साथ-साथ पारिवारिक रूप से भी समृद्ध रहीं। उन्होंने अपनी परिवारिक बेटियों को शिक्षा और दीक्षा दोनों में परिपक्व किया।

## 'दोहरी ज़िंदगी' में दिखा रिश्तों का ताना-बाना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मैवरिक्स थिएटर द्वारा प्रस्तुत और ऐमरन फाउंडेशन के सहयोग से दोहरी ज़िंदगी नाटक का मंचन आज बुधवार को वाल्मीकि ऑडिटोरियम, संगीत नाटक अकादमी, गोमतीनगर, लखनऊ में किया गया।



राजस्थान की मिट्टी से उपजी कहानियों में समाज की गहरी सच्चाई छिपी होती है उसी कड़ी में लेखक विजयदान देथा की कहानी दोहरी ज़िंदगी इसका एक बेहतरीन उदाहरण रही है। विकास दुबे के निर्देशन में यह नाटक पहचान, रिश्तों और समाज के खोखले नियमों की गहरी पड़ताल करता है। कहानी दो लालची सेठों से शुरू होती है, जिन्होंने अपने बच्चों का रिश्ता जन्म से पहले ही तय कर दिया था। लेकिन जब दोनों के घर बेटियां जन्मीं, तो समाज और दहेज के लालच में एक सेठ ने अपनी बेटी को लड़के के रूप में पालने का फैसला किया और अपनी बेटी को लड़का बनाकर उसकी शादी दूसरे सेठ की लड़की से करवा देता है यह निर्णय केवल उसके जीवन को ही नहीं, बल्कि उन सभी सामाजिक मान्यताओं को चुनौती देता है, जो जन्म से ही इंसान की पहचान तय कर देती हैं। एमरन फाउंडेशन की अध्यक्ष रेणुका टंडन ने बताया कि हमारा फाउंडेशन युवा प्रतिभाओं को सक्षम मंच देने का कार्य करता है इसी कड़ी में यह नाटक केवल एक कहानी नहीं बल्कि समाज के गहरे प्रश्नों पर एक बहस थी, जिसने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। नाटक में मुख्य भूमिका में दिव्यानी गौतम, अनामिका रावत, विशाल चौबे, विनय कुमार, ईशा राहुल, आशुतोष पांडे, साक्षी अवस्थी, और यश आदि कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों पर अमिट छाप छोड़ी। नाटक में अग्रिम, अक्षत, प्रतीक, अमन, आर्यन और तरूण बाजपेई ने संगीत दिया।


## कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर

पत्रांक :-520/स्वा.वि./पी.आर.ओ/न.नि.- शाह./ 2024-25 दिनांक- 18-03-2025

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त टाईड ग्रान्ट की धनराशि से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट/लिक्विड वेस्ट मैनेजमेन्ट के अन्तर्गत 10 नग इलैक्ट्रिकल व्हीकल क्रय किये जाने हेतु ई - निविदा के माध्यम से दिनांक - 26.03.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक (तकनीकी एवं वित्तीय बिड अलगझअलग) आमंत्रित की जाती है जो तद् दिनांक सायं 04.00 बजे खोली जायेगी। अपनी दर ई - निविदा के माध्यम से वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर डाल सकते हैं।

| क्र. सं. | आपूर्ति/कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (मय जी.एस.टी.) व मेन्टीनेन्स चार्ज | आपूर्ति की समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 10 नग इलैक्ट्रिकल व्हीकल की आपूर्ति | 1,57,23,809.00 | 7,86,190.00 (05 प्रतिशत) | 18,554.00+250.00 =18,804.00 | 01 माह |

ई-निविदा की क्रयदारी हेतु धरोहर धनराशि नगर निगम के बैंक के खाता सं0-50265293184 आई.एफ.एस.सी. कोड-IDIB000C632 ब्रांच इन्डियन बैंक, गोविन्दगंज, शाहजहाँपुर व निविदा शुल्क नगर निगम के बैंक के खाता सं0-50200017927485 आई.एफ.एस.सी. कोड - HDFC0000869 ब्रांच एच.डी.एफ.सी. बैंक, शाहजहाँपुर में जमा कराने उपरान्त मूल प्रति ई-निविदा के साथ अपलोड करनी होगी। निविदा को स्वीकृति / अस्वीकृति अथवा निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम, शाहजहाँपुर में निहित होगा।

नगर आयुक्त


## नाटक अंधयुगम एक युद्ध विभीषिका



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम के सहयोग से संस्था गुलशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा ओजस प्रेक्षागृह, डोमिनेन्स इंटरनेशनल स्कूल, चिनहट, लखनऊ में धर्मवीर भारती की कालजई रचना अंधयुगम का मंचन संस्कृत में किया गया। डॉ. नवलता जी के द्वारा संस्कृत में अनुवादित एवं जूही कुमारी द्वारा निर्देशित नाटक को कलाकारों ने अपने अभिनय से जीवंत बना दिया। वर्तमान में हो रहे वैश्विक युद्धों के खतरों को देखते हुए नाटक की प्रस्तुति अधिक प्रासंगिक हो गई। नाटक में दिखाया गया कि जब-जब स्वार्थ बस मयार्दा तोड़ी गई तब-तब महाविनाश हुआ है। नाटक में पौराणिक कथा के माध्यम से आधुनिक भाव बोध को स्थापित किया गया है।

नाटक अन्धयुगम महाभारत युद्ध के अंतिम दिन की घटनाओं पर आधारित है। युद्ध से प्राचीरें खंडहर हो चुकी हैं, नगर जल रहा है और कुरुक्षेत्र लाशों और गिद्धों से ढका हुआ है। कौरव सेना के कुछ विचलित योन्द्धा शोक और क्रोध से भरे हुए हैं। वे प्रतिशोध लेने के लिए, कुछ निर्णायक करने के लिए तरस रहे हैं और उस वक़्त भी अश्वत्थामा की निंदा करने से इनकार कर देते हैं। कृष्ण करुणा और संवेदना की पुकार हैं और उन्हें दुनिया में जो कुछ भी अच्छा और न्यायपूर्ण है, उसका अवतार माना जाता है। शांति सुनिश्चित करने में विफल होने के बावजूद, कृष्ण पूरे नाटक में मौजूद हैं और जो कुछ भी नैतिक और पवित्र है, उसकी व्याख्या करते हैं। नाटक अंततः उस नैतिक कथन की पुष्टि करता है कि हिंसा का प्रत्येक कार्य अनिवार्य रूप से पूरे समाज को बदनाम करता है। किसी भी चीज का अंधापन संपूर्ण जगत के लिए हानिकारक है। मंच पर निहारिका कश्यप, जूही कुमारी, कोमल विश्वकर्मा, अलभ्य तिवारी, रूपेश कुमार, डॉ. आनन्द दीक्षित, अर्पित मोदनवाल, प्रिंस सिंह, आर्यन, भानु प्रताप, विदुषी तिवारी, अंशित भद्री, कृष्ण कुमार पाण्डेय, प्रेरणा गौण, आँचल सचदेवा. आशुतोष सिंह, नम्रता आर्या, प्रीति रानी, उज्ज्वल सिंह आदि ने अभिनय किया।

## भातखंडे में दो दिवसीय वेबिनार का आयोजन

**लखनऊ।** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ के गायन विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय वेबीनार का आज समापन हुआ। वेबीनार के प्रथम सत्र की अध्यक्ष विदुषी प्रोफेसर मधु भट्ट तैलंग थीं और प्रमुख वक्ता प्रोफेसर लावण्या कीर्ति सिंह और फ्लोरेंस (इटली) की कियारा बारबेरी थीं। दोनों ही वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए भारतीय शिक्षा के पारंपरिक मूल्यों एवं वैश्विक स्तर पर संगीत के आदान-प्रदान की चर्चा की।

द्वितीय सत्र की वक्ता डॉ ज्योति मिश्रा और भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर सृष्टि माथुर थी । चर्चा के दौरान दोनों ही वक्ताओं ने नई शिक्षा नीति एवं विदेश में प्रस्तुतिकरण की चुनौतियां एवं उसके समाधान ढूंढने से संबंधित चर्चा की। अंतर्राष्ट्रीय वेबीनार के माध्यम से सभी वक्ताओं का यह मत था कि भारतीय संगीत आध्यात्मिक एवं गुरु शिष्य प्रणाली पर आधारित होने के कारण विदेशी छात्रों को बहुत आकर्षित करता है।

भारतीय संगीत का वैश्विक स्तर पर किस तरह प्रचार प्रसार और बढ़े इस अंतरराष्ट्रीय वेबीनार में चर्चा का यह मुख्य विषय रहा। अंतर्राष्ट्रीय वेबीनार के सफल आयोजन के लिए अंत में प्रोफेसर सृष्टि माथुर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आईआरसीटीसी 7 ज्योतिर्लिंगों की करायेगा सैर




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कापोरेशन लि0 (आईआरसीटीसी) भारत गौरव यात्रा पर्यटक ट्रेन - 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा का संचालन तक करने जा रहा है। जो 11 रात्रि एवं 12 दिन का पैकेज है। इसके अन्तर्गत उज्जैन स्थित महाकालेश्वर एवं ओम्कारेश्वर ज्योतिर्लिंग, गुजरात स्थित सोमनाथ एवं नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, द्वारकाधीश मंदिर, भेट द्वारका एवं सिग्नेचर ब्रिज, नाशिक स्थित त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, पंचवटी एवं कालाराम मंदिर, पुणे स्थित भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, औरंगाबाद स्थित घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग एवं स्थानीय मंदिर के दर्शन हेतु यात्रा करायी जाएगी। इस ट्रेन में बैठने की सुविधा योगनगरी ऋषिकेश, हरिद्वार, मुरादाबाद, बरैली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, कानपुर, उरई, झाँसी, ललितपुर से उपलब्ध है। इस यात्रा के कंम्फर्ट श्रेणी के पैकेज में डीलक्स होटलों के एसी कमरे (शेयरिंग/नान शेयरिंग-पैकेज के अनुसार) में रात्रि का विश्राम/वाश एंड चेंज, नाश्ता एवं दोपहर व रात्रि का शाकाहारी भोजन, एसी बसों द्वारा स्थानीय भ्रमण सम्मिलित है। इस पैकेज में एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य 52200 रुपये प्रति व्यक्ति है। इस यात्रा के स्टैंडर्ड श्रेणी के पैकेज में बजट होटलों के एसी कमरे (शेयरिंग/नान शेयरिंग-पैकेज के अनुसार) में रात्रि का विश्राम, नाश्ता एवं दोपहर व रात्रि का शाकाहारी भोजन, नान एसी बसों द्वारा स्थानीय भ्रमण सम्मिलित है। वाश एंड चेंज की व्यवस्था नान एसी बजट होटलों में होगी। इस पैकेज में एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य 39550 रुपये प्रति व्यक्ति है। इसी प्रकार यात्रा के स्लीपर श्रेणी के पैकेज में नान एसी बजट होटलों में शेयरिंग में रात्रि का विश्राम/वाश एंड चेंज, नाश्ता एवं दोपहर व रात्रि का शाकाहारी भोजन, नान एसी बसों द्वारा स्थानीय भ्रमण सम्मिलित है। इस पैकेज में एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य 23200 रुपए प्रति व्यक्ति है। इस यात्रा हेतु लोगों की सुविधा के लिए विभिन्न बैंकों द्वारा मात्र 816 रुपए प्रति माह इ.एम.आई भुगतान की सुविधा की व्यवस्था भी की गयी है ताकि निम्न आय वर्ग तथा अन्य वर्ग के लोग भी इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठा सकें। इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जायेगी। इसमे एलटीसी की सुविघा उपलब्ध है। उक्तष यात्रा की बुकिंग हेतु पर्यटन भवन, गोमती नगर, लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय एवं आईआरसीटीसी की बेवसाइट से ऑनलाइन बुकिंग भी कराई जा सकती है। अधिक जानकारी एवं बुकिंग के लिये नीचे दिये गये मोबाइल नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते है।

## उत्तर रेलवे की अंतर्मण्डलीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ के गोमतीनगर में स्थित स्टेडियम में उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा अंतर्मण्डलीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उदघाट्न मुख्य अतिथि, मंडल रेल प्रबंधक एस. एम. शर्मा ने किया। नॉक आउट बेस पर होने वाली यह प्रतियोगिता आगामी 20 तारीख तक चलेगी क इसमें उत्तर रेलवे के मुख्यालय की टीम तथा लखनऊ, दिल्ली, अंबाला एवं फिरोजपुर मंडलों सहित कुल 05 टीमें भाग ले रही हैं। इस प्रतियोगिता का फाइनल 20 तारीख को खेला जाएगा तथा पुरस्कार विजेता टीमों और खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। आज का उदघाट्न मैच फिरोजपुर और अंबाला मण्डल जबकि आज का दूसरा मैच लखनऊ एवं दिल्ली मंडलों की टीमों के बीच खेला गया। उद्घाटन के इस अवसर पर मैच से पूर्व मंडल रेल प्रबंधक ने मैच खेलने वाली टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा सभी को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उनका उत्साहवर्धन किय। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने खेलों को जीवन का अनिवार्य अंग एवं आपसी सौहार्द्र तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का एक सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को अपनी शुभकामनाएं दीं तथा सभी खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ खेलने की अपेक्षा की। इस अवसर पर मंडल क्रीड़ा अधिकारी सह वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (सी.एंड डब्ल्यू.), देवेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं दर्शकगण उपस्थित रहे।

## सुरेश कुमार यादव 14 वीं बार बने अध्यक्ष




लखनऊ। उ.प्र. राजकीय निर्माण निगम फील्ड वर्कर्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी तेज प्रताप सिंह ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की। सुरेश कुमार यादव लगातार 14 वीं बार अध्यक्ष और अमित वर्मा को महामंत्री चुना गया। राम सजीविन और क्यू० ए० रिजवी उपाध्यक्ष बनाए गए, जबकि राम समुझ और जय सिंह को संयुक्त मंत्री नियुक्त किया गया। अन्य प्रमुख पदों में रमेश चंद्र यादव को संगठन मंत्री, ज्ञान प्रकाश सिंह को प्रचार मंत्री, मो. हनीफ को कोषाध्यक्ष और मनोज कुमार सहाय को कार्यालय मंत्री बनाया गया। कार्यकारिणी में शहजाद उद्दीन, सुजीत कुमार शर्मा, राम दयाल और दिनेश कुमार को बतौर सदस्य शामिल किया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को उठाते हुए ज्ञापन भी सौंपा गया। प्रमुख मांगों में शामिल हैं:-महंगाई भत्ता वृद्धिः कर्मचारियों के लिए 7% महंगाई भत्ते में तत्काल वृद्धि की जाए। 7 दिसंबर 2010 को विनियमितीकरण से वंचित डाटा एंट्री ऑपरेटरों को शासनादेश के अनुरूप विनियमित किया जाए। डिप्लोमा धारकों को लोक निर्माण विभाग की भांति 5% लाभ देते हुए अवर अभियंता के पद पर प्रोन्नत किया जाए। निगम में सभी रिक्त पदों को शीघ्र भरने की मांग की गई ताकि कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्यभार न पड़े। प्रतिनियुक्ति पर आए अवर अभियंताओं को उनके मूल विभाग में वापस भेजा जाए और उनकी जगह डिप्लोमा धारकों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से रखा जाए। समूह-घ के कर्मचारियों को 5 वर्ष की सेवा के बाद 15% प्रोन्नति का लाभ दिया जाए। महामंत्री अमित वर्मा ने कहा कि एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा करना और उनके हितों को प्राथमिकता देना होगा। अध्यक्ष सुरेश कुमार यादव ने आश्वासन दिया कि सभी लंबित मांगों को लेकर उच्च स्तर पर वार्ता की जाएगी और जल्द से जल्द समाधान निकाला जाएगा।

## पुनर्वास विवि में 22 तक होंगे आवेदन

डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में स्नातक के सभी पाठ्यक्रमों में सीयूईटी के माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। स्नातक हेतु आवेदन के इच्छुक अभ्यर्थी 22 मार्च 2025 के पहले विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर प्रवेश लिंक के माध्यम से या सीधे सीयूईटी पोर्टल पर जाकर सीयूईटी के माध्यम ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## क्रिप्टोग्राफी तकनीकी डाटा को रखती है सुरक्षित

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के इनोवेशन हब द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सूचना सुरक्षा शिक्षा और जागरूकता प्रोग्राम द्वारा स्पान्सर्ड तीन दिवसीय क्रिप्टोग्राफी बूटकैम्पः क्रिप्टोग्राफी अनलॉक्ड विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन बुधवार को क्रिप्टोग्राफी के डोमेन और नई तकनीकी पर प्रशिक्षण दिया गया। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निदेशन में आयोजित प्रशिक्षण के पहले सत्र में क्रिप्टोग्राफी सेक्योर नेटवर्क, साइबर सिक्योरिटी प्रोटोकॉल्स के बारे में बताया गया। साथ ही इसके प्रैक्टिकल को भी किया गया जबकि दूसरे सत्र में ब्लॉकचेन, स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट एंड डिजिटल आइडेंटिटी पर विशेषज्ञों ने जानकारी दी। इसी तरह तीसरे तकनीकी सत्र में पोस्ट क्वॉन्टम क्रिप्टोग्राफी और भविष्य की चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया। इसके अलावा एआई आधारित हमले और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी गयी। इस दौरान ऐसी ही तकनीकी पर छात्रों से प्रैक्टिकल भी कराया गया। डीन इनोवेशन प्रो. बीएन मिश्रा के मार्गदर्शन और इस प्रोजेक्ट के चीफ इंवेस्टिगेटर एवं एसो. डीन डॉ. अनुज कुमार शर्मा के नेतृत्व में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। प्रशिक्षण अभित और विनय गुप्ता ने दिया। इस मौके पर कार्यक्रम के को-इंवेस्टिगेटर डॉ. उपेन्द्र कुमार, इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह, मैनेजर वंदना शर्मा सहित छात्र मौजूद रहे।

## लविवि कुलपति अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में रहेंगे गेस्ट ऑफ ऑनर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय को रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में लाइब्रेरी कलेक्शंस इन द डिजिटल ऐरा: ट्रेडीशनल एंड इलेक्ट्रॉनिक रिसोर्सेज, एक्विजिशन एंड यूज विषयक पंद्रहवीं ऑल रशियन साइंटिफिक एंड प्रैक्टिकल कॉन्फ्रेंस में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में संबोधन करने एवं पुस्तकालय सुधार एवं शिक्षा सेवाओं के डिजिटलीकरण पर अपने विचार रखने किए आमंत्रित किया गया है। यह संगोष्ठी मार्च के अंतिम सप्ताह में सेंट पीटर्सबर्ग की नेशनल लाइब्रेरी ऑफ रसिया में आयोजित की जाएगी। अभी हाल में उन्होंने ताजिकिस्तान के विज्ञान एवं शिक्षा मंत्रालय के आमंत्रण पर ताजिक शैक्षिक संस्थानों के साथ संवाद एवं सहयोग कार्यक्रम के दौरान ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में ताजिक नेशनल लाइब्रेरी का भ्रमण करके पुस्तकालय एवं तत्संबंधी संवादों पर चर्चा किया था। इस दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय के टैगोर पुस्तकालय में तकनीकी नवाचारों पर भी चर्चा हुई थी।

## पीडब्ल्यूडी के प्रमुख अभियंता एके द्विवेदी को कर्मचारी संगठनों ने दी बधाई



लखनऊ। लोक निर्माण विभाग में प्रमुख अभियंता (परिकल्प/नियोजन) के पद पर एके द्विवेदी ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उनकी तैनाती होने पर मिनिस्टीरियल एसोसिएशन कार्यालय प्रमुख अभियंता समेत विभिन्न सेवा संगठनों ने बधाई दी। कर्मचारियों की ओर से दी गयी बधाई में मिनिस्टीरियल एसोसिएशन कार्यालय प्रमुख अभियंता के प्रदेश अध्यक्ष राम लखन सिंह और महामंत्री मनीष शुक्ला समेत अन्य संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## इस्कॉन मंदिर में सुबह 7.30 पर होगी दर्शन-आरती

लखनऊ। शहीद पथ, सुशांत गोल्फ सिटी स्थित श्री श्री राधा रमण बिहारी जी, इस्कॉन मंदिर में ग्रीष्मकालीन दर्शन व पूजन के समय में परिवर्तन किया गया है। भगवान श्री राधा रमण बिहारी जी मंगला आरती अब सुबह 4.30 बजे, दर्शन आरती सुबह 7.30 बजे और संध्या आरती शाम सात बजे होगी। वहीं दोपहर एक बजे से भगवान विश्राम करेंगे। मीडिया प्रभारी रति वल्लभ दास ने बताया कि श्रीमद भागवतम पाठ सुबह आठ बजे, राजभोग आरती दोपहर 12.30 बजे होगी। दोपहर एक बजे विश्राम पट बंद होंगे। फिर शाम 4.30 बजे उत्तपान आरती होगी। शाम सात बजे संध्या आरती और इसके बाद भगवत गीता पाठ होगा। रात 8.45 बजे शयन आरती के बाद नौ बजे से भगवान रात्रि विश्राम करेंगे।

## कार्यकारिणी बैठक संग हुआ होली मिलन समारोह

लखनऊ। श्री शिव पार्वती बफार्नी सेवा संस्थान द्वारा बुधवार को कार्यकारिणी बैठक एवं होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। नहर रोड स्थित महानंदा रिसॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम में पवित्र अमरनाथ यात्रा 2025 में लंगर की व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। वहीं सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। गठन के अध्यक्ष अरुणेन्द्र कुमार मौर्या ने बताया कि विगत 18 वर्षों से संगठन द्वारा बालटाल में भण्डारे का आयोजन जन सहयोग से किया जा रहा है।

# नये रेलवे कॉरिडोर से सफर होगा सुगम : डीआरएम

- अब यात्रियों को स्टेशन पहुंचने में नहीं करना पड़ेगा इंतजार
- रेल ट्रैफिक की भीड़ को कम करने के लिए आगामी 50 साल का मास्टर प्लान किया गया तैयार
- उत्तर रेलवे के डीआरएम सचिन्द्र मोहन शर्मा ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी

विशेष संवाददाता (vol)




लखनऊ। लखनऊ जंक्शन, यार्ड में ट्रेनें आने के बजाय 25 किमी पहले ही बाहर से अपने गंतव्य को निकल जायेंगी। प्लेटफार्म खाली होने का ट्रेनों को आउटर पर खड़ा होकर इंतजार नहीं करना पड़ेगा। 40 से 45 मिनट समय बचाने के साथ ट्रेनें अपनी निर्धारित समय पर अपने गंतव्य को पहुंच जायेंगी। यह जानकारी उत्तर रेलवे के डीआरएम सचिन्द्र मोहन शर्मा ने बुधवार को अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता कर दी।

उन्होंने बताया कि लखनऊ ऑर्बिटल (रिंग) रेलवे कॉरिडोर को मंजूरी मिल गई है। इससे अब 170 किलोमीटर लंबा रेलवे कॉरिडोर बनाया जाएगा। रेल ट्रैफिक की भीड़ को कम करने और ट्रेनों के दबाव कम करने के लिए 50 साल का भविष्यगामी योजना और यातायात के दबाव को देखते हुए यह मास्टर प्लान बनाया गया है। जो अब जल्द ही साकार होने का रुप ले लेगा। इस परियोजना के लिए पहले चरण में रेलवे बोर्ड ने सवा चार करोड़ रुपये बजट भी पास कर दिया है। जल्द ही स्थान का सर्वे शुरू होगा, कार्य कॉरिडोर का दोहरीकरण किया जाएगा। नई लाइनें बिछाई जाएंगी।

डीआरएम ने बताया कि लखनऊ ऑर्बिटल (रिंग) रेलवे कॉरिडोर साढ़े सात हजार करोड़ रुपये की परियोजना है। स्थान तय करने के लिए सर्वे की मिली स्वीकृति मिल चुकी है। एक तरह से आउटर रिंग रोड की तर्ज पर यह रेलवे कॉरिडोर भी बनाया जायेगा। इससे लखनऊ के आसपास से गुजरने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों को चारबाग, लखनऊ जंक्शन, ऐशबाग, बादशाह नगर, गोमती नगर, मल्हौर, उतरेटिया स्टेशन के बजाय बाईपास शहर के बाहर से पास करा दिया जायेगा। इसका निर्माण लखनऊ-कानपुर सेक्शन, लखनऊ- शाहजहांपुर-मुरादाबाद सेक्शन, ऐशबाग-डालीगंज-सीतापुर सिटी, लखनऊ-बाराबंकी-गोंडा सेक्शन, लखनऊ-बाराबंकी-अयोध्या सेक्शन, लखनऊ-सुल्तानपुर-वाराणसी सेक्शन लखनऊ-रायबरेली-वाराणसी सेक्शन की रेल परिसीमाओं के तहत किया जाएगा। रेल यात्रियों को आने वाले दिनों में निर्धारित समय में अपने गंतव्य को पहुंच जायेंगे। रेल का सफर सुगम बनाने के लिए रेलवे ने बड़ी पहल की है। अभी तक जहां यात्रियों को रेल सफर के दौरान जहां घंटों विलंब का सामना करना पड़ता है। वहीं कुछ माह बाद उन्हें इस समस्या से पूरी तरह निजात मिल जायेगी।

## नवयुग कन्या महाविद्यालय की एनएसएस का विशेष शिविर शुरू



लखनऊ। नवयुग कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का प्रारंभ राम लीला मैदान, ऐशबाग में हुआ। शिविर के लिए इस वर्ष की थीम यूथ फॉर माय भारत एंड यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन तथा मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम का महत्व बताते हुए छात्राओं को शुभकामना दी। संदीप शर्मा, सभासद, ऐशबाग ने कहा कि गुरु एवं परिवार के अतिरिक्त कोई अन्य आपका शुभ चिंतक नहीं होता। अतः हमेशा सतर्क रहना चाहिए तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारीयों का निर्वहन सजगता से करना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को शुभकामना तथा आशीर्वाद भी दिया। साकेत शर्मा ने छात्राओं को नई चीजें सीखने तथा नई जानकारियां प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। मंजू प्रकाश, पिडिलाइट ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार की पेंटिंग्स तथा टाई एंड डाई के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

## किसान सरकार की प्राथमिकता में : योगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। विभागीय प्रगति से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि किसान सरकार की प्राथमिकता में हैं। इनके हितों के प्रति पूरी गम्भीरता से काम किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक जनपद में मास्टर ट्रेनर के माध्यम से गन्ना किसानों का प्रशिक्षण कराया जाए। इसमें स्थानीय कृषि विज्ञान केन्द्रों को भी जोड़ा जाए। चीनी मिलों द्वारा टिश्यू कल्चर पद्धति से गन्ने की नई प्रजाति का बीज तैयार कराया जाए, जिससे नई गन्ना प्रजातियों का आच्छादन तेजी से हो सके और गन्ना उत्पादकता में भी वृद्धि हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्ना शोध परिसर शाहजहांपुर, सेवरही व मुजफ्फरनगर का सुदृढ़ीकरण कराया जाए। तकनीकी स्टाफ एवं वैज्ञानिकों आदि की व्यवस्था करते हुए इनका प्रभावी संचालन सुनिश्चित कराया जाए। गन्ना फसलों में कीट व बीमारियों के रोकथाम के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए तथा ससमय इसका नियंत्रण किया जाए, जिससे गन्ना उत्पादकता व उत्पादन में वृद्धि हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारी चीनी मिलों में प्रबन्धन की जवाबदेही तय करते हुए इसे लाभ में लाने के निरन्तर प्रयास किए जाएं। सहकारी चीनी मिल संघ व उत्तर प्रदेश राज्य चीनी निगम की संचालित चीनी मिलों में स्वच्छ छवि वाले अधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि चीनी मिलें निरन्तर लाभप्रदता की स्थिति में आ सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि चीनी मिलों को इंटीग्रेटेड शुगर कॉम्प्लेक्स के रूप में विकसित कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चीनी मिलों में गन्ना किसानों के लिए बुनियादी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके लिए सम्बन्धित सहकारी गन्ना विकास समितियों का दायित्व भी निर्धारित किया जाए।

# लविवि के कुलपति से मिले मैक्सिको के विद्यार्थी

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। इन छात्रों ने लखनऊ विश्वविद्यालय में हिंदी, भारतीय कला, नृत्य और पाककला में अध्ययन करने में गहरी रुचि दिखाई। दक्षिण अमेरिकी छात्रों का ये रुझान भारतीय संस्कृति की बढ़ती वैश्विक अपील और अंतःविषय शिक्षा के केंद्र के रूप में विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को रेखांकित करती है। पूरे दिन मैक्सिकन छात्रों ने शिक्षकों और छात्रों के साथ बातचीत की, विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कार्यक्रमों, शोध पहलों और सांस्कृतिक गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने हिंदी सहित विश्वविद्यालय के भाषा पाठ्यक्रमों और शास्त्रीय नृत्य और संगीत सहित इसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए विशेष उत्साह दिखाया। लखनऊ विश्वविद्यालय, कला, वाणिज्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग सहित अपने विविध शैक्षणिक कार्यक्रमों के साथ, अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की रुचियों के दृष्टिगत अच्छी तरह से सुसज्जित है। विश्वविद्यालय के शिक्षक विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध हैं और संस्थान के पास वैश्विक सहयोग और आदान-प्रदान को बढ़ावा देने का एक मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड है। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में मैक्सिको से आए छात्रों का स्वागत है। हम अकादमिक सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के अवसरों की तलाश करने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि हमारा संस्थान विभिन्न संस्कृतियों के बीच समझ को बढ़ावा देने और विविध पृष्ठभूमि के छात्रों के लिए उपयुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# भूजल प्रबंधन के लिए आधुनिक जल संरक्षण तकनीक अपनाना जरूरीः अनुराग श्रीवास्तव

- भूगर्भ जल विभाग द्वारा नेशनल हाइड्रोलॉजी प्रोजेक्ट के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)




लखनऊ। भूगर्भ जल विभाग द्वारा विश्व बैंक पोषित नेशनल हाइड्रोलॉजी प्रोजेक्ट के अन्तर्गत भूजल स्थिरताः उतार-चढ़ाव एवं समावेशी विकास का मार्ग विषय पर आयोजित एक दिवसीय उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल सम्मेलन-2025 में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग अनुराग श्रीवास्तव ने अपने सम्बोधन में कहा कि राज्य में व्यापक और दीर्घकालिक भूजल प्रबंधन की आवश्यकता है। इसके लिए हमें आधुनिक जल संरक्षण तकनीकों को राज्य के जल प्रबंधन ढांचे में सम्मिलित करना होगा। इसके लिए आज आयोजित किया जा रहा यह भूजल सम्मेलन विभिन्न हितधारकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसका उद्देश्य किसानों, वैज्ञानिकों, नीति निमार्ताओं और नागरिकों को एक साथ लाने और भूजल संरक्षण के लिए एक मजबूत एकीकृत दृष्टिकोण विकसित करना है। मैं इस पहल के लिए विभाग की सराहना करता हूं और सभी विशेषज्ञों को धन्यवाद देता हूं।

सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्र से लगभग 250 लोगो द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिनके द्वारा जल संरक्षण के क्षेत्र में सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की गई। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए डॉ. राजशेखर, प्रबंध निदेशक, जल निगम (ग्रामीण) एवं निदेशक, भूगर्भ जल विभाग द्वारा अपने सम्बोधन में कहा कि प्रदेश में समग्र एवं स्थायी भूजल प्रबंधन के लिए भूजल प्रबंधन के नवीनतम उपायों को प्रदेश के समग्र भूजल प्रबंधन में समावेशित करें, माइक्रो-लेवल पर वाटर बजटिंग करें तथा साथ ही जो भूजल के उपयोगकर्ता हैं उनको भी ओप्टिम्म वॉटर यूसेज के लिए प्रोत्साहित करें। सम्मेलन में पदमश्री उमाशंकर पाण्डेय, डॉ सुभाष चन्द्रा, मुख्य साइंटिस्ट, एनजीआरआई, हैदराबाद, डॉ. यज्ञनेशनी राय, सहायक प्रोफेसर, आईआईएससी बैंगलोर, डॉ. रविन्द्र प्रताप सिंह, सहायक प्रोफेसर, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, डॉ. वेंकेटेश दत्ता, प्रोफेसर, बाबा साहब भीम राव विश्वविद्यालय, लखनऊ, डॉ. दीपक सिन्हा, एडवाइजर, स्मार्ट सिटी, आईआईटी, कानपुर तथा संजय सहगल, ग्रास्प टीम मुख्य वक्ता के रुप में सम्मिलित हुए।

## मानसी को मिली स्कॉलरशिप

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सीएमएस के गोमती नगर प्रथम कैम्पस की छात्रा मानसी सिंह को उच्चशिक्षा के लिए अमेरिका के प्रतिष्ठित ग्रिनेल कालेज द्वारा 2,40,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। छात्रा को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। मानसी ने इस सफलता का श्रेय सीएमएस के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है।

स्कूल प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है।

संक्षेप

## खेत में जंगली जानवर देखने से ग्रामीणों में दहशत

सीतापुर। सदरपुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम रसूलपुर तराई में बुधवार दोपहर करीब दो बजे ग्रामीणों ने तेंदुआ देखा। जिसकी सूचना उन्होंने वन विभाग महमूदाबाद को दी सूचना पर पहुंची टीम ने ग्रामीणों को जागरूकता करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी। फिलहाल वन कर्मी जानवर होने से इंकार कर रहे हैं। मिली जानकारी अनुसार ब्लॉक पहला तहसील महमूदाबाद क्षेत्रांतर्गत रसूलपुर तराई गांव के पश्चिम दिशा में मुनव्वर अली के मकान के उत्तर जाफर अली के गेहूं के खेत में बुधवार दोपहर करीब दो बजे ग्रामीण मुनव्वर अली ओमप्रकाश कश्यप तथा अनिल कुमार ग्राम प्रधान ने तेंदुआ देखा जो रोड क्रॉस कर अनिल प्रधान के खेत से होकर सत्यराम के खेत में देखा। जिसकी सूचना उन्होंने वन विभाग महमूदाबाद को दी। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम के वन दरोगा अरविंद कुमार, निमिष सिंह चैहान, जितेंद्र कुमार, रामनरेश यादव आदि ने कांबिंग शुरूकर ग्रामीणों को सतर्क रहने को कहा इस संबंध में वन कर्मियों ने बताया कि फिलहाल कोई पगचिन्ह नहीं मिले हैं जांच की जा रही है।

## पेड़ से टकराई कार तीन घायल

सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र के हरगांव पिपरझला मार्ग पर बुधवार को लगभग दो बजे तेज रफ्तार कार बिना नम्बर की ग्राम गुरधपा के पास पेड़ से टकरा गई। जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। एक बच्चा सहित तीन लोग घायल हो गये। जिन्हें एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरगांव में भर्ती कराया गया। जहां से डाक्टरों ने घायलों को जिला अस्पताल सीतापुर रिफर कर दिया। हरगांव थाना क्षेत्र के हरगांव पिपरझला मार्ग पर ग्राम गुरधपा के पास हरगांव की तरफ आ रही तेज रफ्तार बिना नम्बर की कार सड़क के किनारे पेड़ से टकरा गई। उसमें बैठे सीतापुर के मोहल्ला लोहारबाग निवासी पुनीत वर्मा 35 पुत्र दिनेश कुमार वर्मा व उनकी पत्नी शैलेंद्री वर्मा तथा उनका एक वर्षीय पुत्र कनिष्क वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरगांव में भर्ती कराया गया। जहां से डाक्टरों ने सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## अज्ञात कारणों से लगी आग

सीतापुर। थाना इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र के काजी कमालपुर गांव में बुधवार को एक बड़ी घटना सामने आई। दोपहर करीब 3 बजे अज्ञात कारणों से लगी आग ने कई परिवारों को नुकसान पहुंचाया। तेज हवाओं के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस दौरान लालाराम, रामधार और टीना के मकान आग की चपेट में आ गए। आग इतनी तेज थी कि ग्रामीण इसे काबू नहीं कर पाए। घटना में दो बकरियां जलकर मृत हो गईं। दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक एक कुंटल धान, एक कुंटल सरसों, बैटरी पैनल और भूसा जलकर राख हो चुका था। पीड़ित परिवारों के अनुसार आग से लगभग साढ़े तीन लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। प्रशासनिक अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंप दी है।

# सरकारी क्रय केन्द्रों पर बेचें गेहूं, 48 घंटे में होगा भुगतान




जिला संवाददाता(vol)

- मोबाइल क्रय केन्द्र के माध्यम से गांव में जाकर भी की जायेगी गेहूं की खरीद
- मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन

सीतापुर। मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। कार्यक्रम में कृषि उत्पादन से संबंधित विभागों के अधिकारीगणों के साथ ही किसान एवं किसान संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम उप कृषि निदेशक, सीतापुर द्वारा उपस्थित समस्त किसान एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, सीतापुर के द्वारा गेंहूॅ खरीद के विषय में जानकारी देते हुये बताया गया कि शासन द्वारा वर्तमान रबी सत्र में गेहूं के समर्थन मूल्य में 150. रू0 की वृद्धि की गयी हैं तथा इस वर्ष सरकारी क्रय केन्द्रों पर 2425.रू0कुन्टल की दर पर गेहूं की खरीद की जायेगी। किसानों को गेहूं की उतरायी, छनायी एवं सफाई के लिये 20 रू0 अतिरिक्त दिया जायेगा। इसके साथ ही विक्रित गेंहूॅ का भुगतान 48 घण्टे में सुनिश्चित किया जायेगा। इस वर्ष बटाईदार किसान भी मूल किसान से लिखित सहमति प्राप्त कर सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूॅ बेंच सकेगें। अधिक मात्रा में विक्रय हेतु गेंहूॅ उपलब्ध होने पर मोबाइल क्रय केंद्रों के माध्यम से किसान के गांव में जाकर गेंहूॅ खरीदने की व्यवस्था भी की गयी है।

जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद के सभी सरकारी क्रय केन्द्रों को सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक खोला जा रहा है। किसानध्बटाईदार भाई इन क्रय केंदों पर निःशुल्क पंजीकरण कराकर अपना गेंहूॅ बेच सकते है। वर्तमान में क्रय केन्द्रों पर गेहूं की कम आवक के बारे में बताने पर उपस्थित किसानों द्वारा बताया गया कि 15 अप्रैल के उपरान्त क्रय केन्द्रों पर गेहू की आवक बढ़ेगी। वरिष्ठ प्राविधिक सहायक (कृषि रक्षा) के द्वारा किसानों से अपील की गयी कि बसन्त कालीन गन्ने की बुवाई से पूर्व बीज तथा भूमि का शोधन ट्राइकोडर्मा हारजिएनम से अवश्य करें। जनपद की समस्त राजकीय कृषि रक्षा इकाइयों पर ट्राइकोडर्मा हारजिएनम 75 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध है। कार्यक्रम में किसानों के स्तर से कुल 09 शिकायतें प्राप्त हुई, अध्यक्ष निधि बंसल द्वारा किसान भाईयों के स्तर से प्राप्त शिकायतों को सुना गया तथा सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को उक्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त बैठक समापन की घोषणा की गयी।

## मांगों को लेकर प्रधान संघ ने दिया ज्ञापन

असोहा, उन्नाव। प्रधान संघ अध्यक्ष के नेतृत्व में ग्रामप्रधानों ने खण्ड विकास अधिकारी को ज्ञापन दिया। विकास खण्ड के ग्राम प्रधानों में सुनील लोधी, सन्नो देवी, भगवान बख्श, पार्वती, देशराज, दुलारा, चमन सिंह, कुलदीप शुक्ल, उमेश साहू, राकेश रावत, उर्मिला सहित दर्जनों प्रधानों ने प्रधान संघ की अध्यक्ष रेशमा रावत के नेतृत्व में खण्ड विकास अधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन देते हुए प्रधानों ने बताया कि हम लोग स्थाई एवम अस्थाई गौशाला संचालित कर रहे है, जिसमे कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उसके बावजूद हम लोग संचालन कर रहे है। इसके बावजूद भारतीय गोसेवा परिषद द्वारा अनैतिक रूप से धन उगाही की मांग की जा रही है। बिना किसी को बताए ये लोग जबरदस्ती पशु आश्रय स्थल में घुस जाते है, जबकि पशु आश्रय स्थलों में जाने का अधिकार अधिकारियों के पास है, इन लोगो को मना किया जाता है तो आरोप लगा कर फंसाने की धमकी दी जाती है। यदि पशु आश्रय स्थलों में कमी है तो अधिकारी स्वयं आकर जांच कर ले न कि ये लोग आकर अनैतिक रूप से हम लोगो को धमकी दे। प्रधानों ने कांथा प्रकरण के सम्बंध में अधिकारियों से स्वयं जांच करने की मांग की है।

## गौरव कुमार ने जिले का नाम किया रोशन



सीतापुर। सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के पुरातन मेधावी छात्र गौरव कुमार सोनी ने एसएससी, सीजीएल परीक्षा पास कर मिनिस्ट्री ऑफ कम्युनिकेशन में पोस्टल असिस्टेंट के पद पर चयनित होकर बड़ी उपलब्धि प्राप्त करते हुए विद्यालय, माता पिता एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गौरव ने सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन से इंटरमीडिएट की परीक्षा वर्ष 2020 में उत्तीर्ण करने के साथ ऑनलाइन पढ़ाई करते हुए कठिन परिश्रम करके यह उपलब्धि हासिल की है। गौरव की मां तपेश्वरी सोनी गृहणी है। पिता राकेश सोनी सोने चांदी के आभूषणों की दुकान चलाकर परिवार का पालन पोषण करते हैं एवं छोटा भाई सौरभ सोनी इंटरमीडिएट का छात्र है। कॉलेज के जूनियर वर्ग के प्रिंसिपल अनंत रत्नम, सीनियर वर्ग के वाइस प्रिंसिपल यशपाल वर्मा ने गौरव के घर जाकर मिष्ठान्न खिला माल्यार्पण कर बधाई दी। गौरव की इस उपलब्धि पर विधायक आशा मौर्य, संस्था के चेयरमैन आर के वाजपेयी, डिप्टी मैनेजर आज्ञनेय आशीष, वागीश दिनकर एवं आरजे वर्मा ने बधाई दी है।

## तीसरी बार प्रदीप गुप्ता कसौधन वैश्य सभा के बने जिलाध्यक्ष



सीतापुर। कसौधन वैश्य सभा का सर्वसम्मत से प्रदीप कुमार गुप्ता सभासद को स्वजातीय बंधु ओं द्वारा जिला अध्यक्ष चुना गया। जिसमें कमेटी मुख्य संरक्षक राकेश कुमार गुप्ता, संरक्षक अनुराग रोशन ,महामंत्री अमितेश गुप्ता ,कोषाध्यक्ष रामकुमार वैश्य ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक गौरव गुप्ता एडवोकेट ,उपाध्यक्ष शशांक गुप्ता, राजेश गुप्ता, मंत्री विकास गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता को बनाया गया। इसमें मुख्य रूप से स्वजातीय बंधु एकत्रित हुए वीरेंद्र कुमार गुप्ता मनोज कुमार गुप्ता विश्वनाथ गुप्ता जितेंद्र कुमार गुप्ता कैलाश नाथ गुप्ता राजेश गुप्ता अंकित गुप्ता योगेंद्र वैश्य विकास गुप्ता अनिल कुमार शशांक गुप्ता गौरव गुप्ता विक्की गुप्ता पिंटू गुप्ता कैलाश गुप्ता बैठक में मौजूद रहे तथा प्रदीप गुप्ता जिला अध्यक्ष को माला पहनकर सभी ने नवनिर्मित टीम को बधाई दी। जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने सभी स्वजातीय बंधुओ का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आप सभी ने मेरे पर विश्वास करके तीसरी बार जो अध्यक्ष चुना है मैं उसे अपने समाज को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास में लगा रहूंगा तथा अपने समाज को आगे बढ़ने का कार्य करूंगा।

## नयी बाजार में अधेड़ का शव मिला

असोहा, उन्नाव। थाना क्षेत्र के कालूखेड़ा स्थित नई बाजार प्रांगण में अधेड़ व्यक्ति का शव पड़ा मिला। मौके पर पहुंचे कालूखेड़ा चौकी इंचार्ज पंकज सोनकर ने जांच पड़ताल की। जांच में पता चला की मृतक का नाम वीरेंद्र उर्फ छोटू 45 वर्ष पुत्र सिद्धू निवासी अमलौरा थाना रेयोसा जनपद सीतापुर का रहने वाला है। वीरेंद्र बीते लगभग पांच वर्षों से यही रहकर मांगता रहता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। थाना प्रभारी विमल कांत गोयल ने बताया की शव बाजार प्रांगण में पड़ा मिला था जिसको पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। सीतापुर में संबंधित थाने को सूचना दे दी गई है।

## महादेव मंदिर में होली मिलन का आयोजन

पुरवा, उन्नाव। जिल्लेश्वर महादेव मंदिर जबरेला में होली मिलन समारोह सम्पन्न हुआ। होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम से होली मिलन समारोह की शुरूआत की गई। कार्यक्रम का सफल आयोजन दीपांशु त्रिपाठी एडवोकेट ने किया उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को गुलाल का टीका लगाया। कार्यक्रम आयोजक ने उपस्थित समस्त सामाजिक लोगों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## तहसील कर्मी की बाइक खोजने में पुलिस के हाथ खाली

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन में आवास के बाहर खड़ी अर्दली की मोटरसाइकिल चार दिन पूर्व चोरी चली गई थी। पीड़ित द्वारा की गई शिकायत के बाद पुलिस अब तक चोर तक नहीं पहुंच सकी। जिसको लेकर तहसील के अन्य कर्मचारियों में दहशत व्याप्त है। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के उप जिला अधिकारी के अर्दली विजय कुमार सिंह की आवास के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल 15 मार्च को चोरी चली गई थी जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर 16 मार्च को की थी। तहसील मुख्यालय पर पुलिस चौकी स्थित है तथा सुरक्षा कब के घेरे को चकमा देकर चोर है चोरी की घटना को अंजाम देने में सफल रहा पीढ़ी द्वारा की गई शिकायत के बाद चोरी की मोटरसाइकिल की बरामदगी व चोरी की घटना के खुलासे में जुटी पुलिस को अब तक सफलता नहीं मिली है जबकि पुलिस द्वारा कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूंछताछ की जा रही है। इस संबंध में जानकारी करने पर चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि शीघ्र ही घटना का खुलासा हो जाएगा।

# एसपी से पत्रकार हत्या कांड खुलासे को लेकर मिला संगठन

### एसपी ने कहा- घटना का जल्द होगा खुलासा



सीतापुर। पत्रकार राघवेंद्र की हत्या के दस दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा इस घटना का खुलासा न किये जाने से नाराज जनपद के सभी सामाजिक संगठनों ने पत्रकार संगठनों के साथ मिलकर जस्टिस फॉर राघवेंद्र कैंपेन की शुरूआत की है और आज संयुक्त रूप से पुलिस अधीक्षक से मिलकर इस घटना के जल्द खुलासे और असली मुल्जिमो को पकड़ने व प्रभावी पैरवी कर उनको कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है।

पूर्व पालिकाध्यक्ष आशीष मिश्रा के यह पूछने पर कि आखिर पुलिस कब इस घटना का खुलासा करेगी पुलिस अधीक्षक ने कहा वो कोई स्पष्ट समय सीमा तो नही बताएंगे पर घटना में शक की सुइयां कई लोगो पर है व घटना के कई बिंदुओं पर जांच हो रही है समय भले ज्यादा लग जाये पर घटना का सौ फीसदी सही खुलासा होगा। बार अध्यक्ष विजय अवस्थी ने कहा पुलिस अपनी तफ्तीश में सभी पहलुओं पर जांच अवश्य करे किसी निर्दोष को कतई न फंसाया जाए किसान नेता शिव प्रकाश सिंह ने कहा है पुलिस अधीक्षक से वार्ता के बाद हम सभी संगठन घटना के खुलासे का कुछ दिन और इंतजार करेंगे पर अगर जल्द खुलासा कर दोषी नही पकड़े गए तो जल्द अगला कदम सभी संगठन मिलकर तय करेंगे। पूर्व पालिकाध्यक्ष ने स्पष्ट मांग रखी कि हत्या का सही कारण पुलिस ढूढ़े तो हत्यारा अपने आप मिल जाएगा सचेन्द्र दीक्षित ने कहा मृतक राघवेंद्र के परिवार की आर्थिक मदद हेतु जन अभियान सभी संगठन मिलकर चलाएंगे।

बैठक में आशीष मिश्रा शिव प्रकाश सिंह विजय अवस्थी सचेन्द्र दीक्षित पिंदर सिंह सिद्धू पवन अग्रवाल सुषमा पांडे सुधांशु सक्सेना दिव्यांशु राहुल अरोड़ा पंकज सक्सेना लक्ष्मी कांत बाजपेयी , रोहित मिश्रा पवन अग्रवाल प्रदीप गुप्ता नंदलाल भूटानी नवल किशोर मिश्रा अनुराग मिश्रा अमित श्रीवास्तव सविता बाल्मीकि प्रमिला राजपूत नवल किशोर तिवारी राजू शाह विजय गुप्ता शोभित बाजपेयी आदि लोग शामिल रहे।

## मंदिर स्थापना के 3 वर्ष पूर्ण होने पर गायत्री यज्ञ और भंडारे का आयोजन



उन्नाव। श्री शिवचरनेश्वर मंदिर के तीन वर्ष पूर्ण होने पर दो दिवसीय कार्यक्रम होने के उपरांत भक्तों ने पूजा अर्चना कर भंडारे का प्रसाद वितरण किया। भक्त प्रसाद को पाकर अपने जीवन को धन्य समझा। विकास खंड बीघापुर के ग्राम अकबरपुर के आदर्श नगर में बने श्री शिवचरनेश्वर मंदिर में राम दरबार, मां गायत्री, राधा कृष्ण, और दत्ता देव भगवान, की स्थापना के तीन वर्ष पूर्ण होने पर मंगलवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान पूर्वक गायत्री यज्ञ हवन पूजन हवन कुंड में आहुतियां डालकर संपूर्ण मनोरथ सिद्ध होने की कामना की। दूसरे दिन बुधवार को मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया भंडारे का प्रसाद पाकर भक्त अपने जीवन को सार्थक समझ कर जय श्री राम के भक्तों ने जयकारे लगाए और रात मात का जागरण महाकालेश्वर जागरण पार्टी द्वारा कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य आयोजक सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, शिवसरन कुशवाहा, रज्जन अवस्थी, उमेश वर्मा, राघवेन्द्र श्रीवास्तव, बबलू कुशवाहा, शिवपूजन सिंह सूरज पंडित, आशीष श्रीवास्तव, योगेश वर्मा, श्याम प्रकाश विश्वकर्मा सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

## तीसरे दिन भी सर्राफा कारोबारी के पुत्र का नहीं लगा सुराग

सीतापुर। महमूदाबाद कोतवाली महमूदाबाद के सर्राफा कारोबारी प्रवीण रस्तोगी के युवा पुत्र दीपांशु के लापता होने के तीसरे दिन भी पुलिस को कोई सफलता हाथ नहीं लग सकी। युवक की कोई सूचना न मिलने से परिजनों के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ती जा रही है। बुधवार को परिजनों ने सीतापुर साइबर सेल पहुंचकर मदद की गुहार लगाई है। पुलिस युवक के नम्बरों को सर्विलांस पर लगाने का दावा करते हुए जांच को आगे बढ़ाने की बात कह रही है। महमूदाबाद के सरावगी टोला निवासी प्रवीण रस्तोगी का 28 वर्षीय पुत्र दीपांशु रविवार से लापता है। युवक रविवार की सुबह बाइक लेकर निकला था किन्तु उसके बाद उसका कोई पता नहीं चल सका। परिजन तीन दिन से युवक की तलाश कर रहे हैं। विधायक आशा मौर्या ने भी एसपी से बात कर मामले में शीघ्रता के कार्रवाई की बात कही थी। पुलिस ने युवक को नंबरों को सर्विलांस पर लगाया है किंतु नंबर बंद होने से सफलता नहीं मिल पा रही है। इसके साथ ही युवक का मोबाइल मंगलवार को इंटरनेट से कनेक्ट हुआ था किन्तु वह किस जगह कनेक्ट हुआ इसकी जानकारी भी नहीं मिल सकी है। युवक को आखिरी बार भगौली में देखा गया था किन्तु उसके बाद उसको कहीं देखा नहीं जा सका है। परिजन और पुलिस लगातार युवक की तलाश कर रहे हैं। पुलिस ने युवक के बैंक खातों की डिटेल निकालने के साथ ही कॉल डिटेल निकालकर जांच कर रही है।

## कांग्रेस सांसद राकेश राठौर जमानत पर जेल से रिहा

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को स्थानीय न्यायालय से जमानत मिल गई है। उन्हें बुधवार को सुबह जेल से रिहा किया गया।

बताते चलें कि सीतापुर सांसद राकेश राठौर पर यौन शोषण का आरोप है। उनके विरूद्ध शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने उन्हें उनके आवास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तब से वह लगातार जमानत कराने के प्रयास में थे। उन पर जो धाराएं लगाई गई थी उन पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट से जमानत मिल गई थी लेकिन पुलिस द्वारा जो चाजर्शीट दाखिल की गई थी उसमें धारा 69 की बढ़ोत्तरी कर दी गई थी। जिस पर उन्हें इस धारा मे भी जमानत करानी थी। जिसके तहत स्थानीय न्यायालय में जमानत याचिका डाली गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश के ने मंगलवार को उन्हें जमानत दे दी गई थी। जिस पर उन्हें बुधवार की सुबह जेल से रिहा कर दिया गया हैं। जेल से बाहर निकलने पर सांसद राकेश राठौर पत्रकारो से रूबरू हुए। उन्होंने सवालो के जबाव देते हुए कहा कि अगर मुझसे कोई पाप हुआ है तो मैं हर कड़ी से कड़ी सजा भुगतने के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा कि मुझे न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी उनके परिवार के साथ खड़ी रही। राहुल गांधी ने कई बार परिवार से बात भी की है।

# वाहनों में ओवरलोडिंग न हो, कड़े प्रबंध किये जायें: इंजी.अवनीश कुमार




- मन्दाकिनी नदी के पुनर्जीवित किये जाने के लिए प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना

सीतापुर। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति के अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुयी।

बैठक की अध्यक्षता दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति के सभापति सदस्य विधान परिषद इंजी. अवनीश कुमार सिंह द्वारा की गयी। इस दौरान सदस्यगण उमेश द्विवेदी, अंगद सिंह, राम सूरत राजभर, मो. जासमीर अंसारी भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा दैवीय आपदाओं के संबंध में विभाग द्वारा किये गये कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया तथा भविष्य में दैवीय आपदाओं से बचाव हेतु किये जाने वाले प्रयासों के संबंध में समिति द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर भी दिया गया। सभापति सदस्य विधान परिषद ईंजी. अवनीश कुमार सिंह ने सभी को प्रेरित करते हुये कहा कि आपदाओं के विषय में पहले से तैयारी और व्यापक जन-जागरूकता के माध्यम से क्षति एवं हानि को कम किया जा सकता है तथा बेहतर प्रबंधन, संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता तथा कुशल नेतृत्व से आपदा आने पर प्रभावितों को त्वरित राहत दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की मंशा है कि तकनीकी का व्यापक प्रयोग करके क्षति एवं जनहानि को कम करने हेतु प्रयास किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी विभाग दैवीय आपदाओं से बचाव के संबंध में व्यापक रूप से जन-जागरूकता प्रसारित करना सुनिश्चित करें। आपदा के संबंध में जनपद स्तर पर कन्ट्रोल रूम अनवरत संचालित किये जाने एवं इसका विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश भी सभापति ने दिये।

उन्होंने कहा कि सभी विभाग आगामी वर्षों में किये जाने वाले कार्यों हेतु कार्ययोजना बनाते हुये इसका अनुपालन सुनिश्चित करें। पर्यावरण संरक्षण, सौर ऊर्जा का अधिकतम प्रयोग, नदियों को पुनर्जीवित करने, जीरो कार्बन उत्सर्जन आदि विषयों पर भी कार्य करने की आवश्यकता के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि अगली पीढ़ी को अच्छी जलवायु उपलब्ध कराना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने विनियमित क्षेत्र के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्षा जल संरक्षण हेतु भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संयत्र स्थापित किये जाने के मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाये तथा सभी सरकारी भवनों में अनिवार्य रूप से रेन वाटर हार्वेस्टिंग संयत्र संचालित अवस्था में रखे जायें। आपदा से संबंधित संयत्र सदैव तैयार अवस्था में रखे जाने हेतु व्यापक स्तर पर कार्ययोजना बनायी जाये। सभापति ने निर्देश दिये कि नदियों के किनारे एवं अन्य बाढ़ सम्भावित क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर गोताखोरों का पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि वाहनों में ओवरलोडिंग न हो, इसके लिये कड़े प्रबंध किये जाये। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को जागरूक किया जाये। उन्होंने जनपद में मन्दाकिनी नदी के पुनर्जीवित किये जाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना भी की। साथ ही सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि बैठक के दौरान सदस्यगणों द्वारा दिये गये सुझावों का अनुपालन सुनिश्चित कर अवगत कराया जाये।

बैठक के दौरान सदस्यगणों द्वारा भी आपदा से संबंधित विभिन्न विभागों को आवश्यक निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने समिति को आश्वस्त किया कि उनके निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग नवीन खण्डेलवाल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी व समिति के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने फुटबॉल स्टेट चैंपियंस को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



- जूनियर बालक और बालिका वर्ग की टीमों को एसडीएम, बीईओ, सीडीपीओ और एडीओ पंचायत ने दी बधाई

उन्नाव। विकासखंड औरास के एक मैरिज लॉन में आज शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम, ₹हमारा आंगन हमारा बच्चे₹ का आयोजन हुआ।

मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी हसनगंज रामदेव निषाद और बीईओ औरास संजय शुक्ल ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सीडीपीओ, एडीओ पंचायत, एस आर जी मुशर्रत फातिमा विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे। सभी ने आयोजन में प्रदर्शित टीएलएम सामग्री को गहनता से देखा और बच्चों के शैक्षिक स्तर को सुधारने हेतु महत्वपूर्ण बतलाया। प्राथमिक विद्यालय ट्टगपालखेड़ा, करौंदी और चमारन खेड़ा के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से शानदार प्रस्तुति दी। उपजिलाधिकारी ने बच्चों का निपुण टेस्ट भी लिया जिसमें सभी बच्चों ने सकारात्मक परिणाम दिए। एसडीएम हसनगंज ने ब्लॉक के 70 विद्यालयों के निपुण होने, सुंदरतम कायाकल्प के साथ ही विकासखंड द्वारा खेलों में राज्यस्तर पर विशिष्ट उपलब्धि होने पर बीईओ संजय शुक्ल सहित विकासखंड के सभी शिक्षकों की सराहना की। कार्यक्रम में 40 निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं सहायक, कोलकेटेड आंगनवाड़ी केंद्रों की कार्यकत्री, सहायिका, सभी नोडल शिक्षक संकुल एवं एआरपी शिक्षकों सहित लगभग 80 बच्चों की उपस्थिति रही। उपजिलाधिकारी और बीईओ ने गत सप्ताह हुई राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में रामपुर गढ़ौवा की टीम को राज्य स्तर में प्रथम स्थान पाकर, प्रदेश में औरास का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित करवाने पर खुशी व्यक्त की। एडीओ पंचायत, सीडीपीओ, एसडीएम हसनगंज और बीईओ औरास ने बच्चों को मेडल पहनाकर प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। खेल प्रशिक्षकों में ब्लॉक के व्यायाम शिक्षक रईसुल इस्लाम गौहर, शिक्षक डॉ प्रदीप कुमार वर्मा और शिक्षिका शाहें खुबा को उपजिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

उपजिलाधिकारी ने बच्चों और प्रशिक्षकों शील्ड भेंट कर उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रदान की। बीईओ ने समापन अवसर पर सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम समापन के पश्चात फुटबॉल चैंपियंस ने विद्यालय पहुंचकर प्रधानाध्यापिका शशि देवी के हाथों शील्ड लेते हुए खुशी जाहिर की। विजेता बच्चे जय हिन्द और भारत माता की जय के नारों के साथ बेहद खुश नजर आए। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों में इम्तियाज हुसैन, कौशल किशोर चौरसिया, राजेश कुमार, कुलदीप, गगनदीप, संजय दास, मुबशिर हुसैन, अनूप, विकास, रेहान, अंशुमान शर्मा, प्रदीप शर्मा, संतोष, आशु आनंद, सूफियान, पूनम सिंह, लक्ष्मी यादव, साधना सोनी, प्रतिक्षा यादव, सुरुचि आदि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का कुशल संचालन उमेश तिवारी ने किया।

# शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग

एक समय ऐसा भी था जब शैक्षिक संस्थानों की वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष सौ या शीर्ष पांच सौ शिक्षा संस्थानों की सूची में मुश्किल से एक-दो भारतीय शिक्षा संस्थान अपनी जगह बना पाते थे।

लेकिन अब यह स्थिति तेजी से बदल रही है। शिक्षा क्षेत्र में आयी जागरुकता, प्रौद्योगिकी और प्रबंधन क्षेत्र में बेहतरीन संस्थानों की स्थापना और पुराने संस्थानों के विकास एवं अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी व संसाधनों से लैस करने के कारण अब भारतीय शिक्षा संस्थान भी तेजी से उभर रहे हैं। इस संदर्भ में अमरीका की प्रसिद्ध तकनीकी विश्वविद्यालय एमआईटी की तर्ज पर स्थापित आईआईटी का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। यहां से शिक्षा हासिल करने निकलने वाले अनेक छात्र टेक जाइंट लीड कर रहे हैं और दुनिया के तमाम बड़ी कंपनियों के सीईओ आईआईटी के पूर्व छात्र हैं। बीते बुधवार को घोषित क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग बाय सब्जेक्ट के 15वें संस्करण में भारत के नौ संस्थानों ने विषय रैंकिंग और व्यापक संकाय क्षेत्रों में शीर्ष 50 में 12 स्थान हासिल किए हैं। इस मामले में अग्रणी है भारतीय खनन विद्यालय



(आईएसएम), धनबाद, जो इंजीनियरिंग-खनिज और खनन के लिए विश्व स्तर पर 20वें स्थान पर है, जिससे यह देश का सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाला विषय क्षेत्र बन गया है। यह भारत के प्रमुख शैक्षिक, प्रौद्योगिकी संस्थानों और विश्वविद्यालयों के लिए बेहद अच्छी खबर है। अब भारत भी शीर्षता की वैश्विक सूची में उपस्थित है। देश के 9 संस्थान शीर्ष 50 संस्थानों की जमात में शामिल हैं और 79 भारतीय विश्वविद्यालयों को भी शीर्षता के तौर पर चिह्नित किया गया है। बीते साल यह संख्या 69 थी। एक दौर ऐसा भी था, जब हमारे संस्थान और विश्वविद्यालय 500 शीर्ष की सूची में भी नहीं आते थे। उसमें भी कोई राजनीतिक और भारत को पिछड़े देश के तौर पर आंकने की मानसिकता रही होगी, क्योंकि शिक्षा के क्षेत्र में भारत शीर्ष देशों की श्रेणी में रहा है। प्राचीन काल में नालंदा, तक्षशिला इसके उदाहरण रहे हैं, लेकिन वक्त के मुताबिक, शिक्षा के आयाम और क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। आज कृत्रिम बौद्धिकता, प्रौद्योगिकी व इंजीनियरिंग का युग है। लिहाजा रोजगार की अपेक्षाएं भी बदली हैं। आज भारतीय विश्वविद्यालयों के 24 इंजीनियरिंग संस्थान, सोशल साइंस के 20 और प्राकृतिक विज्ञान के 19 संस्थान शीर्षता सूची में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। यह उपलब्धि ऐसे समय हासिल हुई है। यह रैंकिंग ऐसे समय सामने आयी है जब अनेक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष सामने आ रहे थे कि भारतीय स्नातकों में कौशल की बहुत कमी है। अब क्यूएस रैंकिंग सूची में विश्वविद्यालयों और संस्थानों के कौशल संबंधी प्रयासों का भी उल्लेख किया गया है, नतीजतन स्नातकों की वरीयता में नियोक्ताओं की अपेक्षाओं और दृष्टिकोण में भी काफी सुधार हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी हालिया साक्षात्कार में कहा है कि दुनिया कुछ भी कर ले, लेकिन भारत के बिना एआई (कृत्रिम बौद्धिकता) अधूरी है। भारत सरकार में कौशल मंत्रालय का गठन प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में ही किया गया है। लेकिन सोचने का विषय यह है कि कौशल के नाम पर भाषण देने या सुनने के अलावा हम ठोस और व्यावहारिक तौर पर कुछ खास नहीं कर पाये हैं। जबकि इसे स्किल को जनांदोलन बनाने की जरूरत है। लिहाजा हमारे युवा वैश्विक ही नहीं, घरेलू आधार पर भी पिछड़े हैं। बहरहाल हम शीर्षता की जमात में शामिल हो गए हैं, लेकिन क्यूएस 2025 में यह भी स्पष्ट किया गया है कि भारत ज्ञान और अर्थव्यवस्था का शीर्ष गंतव्य बनने में अब भी पीछे है। यह भी रेखांकित किया गया है कि भारत के संभ्रांत और विशिष्ट विश्व विद्यालयों को अपने छात्रों के सीखने के अनुभवों में सुधार की गुंजाइश बेहद जरूरी है। उसी के बाद वे वैश्विक तौर पर अपनी उपस्थिति साबित कर पाएंगे। छात्रों के सीखने के अनुभवों और उन्हें प्रशिक्षित बनाने में बेहतर शिक्षकों, निरंतर निरीक्षण और पाठ्यक्रम विकास आदि की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए भारतीय शिक्षा संस्थनों को इन तमाम पहलुओं में सुधार और विकास करना चाहिए।

## विचार

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना तीर्थस्थान के दर्शन से प्राप्त होता है।

-सूरदास.

मोक्ष वह जो सिखता है इहलोक और परलोक दोनों का सुख गुलामी है। क्योंकि इस प्रकृति के नियमों पर न कोई इहलोक है और न परलोक।

-स्वामी विवेकानन्द.

मनुष्य सर्वोत्तम भाषण है। अगर बोलना है तो कम से कम बोलो। एक शब्द से काम चले तो दो नहीं।

-महात्मा गांधी.

विपत्ति आने पर अपनी रक्षा के लिए व्यक्ति को अपने पड़ोसी शत्रु से भी मेल कर लेना चाहिए।

-वेदव्यास.

विवेक बुद्धि की पूर्णता है। यौवन के कर्त्तव्यों को पूर्ण करने में वह हमारा पथ-प्रदर्शन करता है।

-गेटे.

# आधार लिंक करने से निष्पक्ष होंगे चुनाव

नरेंद्र शर्मा

> मतदान का हक संवैधानिक अधिकार है, जिसे किसी विधायी प्रक्रिया से सीमित नहीं किया जा सकता। लोकतंत्र में सबसे महत्वपूर्ण स्टेकहोल्डर्स नागरिक हैं और हर चुनावी प्रक्रिया पर उनको विश्वास होना चाहिए। इसलिए एपिक को आधार से जोड़ने के लिए देशव्यापी चर्चा होनी चाहिए और मतदाता की हर चिंता को दूर किया जाना चाहिए। इससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत होगा।

विगत दो वर्षों के दौरान देश में हुए लगभग सभी चुनावों में विपक्षी पार्टियों ने मतदाता सूची में फ्रॉड का गंभीर आरोप लगाया है। इस पृष्ठभूमि में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने 18 मार्च 2025 को नई दिल्ली में एक उच्चस्तरीय बैठक बुलायी, जिसमें केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, यूआईडीएआई के सीईओ एस कृष्णन आदि वरिष्ठ अधिकारी व चुनाव आयोग के तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हुए। बैठक में आधार को एपिक (इलेक्टोरल फोटो आइडेंटिटी कार्ड) नंबर्स से जोड़ने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया और इस मुद्दे पर जल्द ही यूआईडीएआई (भारत का विशिष्ट पहचान प्राधिकरण) से तकनीकी विचार विमर्श किया जायेगा। इस पहल का किसी राजनीतिक दल ने विरोध तो नहीं किया है, लेकिन कांग्रेस ने कहा है कि चुनाव आयोग को सभी सियासी पार्टियों व स्टेक होल्डर्स से बात करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि 'एक भी योग्य मतदाता को उसके मतप्रयोग अधिकार से वंचित न किये जाने के पर्याप्त सुरक्षा कवच हों'। यह जरूरी भी है क्योंकि बुजुर्ग नागरिकों के अक्सर उंगलियों के निशान लेना तकरीबन असंभव हो जाता है जिससे उनका आधार कार्ड नहीं बन पाता। मतदाता सूची में भी अक्सर पूरे मोहल्ले के नाम गायब मिलते हैं।

यह भी देखने में आया है कि एक घर में अगर पांच मतदाता हैं तो तीन के नाम मतदाता सूची से नदारद होते हैं। हाल ही में राजस्थान का एक मामला प्रकाश में आया था जिसमें एक पते पर सैंकड़ों मतदाता पंजीकृत थे और पत्रकार जब उस पते पर पहुंचे तो वहां कोई घर था ही नहीं। यह पहला अवसर नहीं है जब आधार को वोटर आईडी से लिंक करने का प्रयास किया जा रहा है। फरवरी 2015 में वोटर आईडी को आधार से लिंक करने और डुप्लीकेट एंट्री को खत्म करने के लिए एनईआरपीएपी (नेशनल इलेक्टोरल रोल्स प्योरिफिकेशन एंड ऑथेंटिकेशन प्रोग्राम) लांच की थी, जिसके तहत तीन माह के भीतर ही 300 मिलियन मतदाताओं को लिंक कर दिया गया था। लेकिन अगस्त 2015 में सुप्रीम कोर्ट का अंतरिम आदेश आया कि केवल कल्याणकारी योजनाओं




और पैन कार्ड से ही आधार कार्ड को लाजमी तौर पर लिंक कराया जा सकता। फलस्वरूप यह योजना ठंडे बस्ते में डाल दी गई। अब एपिक-आधार लिंक योजना को फिर से शुरू किया जा रहा है, विशेषकर इसलिए कि 11 मार्च 2025 को तृणमूल कांग्रेस के दस सदस्यों वाले प्रतिनिधि मंडल ने चुनाव आयोग से डुप्लीकेट एपिक नंबरों व क्लोन आधार कार्डों के आरोपों को लेकर मुलाकात की थी पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 2026 में निर्धारित हैं, जिसकी तैयारी अभी से आरंभ हो गई है इस बीच इस राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल को कुछ ऐसे एपिक नंबर मिले जो अन्य राज्यों में भी आवंटित किये गये थे साथ ही उसे क्लोन आधार कार्ड भी मिले इन्हीं 'साक्ष्यों' को लेकर वह चुनाव आयोग से मिली थी विपक्षी पार्टियों ने इस मुद्दे को संसद व उसके बाहर उठाया है विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में भी इस बात को उठाया थो इससे पहले कांग्रेस ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के दौरान मतदाता सूची में गड़बड़ी के गंभीर आरोप लगाये थे।

## वोटर कार्ड-आधार लिंकिंग

इन आरोपों पर चुनाव आयोग की सफाई यह है कि मतदाता सूची तैयार करने के लिए एरोनेट डिजिटल प्लेटफार्म के आने से पहले मैन्युअल गलतियों के कारण सूचियों में डुप्लीकेशन हुओ उसने राजनीतिक दलों को यह आश्वासन भी दिया था कि समान एपिक नंबर वाले मतदाता जो अन्य राज्यों में पंजीकृत हैं वह फिर भी अपने अधिवास कागजात का प्रयोग करके मतदान कर सकते हैं। चुनाव आयोग ने इस मुद्दे का हल तीन माह में करने का वायदा किया है। केंद्र सरकार ने संसद को सूचित किया है कि आधार-वोटर आईडी को लिंक करना प्रक्रिया संचालित एक्सरसाइज है और इस प्रस्तावित लिंकिंग के लिए कोई लक्ष्य या समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है। केंद्र ने यह भी स्पष्ट किया है कि जो लोग अपने आधार को अपने वोटर आईडी से लिंक नहीं करायेंगे उनके नाम मतदाता सूची से हटाये नहीं जायेंगे जनप्रतिनिधि कानून 1950, जैसा कि चुनाव नियम (संशोधन) कानून 2021 द्वारा संशोधित किया गया है के सेक्शन 23 के अनुसार, मतदाता पंजीकरण अधिकारियों से उम्मीद की जाती है कि वह वर्तमान या भावी मतदाताओं से उनकी पहचान स्थापित करने के लिए उनके आधार नंबर स्वैच्छिक आधार पर मांग सकते हैं।

अब चुनाव आयोग का कहना है कि एपिक को आधार से लिंक अनुच्छेद 326 के प्रावधानों के तहत किया जायेगा, जो कहता है कि मतदान के अधिकार केवल नागरिकों को ही दिये जा सकते हैं। आधार कार्ड से व्यक्ति की सिर्फ पहचान स्थापित होती है। चुनाव आयोग का यह भी कहना है कि लिंकिंग जनप्रतिनिधि कानून 1950 के सेक्शन्स 23(4), 23(5) व 23(6) के प्रावधानों और डब्लूपी (सिविल) नंबर 177/2023 में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुरूप की जायेगी सेक्शन 23(6) के अनुसार, मतदाता सूची में शामिल करने के लिए दी गई कोई भी अर्जी इसलिए निरस्त नहीं की जा सकती कि व्यक्ति ने निर्धारित पर्याप्त कारण से अपना आधार नंबर प्रेषित नहीं किया है। इसका अर्थ यह हुआ कि लिंकिंग उन्हीं मामलों में की जायेगी जिनमें मतदाता ने अपनी इच्छा से आपना आधार नंबर प्रेषित किया है। चुनाव आयोग ने 2023 में सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि उसने मतदाता सूचियों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में लगभग 66.23 करोड़ आधार कार्डों को अपलोड किया हुआ है। चुनाव आयोग 1 अगस्त 2022 से वर्तमान व भावी मतदाताओं के आधार नंबर ऐच्छिक आधार पर एकत्र करने का कार्यक्रम चलाये हुए है, जैसा कि उसने 2023 में संसद को बतायो आधार को लिंक करने की मंजूरी मतदाता से फॉर्म 6बी के जरिये ली जाती है, लेकिन मंजूरी वापस लेने का कोई प्रावधान नहीं है।

इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि एपिक नंबर को आधार नंबर से जोड़ने पर मतदाता सूची से डुप्लीकेट इंट्री हटाने में मदद मिलेगी, जोकि जरूरी भी है। लेकिन इस प्रक्रिया में कुछ चिंताएं भीं हैं जिन पर विचार किया जाना जरूरी है। आधार डाटाबेस में गलतियां हैं, जो भले ही बहुत कम हों, लेकिन हैं, जिनकी वजह से मतदाता सूची में से सही वोटर्स के नाम भी हटाये जा सकते हैं। दूसरा यह कि आधार केवल रिहाईश का सबूत है न कि नागरिकता को इसलिए इसकी वजह से मतदाता सूची से उन नामों को नहीं हटाया जा सकता जो देश के नागरिक नहीं हैं। इसके लिए चुनाव आयोग को अलग से प्रयास करने होंगे अंतिम यह कि भले ही मतदाता सूची में आधार नंबर का उल्लेख निजता के अधिकार का उल्लंघन न हो, लेकिन फिर भी उसका दुरूपयोग हो सकता है क्योंकि मतदाता सूची राजनीतिक पार्टियों में बड़े पैमाने पर वितरित की जाती है। मतप्रयोग का हक संवैधानिक अधिकार है, जिसे किसी विधायी प्रक्रिया से सीमित नहीं किया जा सकता। लोकतंत्र में सबसे महत्वपूर्ण स्टेकहोल्डर्स नागरिक हैं और हर चुनावी प्रक्रिया पर उनको विश्वास होना चाहिए। इसलिए एपिक को आधार से जोड़ने के लिए देशव्यापी चर्चा होनी चाहिए और मतदाता की हर चिंता को दूर किया जाना चाहिए। इससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत होगा।

## सोशल मीडिया

मुख्यमंत्री की नाक के नीचे फिर आज पटना में करोड़ों की लूट, अपराधी बहुत सचेत हैं क्योंकि मुख्यमंत्री अचेत हैं। अपराधियों की बहार है क्योंकि बिहार में नीतीशे सरकार है। तेजस्वी यादव.



मॉरीशस में गंगा तलाओ में वापस आना भावुक अहसास था, अपने पवित्र पानी के पास खड़े होकर, कोई भी गहरे आध्यात्मिक संबंध महसूस कर सकता है। पीएम मोदी.



भारत दौरे के दौरान बिल एंड मिलिंडा गेट फाउंडेशन के संस्थापक बिल गेट्स से मुलाकात की, हमने फाउंडेशन के साथ मातृ स्वास्थ्य एवं टीकाकरण की प्रगति पर चर्चा की। जेपी नड्डा.



# मनुष्य के सद्गुण

## अंतर्दृष्टि

भगवान से मांगने योग्य वस्तुएं श्रद्धा, हिम्मत, श्रमनिष्ठा, सच्चरित्रता, करुणा, ममता, पवित्रता और विवेकशीलता जैसी वे सद्भावना एवं सत्प्रवृत्तियां हैं जो विपन्नता को सम्पन्नता में बदल देती हैं और अभाव रहते हुए जिनके कारण विपुल सम्पन्नता का सुख अनुभव होता रहता है। प्रगति और सफलता का सारा आधार सद्गुणों पर अवलम्बित है। उनके बिना अकस्मात् किसी प्रकार कोई लाभ मिल भी जाये तो उसे संभालना और स्थिर रखना संभव न होगा। सदुपयोग केवल उस वस्तु का किया जा सकता है जो उचित मूल्य देकर उपार्जित की गयी है। अनायास बिना परिश्रम के मिली हुई सम्पत्ति का उपव्यय ही होता है और उससे अनेक व्यसन और उद्वेग पैदा होते हैं जिनके कारण वह उपलब्धि सुखदायक न होकर अनेक विपत्तियां और विकृतियां उत्पन्न करने का कारण बन जाती है। भगवान जिस पर प्रसन्न होते हैं उस सद्गुणों का उपहार देते हैं क्योंकि वे अपने आप में इतने महान हैं कि यदि साधन सम्पन्ता न भी हो, तो भी केवल उन सद्गुणों की सम्पदा के आधर पर मनुष्य सुखी समुन्नत और सम्मानित जीवन जी सकता है। यही दिव्य संपदाएं भगवान से मांगनी चाहिए। यही हैं वे विभूतियां जिन्हें वे अपने भक्तों को दिया करते हैं। भौतिक सफलताएं हमें अपनी भुजाओं और कलाइयों से मांगनी चाहिए। अपनी अकल को तेज करना चाहिए और सूझ बूझ से काम लेना चाहिए। अवरोध उत्पन्न करने वाली त्रुटियों को सुधारना चाहिए। सफलता का द्वारा खुल जायेगा। भगवान स्वयं अपनी विधि व्यवस्था में बंधे हुए हैं। उन्होंने इस संबंध में अपने आपके साथ तक कोई रियायत नहीं की, अपने सगे संबंधियों तक को छूट नहीं दी।

कर्मफल की व्यवस्था को ही सर्वत्र प्रधान रखा। ऐसा न होता तो कोई पुरुषार्थ करने के लिए ही क्यों होता और कुकर्मों से बचने के लिए किसी को आवश्यकता ही क्या पड़ती? प्रार्थना मात्र से सारी सुविधाएं मिल जाती तों फिर कठोर, कर्मठता के लिए कठिबद्ध होने की इच्छा ही क्यों होती? जिन मनुष्यों की वासनाएं शांत हो गयी हैं, उनके मन मंदिर में आठोयम प्रेम ज्योति प्रज्जवलित है। वे इन्द्रियों के दास नहीं, इन्द्रियां स्वयं उनकी दासता में रहती हैं। सांसारिक प्रपंच किसे कहते हैं, इससे उन्हें कोई प्रयोजन नहीं। वे समय पर धर्म की बेदी पर प्राण न्यौछावर करने के लिए तत्पर रहते हैं और धर्म संस्थापन के लिए ही जीवन है। सरलता, नम्रता, सहनशीलता, सम्प्रति ही उनके जीवन के मुख्य साधन हैं। उनमें अहं भव का नाम-मात्र भी नहीं होता। ऐसे मनुष्य सत्य की शीतल छाया में जीवन व्यतीत करते हैं।

# भारी बला है हंसना!

## व्यंग्यलोक

हंसना बहुत रहस्यमई कला है। अगर हंसते हुए फंस गए तो यह भारी बला है। पहले हंसे, फिर फंसे और प्यार में धंसे तो यह भारी जलजला है। हर ट्रक-टेंपो पर जीवन का असली भेद वाक्य गुदा हुआ है कि हंस मत पगली प्यार हो जाएगा। अगर कोई पगली हंस जाए तो शर्तिया प्यार हो जाता है। प्यार की दुनिया में पहला कदम धरने के लिए हंसना बहुत जरूरी है। हंसते-हंसते फंसना बहुत जरूरी है। हंसने पर प्यार और फिर वार ही वार। मीरा ने साफ कहा था- 'जो मैं यह जानती, प्रीत करे दुख होय, तो नगर ढिंढ़ोरा पीटती, प्रीत न करियो कोय।' हंसने की इच्छा हो जाए तो इसके लिए शर्मिंदा मत होइए। गंभीर या दुखद अवसरों पर हंसने की इच्छा होनी बहुत स्वाभाविक है, क्योंकि इससे आपको परेशानी में कमी होती महसूस होती है। दूसरों की परेशानी और दूसरों के दुख में ही तो खुद को असली हंसी आती है। अगर आपको बीवी के सामने भूले भटके हंसी आ जाए तो तुरंत उसे रोकिए। आप हंसे नहीं कि फंसे नहीं। आज तक कोई मां का इक लाल, माइक का लाल, माया का दलाल अथवा माई का लाल बीवी के सामने नहीं आ सका है। इसके लिए आप कमरे में किसी एक जगह अपनी नजरें केन्द्रित करके शून्य में प्रायश्चित कीजिए। इस समय जब बीवी आपको ताक रही है तो आपका मुंह से सांस लेना कतई संभव नहीं होगा। तब आप तुरंत अपना मुंह बंद कर लें और केवल नाक से ही गहरी-गहरी सांस लेना शुरू कर दें। यह मंत्र तो आपको पहले ही पता है कि हंसे नहीं कि फंसे नहीं। अगर बीवी के सामने हंसे तो वार होगा और फंसना पक्का तय है। बीवी के सामने असली मंत्र यही है- हंस मत पगले वार हो जाएगा। पड़ोसन के सामने हंसे तो फिर शर्तिया प्यार होगा और फंसना पक्का तय है। प्यार हो या वार फंसना तो पक्का! बेवकूफ लोग होते हैं जो यह कहते हैं कि हंसने से तनाव कम होता है। जिंदगी का असली फंडा है कि अगर आप हंसे तो तनाव बढ़ना पक्का। द्रौपदी ने अंधे का बेटा अंधा कहकर जोरदार कहकहा लगाया था और इसी से एक नया महाभारत पैदा कर दिया था। द्रौपदी की हंसी से वह इंद्रप्रस्थ की जनता फंसी और खुद युद्ध की आग में धंसी। सुलोचना मेघनाथ की पत्नी थी। रणभूमि में मेघनाथ का कटा हुआ सिर पत्नी सुलोचना को देख कर जोर-जोर से हंसने लगा। कहते हैं कि मेघनाथ मरने के बाद ही पत्नी के सामने हंस पाया था। आज के नेताओं और मंत्रियों की चलाकियों के आगे जनता का हंसना दुर्लभ है। फिर आप किस खेत की मूली हैं?



पूरन सरमा

# बड़ी सफलता के लिए बड़ा जोखिम भी लेना पड़ता है



कॅरियर

नयनतारा

साल 2024 का यूपीएससी रिजल्ट 16 अप्रैल 2024 को दोपहर बाद घोषित किया गया था। इस रिजल्ट में उत्तर प्रदेश के आदित्य श्रीवास्तव ने साल 2024 के लिए देशभर में टॉप किया है। यह उनका तीसरा प्रयास था। मौजूदा समय में आदित्य हैदराबाद में आईपीएस की अंडर ट्रेनिंग में हैं। कानपुर आईआईटी से बीटेक-एमटेक (डयुअल डिग्री) करने वाले आदित्य ने पढ़ाई के बाद 40 लाख रुपये सालाना पैकेज की नौकरी भी की, लेकिन जल्द ही उनका नौकरी से जी भर गया, क्योंकि उन्हें लग रहा था कि इस नौकरी में पैसा कमाने के अलावा मन का कुछ नहीं कर पा रहे, इसलिए उन्होंने नौकरी छोड़ दी और यूपीएससी की तैयारी करने की सोची। हालांकि इस पर उनके बॉस, रिश्तेदारों आदि ने उन्हें बहुत समझाया कि वो नौकरी न छोड़ें। लेकिन आदित्य ने किसी की बात नहीं मानी। उन्हें अपनी प्रतिभा पर भरोसा था और वह यह भी मान रहे थे कि जोखिम लेकर वह गलती नहीं कर रहे। आखिरकार बड़ी सफलता के लिए बड़े जोखिम की दरकार होती हैं।

हालांकि पहले प्रयास में वह यूपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा भी नहीं पास कर पाये थे, इससे उन पर अपने निर्णय को बदलने के लिए और भी ज्यादा दबाव बढ़ गया था। लेकिन उन्होंने किसी की नहीं सुनी, अपने पर भरोसा किया और दूसरे प्रयास में ही 136वीं रैंकिंग हासिल कर ली, जिसके चलते उन्हें आईपीएस सर्विस में चांस मिला, लेकिन उनका लक्ष्य तो आईएएस बनना था। इसलिए वह अब भी संतुष्ट नहीं हुए और 2023 में फिर से परीक्षा में बैठे और अपने इस तीसरे प्रयास में टॉप कर लिया। भला किसके मां-बाप अपने बच्चे की इतनी बड़ी सफलता पर खुशी नहीं जाहिर करेंगे। आदित्य के पिता अजय श्रीवास्तव सेंट्रल ऑडिट डिपार्टमेंट में एएओ के पद पर कार्यरत हैं और उन्हें भरोसा था कि उनका बेटा सिविल सेवा में अपनी मनचाही सर्विसेज हासिल कर लेगा। इसलिए उन्होंने एक बार भी बेटे को हतोत्साहित नहीं किया। आदित्य की मां आभा श्रीवास्तव सामान्य गृहिणी हैं और उनकी एक बहन इन दिनों नई दिल्ली में सिविल सेवा की तैयारी कर रही है। रिजल्ट के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में खुशी जताते हुए आदित्य ने कहा कि वह सचमुच खुश हैं, क्योंकि आईएस बनना उनका सपना था और उन्हें पता था कि वह बड़े पैकेज की नौकरी छोड़कर कोई जोखिम नहीं ले रहे। आखिरकार कोई भी पैकेज किसी सपने से बड़ा नहीं होता।

आदित्य श्रीवास्तव के बारे में अभी बहुत सारी खास जानकारियां आने वाले दिनों में आयेंगी, लेकिन रिजल्ट के तुरंत बाद उनके बारे में जो कुछ बातें स्पष्ट हुई हैं, वह ये हैं कि अगर आप फोकस होकर अपने लक्ष्य के साथ किसी परीक्षा को क्रेक करने की कोशिश करते हैं तो सफलता मिलनी तय होती है। आदित्य श्रीवास्तव का मूलमंत्र ही था अपने लक्ष्य पर फोकस करना। इसलिए उन्होंने आईपीएस की ट्रेनिंग करने के दौरान ही अपने को इस लक्ष्य से जरा भी नहीं भटकाया और महज दूसरे साल ही सपनीला नतीजा हासिल कर लिया। हालांकि अभी तक नये सिरे से आदित्य श्रीवास्तव ने अपनी इस सफलता के लिए कोई टिप्स नहीं दिए, लेकिन इसके पहले जब उन्होंने आईपीएस सर्विस हासिल की थी तो बताया था कि वह औसतन छह से सात घंटे पढ़ते थे, बीच बीच में ब्रेक लेते थे और पढ़ने के किसी एक मोड की बजाय ज्ञान हासिल करने के सारे प्रारूपों का इस्तेमाल करते थे यानी वह अखबार और मैगजीनें भी पढ़ते थे। सोशल मीडिया में विशेषकर यू-ट्यूब में सिविल सेवा से संबंधित वीडियो भी देखते थे और आंख मूंदकर सिर्फ ऑडियो पर फोकस करके संबंधित पोडकास्ट भी सुनते थे। लब्बोलुआब यह कि वह किसी एक मीडियम पर पूरी तरह से निर्भर नहीं थे। शिक्षा शास्त्री भी इसी तरीके को सही तरीका बताते हैं। क्योंकि एक तरीके से पढ़ने पर हम जल्दी ऊब जाते हैं और जल्दी थक भी जाते हैं। इसलिए बेहतर है आप भी जब इस ज्यादा पढ़ने और समझने पर फोकस करें तो एक मीडियम की बजाय सभी संभावित मीडियम को बदल बदलकर इस्तेमाल करें। दरअसल आज सोशल मीडिया सिर्फ हमारे लिए बिगड़ने का जरिया ही नहीं है बल्कि कुछ बनने के लिए वरदान की तरह भी है। अगर हम चाहें तो दुनियाभर का नॉलेज इसी सोशल मीडिया से हासिल कर सकते हैं बशर्ते हमें अपने पर भरोसा हो।

## आपकी बात

### युवाओं में जरूरी है कौशल

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए जहां कम से कम छह माह या फिर संबंधित ट्रेड में दक्षता हासिल करने के लिए जरूरी समय तक प्रशिक्षण दिया जाये। जब युवा स्वरोजगार के लिए ही प्रशिक्षण करने जाते हैं तो फिर उनको आधा अधूरा ट्रेनिंग अगर दिया जायेगा तो फिर वे आगे चलकर स्वरोजगार में भी विफल हो जायेंगे।

**वीरेंद्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

### बड़ा संकट है वायु प्रदूषण

केन्द्र सरकार ने श में वायु प्रदूषण की स्थिति क्या है यह हर जगह पता चल जाती है। महानगरों में वाहनों की रेलम-पेल, विकसित हो रहे दूसरे श्रेणी के शहरों में सड़क किनारे उड़ती धूल, नवनिर्माण और बेतरतीब जाम से वायु मंडल में प्रदूषित हवा का जो कॉकटेल बनता है, उसकी चपेट में आकर लोगों की सांसें थम रही हैं। अस्पताल सांस रोगियों से भरे हैं। बार-बार सर्दी, जुखाम, छींकते-खांसते लोग बता रहे हैं कि शहरों की आबो-दिन प्रतिदिन खराब हो रही है। एयर क्वालिटी को लेकर पूर्व में जो रिपोर्ट आयी है उसमें वैश्विक रैंकिंग में जहरीली हवा के मामले में देश के अनेक शहर जैसे लुधियाना, कानपुर से लेकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक टॉप कर चुके हैं। इस बार बिहार का बेंगुसराय इस लिस्ट में टॉप पर है। स्विस संगठन आईक्यूएआईआर की वायु गुणवत्ता रिपोर्ट में भारत को दुनिया का तीसरा सबसे अधिक प्रदूषित देश बताया गया है। इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर पाकिस्तान और पहले स्थान पर बांग्लादेश है। अर्थात दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों की सूची में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर बांग्लादेश, पाकिस्तान और भारत हैं। ये तीनों देश सात दशक पहले एक ही थे इसलिए यह कहा जा सकता है कि नगर नियोजन यातायात प्रबंधन, सड़कों के रखरखाव, लापरवाही और डस्ट की समस्या पर गंभीरता नहीं है। इसीलिए दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में बेंगूसराय सबसे ऊपर है, लेकिन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की हालत भी बहुत खराब है। प्रदूषण की समस्या देश में बहुत जटिल है।

**प्रमोद कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## पर्यटन उद्योग बहुत ही आकर्षकः दीपक तिवारी

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग में अलकनंदा क्रूज, वाराणसी के सीनियर मैनेजर दीपक कुमार तिवारी ने एमबीए टूरिज्म एवं एमबीए हॉस्पिटैलिटी के छात्र एवं छात्राओं को अपने कॅरियर के चुनाव से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि जॉब करना उतना आसान नही है उसमें आपको अपना 100 प्रतिशत देना होगा तभी नौकरी में सफल होंगे। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि शुरूआती दौर में कुछ समस्याएं झेलनी पड़ती है। सकारात्मक सोच के साथ कार्य करेंगे तो जीवन का आंनद उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि पर्यटन उधोग बहुत ही आकर्षक उधोग है। यहां देश दुनिया के लोगों से मिलेंगे और अपनी संस्कृति का परिचय देंगे, जो आपके भविष्य में बहुत ही लाभप्रद होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यटन उधोग में रोजगार की कोई कमी नही है बस इसके लिये अपने को तैयार करना होगा। विभागाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन में आगे बढने के लिए अध्ययन बहुत जरूरी है। इसी से सफलता के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 महेन्द्र पाल सिंह ने किया। इस अवसर विभागीय शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# त्वरित कार्यवाही के लिए कार्य कर रहा महिला आयोगः डॉ. प्रियंका मौर्या

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य डा. प्रियंका मौर्या की उपस्थिति में महिला उत्पीडन से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण के लिए सर्किट हाउस अयोध्या में पीड़ित पक्ष के साथ बराबर में बैठकर जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान लगभग 51 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें सभी प्रकरणों के समाधान के लिए डा. प्रियंका मौर्या द्वारा मौके पर सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान महिला उत्पीडन, घरेलू हिंसा, मार-पीट, पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार, पुलिस विभाग से सम्बंधित, कब्जे से सम्बंधित व दहेज उत्पीड़न से सम्बंधित प्राप्त हुये, जिनको सदस्य ने प्रत्येक आवेदन को बहुत ही गम्भीरता के साथ सुना गया। कई प्रकरणों में महिलाएं काफी भावुक हो गयी जिस पर सदस्य द्वारा उनको ढांढस बंधाया गया तथा कहा वे उनके साथ है और उन्हें न्याय अवश्य मिलेगा। साथ ही सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का भी लाभ उन्हें दिलाया जायेगा। राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंका मौर्या ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि जनसुनवाई के दौरान जो भी पीड़ित महिलाएं आयी है उनकी समस्याओं का तुरन्त निस्तारण करने का प्रयास किया जा रहा है। सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से तत्काल वार्ता कर प्रकरण को निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके साथ ही बहुत सारे मामलों को आपसी वार्ता से भी निस्तारित कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही पीड़ित महिलाओं व उनके बच्चों के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है, जिससे पीड़ित पक्ष व उनके आश्रितों को किसी प्रकार की असुविधा न हों। सदस्य द्वारा सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण हेतु भी आदेश दिये गये है। उनके द्वारा कहा गया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं की सुनवाई जनपद स्तर व मुख्यालय स्तर पर गम्भीरता के साथ की जाती है। यदि पीड़ित को लग रहा है कि कार्यवाही धीरे चल रही है तो उसके लिए राज्य महिला आयोग उन पीड़ित महिलाओं के साथ है और राज्य महिला आयोग उनके लिए त्वरित कार्यवाही के लिए

- महिलाओं की सहायता के लिए जारी टोल फ्री नंबर 1090 व डायल 112 का आवश्यकता पड़ने पर करें उपयोग



कार्य कर रहा है। जनसुनवाई के आयोजन का मुख्य उद्देश्य पीड़ित महिलाओं की सहायता करते हुये उनको न्याय दिलाना व उत्पीड़न से बचाना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्पीड़न से सम्बंधित प्रकरणों के सुनवाई एवं निस्तारण हेतु उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के सदस्यों द्वारा प्रत्येक जनपद में जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है, जिसमें महिला स्वयं उपस्थित होकर अपनी शिकायतें बता सकती है। इसके उपरांत मा0 सदस्य द्वारा अभी अन्य निरीक्षण किये जा रहे है। राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंका मौर्या ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए आवाज उठानी चाहिए, किसी भी स्थिति में दबना नहीं चाहिए, और शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाना चाहिए। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे अपने हक के लिए आगे आएं और किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के खिलाफ मजबूती से लड़ें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं की सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 1090 व डायल 112 सहित अन्य नं सक्रिय है, उत्पीड़न की शिकायत इस पर की जा सकती है। जनसुनवाई के दौरान उपजिलाधिकारी अरविंद कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्विनी कुमार, पुलिस उपाधीक्षक योगेन्द्र कुमार, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण, शिकायतकर्ता व उनके परिजन उपस्थित रहे।

## महिला जनसुनवाई दिवस आयोजित

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग बहराइच के निरीक्षण भवन में आयोजित महिला जनसुनवाई दिवस के अवसर पर आयोग की सदस्य श्रीमती अंजु प्रजापति ने महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित मामलों की सुनवाई की।

महिला जनसुनवाई दिवस के अवसर पर आयोग की सदस्य श्रीमती अंजु प्रजापति द्वारा थाना विशेश्वरगंज अन्तर्गत श्रीमती निशा देवी पुत्री अजय कुमार, श्रीमती सुमन देवी पत्नी रामनाथ, थाना फखरपुर अन्तर्गत श्रीमती अन्जुम बानो पत्नी सफीजुद्दीन, श्रीमती सायमा बेगम पत्नी अल्ताफ, मोहल्ला नाजिरपुरा नि. श्रीमती रूखसाना पत्नी स्व. मोहम्मद अली, श्रीमती तमन्ना पत्नी मोहम्मद कलाम, थाना कैसरगंज अन्तर्गत श्रीमती सराज कुमार पत्नी भोलानाथ, थाना हुजूरपुर अन्तर्गत श्रीमती द्रोपदी देवी पत्नी स्व. दौलत राम, श्रीमती विमला देवी पत्नी सुनील कुमार, श्रीमती रजनी पत्नी बालकराम तथा थाना सुजौली अन्तर्गत कान्ती पत्नी सनीदेवल से सम्बन्धित आवेदन पत्रों पर सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती प्रजापति ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी थानों पर महिलाओं की समस्याओं की सुनवाई प्राथमिकता पर की जाय ताकि उन्हें त्वरित गति से न्याय मिल सके।

## होली मिलन समारोह का आयोजन



**बाराबंकी।** जिला टैक्स बार एसोसिएशन के तत्वाधान में अधिवक्ताओं द्वारा होली मिलन एंव संगोष्ठी समारोह का आयोजन किया गया। समारोह मे टैक्स बार अध्यक्ष पवन कुमार वैश्य ने कहा होली का त्योहार हमारे देश के सबसे प्रमुख और रंगीन त्योहारों में से एक है। हिंदू परंपराओं से प्रेरित होली, दिवाली के बाद आने वाले सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। यह कुछ जगह पर दो दिनों तक चलता है। जिसकी शुरूआत होलिका दहन से होती है जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक हैं। यह दिन उत्साहपूर्ण रंग खेलने और सौहार्दपूर्णता को बढ़ाने का होता है। इसके उपरान्त लंगर का आयोजन किया गया। समारोह मे राज्य कर उपायुक्त/कार्यालयाध्यक्ष प्रेरणा सिंह, उपायुक्त अंजू उपाध्याय, विकास कुमार सेठ श्रीमती सोनिका, सहायक आयुक्त अंचल अग्रवाल, अजय कुमार श्रीवास्तव, शिवशंकर, ज्योत्स्ना सिंह, अधिवक्ता एपी शर्मा, मनोज जैन, सुरेश शर्मा, आलोक श्रीवास्तव, सी0पी सिंह, रामजी श्रीवास्तव, ब्रजेश यादव, नवीन जायसवाल, रिशी सोनी, वनराज सिंह, राहुल सिंह, दिलीप कुमार गुप्ता, बृजेन्द्र वैश्य, हनुमान वर्मा, सुशील कुमार गुंप्ता, राजन चतुर्वेदी, आशुतोष श्रीवास्तव, सुरेन्द्र मिश्रा, बृजेश दीक्षित, पूर्व महामंत्री शाहीन अख्तर, हुमायूं नईम, सुनीत अवस्थी, बब्बन सिंह, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, संजीव बख्शी, प्रणय बाजपेयी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## 4 जुआरी गिरफ्तार

**बाराबंकी।** थाना टिकैतनगर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 4 अभियुक्त मो0 आजम पुत्र निजाम निवासी मो0 शेखाना कस्बा इचैली थाना टिकैतनगर, अखिलेश कुमार वर्मा पुत्र माता प्रसाद, अशोक कुमार वर्मा पुत्र गोली प्रसाद, चन्द्र राम रावत पुत्र बहादुर निवासीगण मो0 सेलारा कस्बा इचैली थाना टिकैतनगर को 52 ताश के पत्ते, मालफड़, जामातलाशी के कुल 3780 रुपए बरामद करते हुये गिरफ्तार किया।

## 44 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी।** जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 2 वारण्टी व 8 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 44 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

## एएसपी जिला प्रभारी पर हमले के मामले में दो पर केस दर्ज

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी तथा उनके साथी पर हुए हमले के मामले में कुमारगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि मंगलवार को पार्टी के जिला प्रभारी इस्लाम राणा तथा उनके साथी पर कुमारगंज बवां गांव पहुंचते ही गांव के ही बीसू ने अपने साथी शिव मोहन के साथ मिलकर लाठी डंडे से हमला कर दिया था, ग्रामीणों ने किसी तरीके से बीच-बचाव करते हुए दोनों को संयुक्त सौ सैय्या चिकित्सालय कुमारगंज पहुंचाया जहां पर डाक्टरों ने हालात गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार सूरज हरियाणा से बवां गांव निवासी आरोपी बीसू के यहां घूमने आया था। सूरज को इस्लाम समेत गांव के अन्य लोगों से दोस्ती हो गई। यह बात बीसू को नागवार लगी। वह सूरज को वापस हरियाणा भेजना चाहता था। गांव में होने वाले एक भंडारे में शामिल होने के लिए लोगों ने सूरज को रोक लिया था। इससे नाराज बीसू ने अपने साथी शिव मोहन के साथ मिलकर हमला किया। इस्लाम राणा से बुधवार को बात की गयी तो उन्होंने बताया की मैं जिला अस्पताल में भर्ती था, अब छुट्टी मिल गयी है तथा मेरे साथी सूरज का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक कुमारगंज अमरजीत सिंह ने बताया कि इस्लाम राणा की पत्नी शबनम की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है, जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश

- गांव के ही बीसू ने अपने साथी शिव मोहन के साथ मिलकर लाठी डंडे से किया था हमला



## एलएलबी सेमेस्टर परीक्षा में 33 परीक्षार्थी धरे गए



**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एलएलबी त्रिवर्षीय व पंचवर्षीय सेमेस्टर परीक्षा के प्रथम दिन बुधवार को दो पालियों में सचल दल द्वारा विभिन्न केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया जिनमें सघन तलाशी में 33 परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए धरे गए। प्रथम पाली में जस्टिस लॉ कालेज बाराबंकी में 12, बीएनकेबी कालेज अम्बेडकरनगर में 06 परीक्षा नकल करते हुए धरे गए। वही द्वितीय पाली की परीक्षा में टीआरसी लॉ कालेज बाराबंकी में 08, टीएनपीजी कालेज टांडा में 06 व कमला नेहरू भौतिकी एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान सुल्तानपुर में 01 परीक्षार्थी नकल करते हुए धरा गया। इन परीक्षार्थियों पर परीक्षा नियमानुसार कार्यवाही की गई। दूसरी ओर शासन के मंशानुरूप नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने दोनों पालियों में विश्वविद्यालय के कंट्रोल रूम से केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरे के संचालन की पड़ताल की। परीक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए केन्द्राध्यक्षों को पारदशीर्पूर्ण परीक्षा कराने का आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया।

विवि के मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुवेर्दी ने बताया कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की एलएलबी त्रिवर्षीय व पंचवर्षीय सेमेस्टर परीक्षा बुधवार से दो पालियों में शुरू हो गई है। इस परीक्षा में 21,459 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1065 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## जहीर हसन के निधन पर कांग्रेस ने जताया दुख

**अयोध्या।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बीकापुर विधानसभा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मरहूम जहीर हसन के निधन पर गहरा दुख जताया। उनके द्वारा भेजे गए शोक संदेश को कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उनके पुत्र ग्राम प्रधान नफीस अहमद को दिया। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने अपने शोक संदेश में कहा कि मरहूम जहीर हसन जी अयोध्या जिले में ब्लाक बीकापुर के कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता थे। वे दो बार जिला पंचायत सदस्य तथा प्रधान रहे। मृतक जहीर हशन के पुत्र प्रधान मोहम्मद नफीस को उनके पैतृक गांव कुढा कल्याणपुर चकडुबिया जाकर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल, ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष सिंह ,वरिष्ठ नेता राजकुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में एनईपी सहायकः प्रो. प्रतिभा गोयल



जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने कहा कि सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक राष्ट्रीय शिक्षा नीति का अनिवार्य रूप से अनुशीलन करें। यह विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करता है। इसमें सभी की सहभागिता बढचढ कर होनी चाहिए। कुलपति ने बुधवार को दोपहर कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में पीएम उषा योजनान्तर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 विषय पर एक दिवसीय महत्वपूर्ण कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कही। कुलपति ने बताया कि एनईपी के संदर्भ में यूजीसी द्वारा जारी किए गए कैरीकुलम और क्रेडिट में स्नातक चार वर्षीय प्रोग्राम 20 केडिट प्रति सेमेस्टर का प्रावधान किया गया है।

इसे पहले उत्तर प्रदेश शासन के एनईपी की संरचना में छात्रों के ऊपर अधिक अधिभार था जिसे नई गाइड लाइन में कम कर दिया है। विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा के वर्तमान यूजी-पीजी प्रोग्राम में 20 क्रेडिट प्रति सेमेस्टर के प्रावधान को अंगीकृत किया जायेगा। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था कला, विज्ञान वाणिज्य आदि संकायों में त्रिवर्षीय बहुविषयक स्नातक तथा चार वर्षीय स्नातक (मानद व मानद शोध सहित) प्रोग्राम में लागू होगा। कार्यशाला में उत्तर प्रदेश एनईपी के विशेषक डॉ. दिनेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि एनईपी की नई गाइड लाइन को सभी शिक्षण संस्थानों को अपनाना होगा।

उन्होंने बताया कि विद्यार्थी का प्रवेश तीन वर्ष की स्नातक डिग्री के लिए और चैथे वर्ष में प्रवेश परास्नातक प्रथम वर्ष में होगा। चैथे वर्ष में विद्यार्थी चार वर्ष की स्नातक (मानद), स्नातक (शोध के साथ मानद) स्नातक में से किसी एक का चयन कर सकता है। यह व्यवस्था वही लागू होगी जहां स्नातक परास्नातक कार्यक्रम संचालित है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय व महाविद्यालय के विद्यार्थी प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ वर्ष के पश्चात अपने पाठ्यक्रम में एग्जिट कर सकते है। इसके लिए विद्यार्थी को प्रार्थना-पत्र पाठ्यक्रम का उल्लेख करते हुए प्रस्तुत करना होगा। इस कार्यशाला में डॉ. शर्मा ने एनईपी के कई प्रश्नों का समाधान भी किया। विवि एनईपी संयोजक प्रो. संत शरण मिश्र ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि थ्योरी के एक क्रेडिट के पेपर में एक घण्टा प्रति सप्ताह को शिक्षण कार्य होगा। जिसमें एक सेमेस्टर के 15 सप्ताह में 15 घण्टे का कार्य कराना होगा।

प्रैक्टिकल, इन्टर्नशिप, फील्डवर्क आदि के एक क्रेडिट के पेपर में दो घण्टे/प्रति सप्ताह का शिक्षण कार्य किया जायेगा। शिक्षक के कार्यभार की गणना में थ्योरी के एक घण्टे को कार्यभार प्रैक्टिकल, इन्टर्नशिप, फील्डवर्क आदि के दो घण्टे के कार्यभार के बराबर होगा। उन्होंने बताया कि क्रेडिट संबंधित समस्त कार्य ऐकेडमिक, बैक ऑफ क्रेडिट के माध्यम से किए जायेंगे। कार्यशाला में प्रो0 आशुतोष सिन्हा, प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह, प्रो0 अशोक राय, प्रो0 दानपति त्रिपाठी, प्रो0 नीलम पाठक, प्रो0 तुहिना वर्मा, प्रो0 आलोक सिंह, प्रो0 मंजुषा मिश्रा, प्रो0 सुषमा पाठक, प्रो0 समीर सिन्हा, डॉ0 स्मिता सक्सेना, डॉ0 महेन्द्र सिंह सहित विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं संयोजक आनलाइन व ऑफलाइन जुड़े रहे।

## सपा ने मुस्लिम धर्मगुरुओ को भी किया शामिलः वसीम राईन

**बाराबंकी।** मुसलमानों को 18 प्रतिशत आरक्षण का झूँठा ऐलान करने की साजिश में समाजवादी पार्टी ने मुस्लिम धर्मगुरुओं को भी शामिल कर लिया। और हुआ वही जिसका अंदाजा पहले से था वोट लेकर सत्ता में आने के बाद सपा वादा भूल गई। सपा के सुर में सुर मिलाने वाले मौलाना भी सपा से दूर नही हुए बल्कि उनका साथ पहले की तरह मजबूत है। अब यह बताने की जरुरत नहीं कि झूठ किसने बोला और शिकार कौन हुआ। उक्त प्रतिक्रिया आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही। उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 2012 चुनाव से पहले जारी विधानसभा के सपा के घोषणापत्र में मुसलमानो को 18 प्रतिशत आरक्षण देने का ऐलान किया गया। सपा के इस ऐलान में मुसलमानों के धर्मगुरु फिरंगी महली व जमीयत उलेमा ए हिंद के सदर मौलाना मदनी, बुखारी आदि भी शामिल रहे और मुसलमानों से समाजवादी पार्टी के पक्ष में वोट करने की अपील की। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने आगे कहा कि सपा ने तो मुसलमानों के साथ धोखा किया ही उनसे बड़ा फरेब मौलाना व धर्मगुरुओं ने किया। इससे जाहिर है कि जितना मुसलमान सियासी दलों की साजिश का शिकार हुए, उससे अधिक वह मुस्लिम धर्मगुरु व अगुवाई करने वालो के निशाने पर रहा। बार बार किसी की कठपुतली बनने से बेहतर है कि मुसलमान उसके साथ कदम से कदम मिलाए जो भागीदारी व हिस्सेदारी की बात करे और न सिर्फ कहे बल्कि करके दिखा दे। वही यूपी में राज करेगा।

## बकाया टैक्स बकायेदारो पर सख्ती के मूड में परिवहन विभाग

**बाराबंकी।** वाहनों के बकाया टैक्स जमा न करने और बार-बार नोटिस की अनदेखी करने वाले बकायेदारों पर परिवहन विभाग अब सख्ती का मूड बना चुका है। जिसको लेकर उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय के 20 बड़े बकायेदारो की सूची जारी कर वाहन स्वामी के नाम, पता और फोटो सोशल मीडिया पर प्रचारित किये जायेगे। जिससे वाहन स्वामियो को शर्मिंदगी का एहसास होगा। इस सम्बन्ध मे जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने बताया कि व्यवसायिक वाहनो स्वामियो द्वारा बकाया टैक्स जमा न करने व नोटिस की अनदेखी करने वाले बड़े बकायेदारो को रिकवरी नोटिस जारी होने के बाद भी वसूली के लिए विभाग की ओर से चलाई गई एकमुश्त समाधान शास्ति योजना मे रुचि नही दिखाई। जिसके बाद 20 बड़े बकायेदारो की सूची जिसमे नाम, पता और फोटो को सोशल मीड़िया पर प्रचारित किया जायेगा। एआरटीओ ने आगे कहा कि वाहन स्वामी जल्द से जल्द अपना बकाया टैक्स जमा करे। मार्च महीने मे बकाया टैक्स जमा करने पर मेड़िकल सम्बन्धी प्रपत्र के साथ प्रस्तुत करने पर नियमानुसार छूट दी जायेगी। इसके बाद सड़क पर संचालित मिलने पर प्रवर्तन कार्यवाही करते हुये वाहन को सीज किया जायेगा।

## पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह 22 को

**बहराइच।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी सेवानिवृत्त कर्नल एम.सी. ध्यानी ने बताया कि 22 मार्च 2025 को जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, बहराइच में पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह का आयोजन प्रस्तावित है। श्री ध्यानी ने बताया कि समारोह में स्वास्थ्य परीक्षण हेतु मैडिकल कैम्प, ईसीएचएस योजना एवं स्पर्श से सम्बन्धित जानकारी, सीएसडी कैंटीन की सुविधा, स्वतः रोजगार एवं विभागीय कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करने के साथ आर्थिक सहायता वितरण भी किया जायेगा।

श्री ध्यानी ने भूतपूर्व सैनिक/दिवंगत सैनिक के आश्रितों को अधिक से अधिक संख्या में आयोजन का लाभ उठाने की अपील की है।

## रोजगार मेले का आयोजन कल

अयोध्या। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय,मॉडल कैरियर सेंटर एवं राजकीय आई.टी.आई. अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में 21 मार्च, को प्रातः 10.00 बजे से राजकीय आई.टी.आई. परिसर, बेनीगंज, अयोध्या में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की अनेक प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। ऐसे अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष एवं शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, आई.टी.आई. व अन्य है, प्रतिभाग कर सकते है। ऐसे अभ्यर्थी रोजगार मेला आई0डी0-2671 व पोर्टल पर पंजीकरण कराकर प्रतिभाग कर सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ उक्त दिनांक को राजकीय आई.टी.आई. कार्यालय परिसर, बेनीगंज, अयोध्या में उपस्थित हों, इस हेतु किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय आदि देय नहीं है। उक्त जानकारी सहायक निदेशक सेवायोजन अयोध्या ने दी है।

# प्रदेश सरकार व्यावसायिक स्तर पर भेड़/बकरी पालन के लिए पशुपालकों को दे रही है अनुदान

**बहराइच।** उ0प्र0 सरकार प्रदेश में रोजगार वृद्धि करने के लिये बकरी/भेड पालन को बढ़ावा दे रही है। इसके लिये सरकार लोगों को बकरी/भेड़ पालन के लिये सब्सिडी देते हुए प्रोत्साहित कर रही है। भेड़ बकरी पालन योजनान्तर्गत कोई भी व्यक्ति लाभ ले सकता है। किसानों द्वारा पशुपालन कर अपनी आय दो गुनी की जा सकती है। विशेष कर कम लागत और कम श्रम से बकरी/भेड़ पालन लाभकारी है। भारत में बकरे की मांस की काफी मांग है। घरेलू बाजार में भी इसकी बहुत माँग है। अधिक आर्थिक लाभ के कारण बकरी/भेड़ पालन एक अच्छा व्यवसाय है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पशुपालन को बढ़ावा देते हुये पशुपालकों को अनुदान सहित कई सुविधायें दे रही है। प्रदेश के जनपद इटावा में भेड़ एवं बकरी पालन प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की गयी है। यह प्रशिक्षण केन्द्र प्रदेश में प्रथम स्थापित किया गया है। जनपद इटावा में राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत रू0425 लाख की लागत से यह केन्द्र निर्मित किया गया है। इस केन्द्र में 1200 बकरी/भेड़ पालकों/इच्छुक व्यक्तियों को वैज्ञानिक तरीकों से व्यावसायिक भेड़ एवं बकरी पालन का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसमें 30 आवासीय एवं 10 अनावसीय प्रशिक्षणार्थियों को एक बार में 5 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण दिये जाने की सुविधा है। इस वर्ष दिसम्बर 2024 तक लगभग 700 लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया है। भेड़ एवं बकरी पालन प्रशिक्षण केन्द्र इटावा में भेड़ बकरी पालकों/पालन हेतु इच्छुक व्यक्तियों को नवीनतम तकनीक एवं आर्गेनिक विधि (इन्सेक्टीसाइड एवं एन्टीबायोटिक मुक्त) से भेड़ एवं बकरी पालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षणार्थियों को बकरियों में कृत्रिम गभार्धान की उपयोगिता की जानकारी देकर दुग्ध एवं मांस उत्पादकता में सुधार कर भेड़ एवं बकरी पालकों की आय में वृद्धि किया जा रहा है।

प्रशिक्षणार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप दुग्ध एवं मांस के उत्पादन एवं सुव्यवस्थित विपणन की जानकारी दी जाती है। भेड़ एवं बकरी पालन के क्षेत्र में रोजगार सृजन कर भेड़ एवं बकरी पालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार किया जा रहा है। उद्यमिता विकास एवं कृषक संगठनों की मह×ा को दृष्टिगत रखते हुए भेड़ एवं बकरी पालकों/पालन हेतु इच्छुक व्यक्तियों को व्यावसयिक स्तर पर भेड़ एवं बकरी पालन हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। बकरी पालन योजनान्तर्गत प्रति बकरी इकाई (01 नर, 05 मादा बकरियां) उपलब्ध करायी जाती हैं। प्रति इकाई लागत रू045000/- है। जिसमें 90 प्रतिशत अनुदान स्वरूप रू0 40,500/- एवं 10 प्रतिशत रू04,500/- लाभार्थी द्वारा वहन किया जाता है। वि×ीय वर्ष 2024-25 में 739 बकरी पालन इकाइयों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो पूर्ण किया जा रहा है।

बकरियों में कृत्रिम गभार्धान के प्रथम चरण 2023-24 में 35 जनपदों में 490 केन्द्रों के माध्यम से बकरियों में कृत्रिम गभार्धान किये जाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। अद्यतन माह नवम्बर, 2024 तक 11,025 लक्ष्य के सापेक्ष 4,148 कृत्रिम गभार्धान किया जा चुका है। उक्त कार्य हेतु अद्यतन 714 प0चि0अ0/प0प्र0अ0/पैरावेट को प्रशिक्षित किये जा चुके है। भेड़ पालन योजनान्तर्गत प्रति भेड़ इकाई (01 नर, 20 मादा भेड़) उपलब्ध करायी जाती हैं। प्रति इकाई लागत रू0 1,70,000/- है। जिसमें 90 प्रतिशत अनुदान स्वरूप रू0 1,53,000/- एवं 10 प्रतिशत रू017,000 लाभार्थी द्वारा वहन किया जायेगा।

## कथा सुने बिना अज्ञानता का नाश नहीं होताः राधेश शास्त्री

**गोसाईंगंज-अयोध्या।** गोसाईंगंज कस्बे से सटे गोपालपुर गौहनिया गांव में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन वृन्दावन धाम के कथा ब्यास आचार्य राधेश शास्त्री ने कहाकि कथा सुने बिना अज्ञानता का नाश नहीं होता। भागवत कथा से मनुष्य को ज्ञान की प्राप्ति होती है जिससे मनुष्य सत्कर्म करते हुए निर्भय हो जाता है। कथा व्यास ने कहाकि भागवत में लिखा है कि ध्रुव जी मृत्यु के सिर पर पांव रखकर स्वर्ग में गए थे।

भागवत श्रवण करने से काल का भय समाप्त हो जाता है। भागवत सुनकर परमात्मा के साथ प्रेम करने पर उसे काल का भय नहीं लगता। जो भागवत का आश्रय लेते हैं वे निर्भय बनकर मृत्यु को अमंगल मानते हैं। परंतु मृत्यु अमंगल नहीं है मृत्यु काल परमात्मा का सेवक है। अतः मंगल भी है। कथा ब्यास ने कहाकि पाप करते समय तो मनुष्य डरता नहीं है, डरता है तब जबकि पापों की सजा भुगतने का समय आता है। जबकि मनुष्य किसी भी दिन ईश्वर का भय नहीं रखता है। इसलिए वह दुःखी होता है। कहाकि परमात्मा का स्वभाव अतिशय सुन्दर है दूसरों के दुख को दूर करने का परमात्मा का स्वभाव है।

## शिविर आयोजित कर दिव्यांगों को वितरित किये जायेंगे सहायक उपकरण

**बहराइच।** मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि सी.एस.आर. योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण किये जाने के उद्देश्य से 24 मार्च से 29 मार्च 2025 तक जनपद के समस्त विकास खण्डों में शिविर का आयोजन किया जायेगा। सीडीओ ने बताया कि निर्धारित तिथियों पर पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक आयोजित शिविर के सफल आयोजन हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिविर हेतु निर्धारित रोस्टर के अनुसार विकास खण्ड विशेश्वरगंज, पयागपुर एवं हुजूरपुर के लाभार्थियों हेतु विकास खण्ड पयागपुर में 24 मार्च को शिविर आयोजित होगा जिसके नोडल अधिकारी पीडी डीआरडीए होंगे। ब्लाक बलहा व नवाबगंज के लाभार्थियों हेतु विकास खण्ड नवाबगंज में 25 मार्च को शिविर आयोजित होगा जिसके नोडल अधिकारी उपायुक्त स्वतः रोजगार होंगे। ब्लाक मिहींपुरवा के लाभार्थियों हेतु विकास खण्ड मिहींपुरवा में 26 मार्च को शिविर आयोजित होगा जिसके नोडल अधिकारी जिला विकास अधिकारी होंगे। इसी प्रकार विकास खण्ड चित्तौरा, रिसिया एवं बहराइच के लाभार्थियों हेतु विकास खण्ड चित्तौरा में 27 मार्च को शिविर आयोजित होगा जिसके नोडल अधिकारी उपायुक्त मनरेगा होंगे।

ब्लाक शिवपुर, महसी एवं तेजवापुर के लाभार्थियों हेतु विकास खण्ड महसी में 28 मार्च को शिविर आयोजित होगा जिसके नोडल अधिकारी जिला विकास होंगे तथा ब्लाक फखरपुर, कैसरगंज एवं जरवल के लाभार्थियों हेतु विकास खण्ड कैसरगंज में 29 मार्च को शिविर आयोजित होगा जिसके नोडल अधिकारी पीडी डीआरडीए होंगे।

## जनमानस को खादी ग्रामोद्योग द्वारा किया गया जागरूक

**कुशीनगर।** उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड कुशीनगर द्वारा विपणन विकास सहायता योजनान्तर्गत जिले के फाजिलनगर विकास खंड परिसर में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राजेश जयसवाल प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख व विशिष्ट अतिथि रवि कुमार रंजन, खण्ड विकास अधिकारी रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अजीत कुमार सिंह, वरिष्ठ सहायक द्वारा उपस्थित मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि से गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण उपरान्त अतिथिगण को पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा स्वरोजगार स्थापना हेतु विभाग के माध्यम से संचालित रोजगार परक योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया। तथा उपस्थित लोगो द्वारा पूछे गये प्रश्नो का संतोष जनक तरीके से संतुष्ट किया गया साथ ही माटीकला द्वारा संचालित योजनओं के बारे में बताते हुए सभी को जागरूक किया गया तथा उनसे अपने गांव के माटीकला के कारीगरों को इस योजना में लाभ लेने के लिए प्रेरित करने हेतु अनुरोध किया गया।

संक्षेप

## शीतल पेयजल मशीन खराब, पालिका नहीं दे रहा कोई ध्यान

**टूंडला।** पालिका प्रशासन द्वारा नगर के सार्वजनिक स्थानों पर लगाई गई शुद्ध शीतल पेयजल मशीन खराब होकर अब मात्र शोपीस बनकर रह गई है। तहसील परिसर के सामने आमजन के साथ अधिवक्ताओं को शुद्ध पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। पालिका प्रशासन की उक्त पेयजल मशीनों ने गर्मी के दिनों में लोगों की प्यास बुझाने का काम बीते वर्ष पेयजल मशीन ने बखूबी किया। लेकिन इस वर्ष यह शीतल पेय मशीन खराब पड़ी हुई है। मार्च माह के अंतिम पड़ाव पर होने के बावजूद भी नगरपालिका ने यह शीतल पेयजल की मशीन अब तक नहीं सुधारी है। जिसके चलते आमजन के साथ अधिवक्ताओं वर्ग को भी शुद्ध पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों का कहना है कि यह मशीन खराब अवस्था में पड़ी है। इस आगामी भीषण गर्मी में भी राहगीरों को ठंडा पानी नहीं मिलेगा। मशीन खराब होने की शिकायत वार्डवासियों ने जनप्रतिनिधियों से की थी बावजूद इसके मशीन सुधारने के कोई प्रयास नहीं किए गए।

## गैंगस्टर में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना मक्खनपुर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त अजय उर्फ पकौडी को अवैध असलाह सहित गिरफ्तार किया है। थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त अजय उर्फ पकौडी पुत्र कुलदीप शर्मा निवासी कोटला रोड रानी नगर भट्टे वाली गली थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद को एक अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस के साथ नया बायपास सीएनजी पम्प के पास कच्चा रास्ता थाना मक्खनपुर से गिरफ्तार किया गया।

## यमुना में कूदकर युवक ने दी जान

**मथुरा।** आज सुबह रेलवे पुल से यमुना में कूदकर एक युवक ने जान दे दी। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। काफी मशक्कत के तीन घंटे के बाद युवक का शव निकाला गया। शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बहादुरपुरा में रहने वाले रवि (28) पुत्र रमेश घर से निकल आया। लगभग साढे आठ बजे रवि ने रेलवे पुल से यमुना में छलांग लगा दी जिसे आसपास से देख रहे लोगों ने शोर मचाया तो गोताखोर मौके पर पहुंच गए। इस दौरान घाट के किनारे लोगों की भीड़ जमा हो गई। दोपहर लगभग बारह बजे गोताखोरों ने उसका शव निकालने में कामयाब रहे।

## शराब पिलाकर दोस्तों ने की युवक की हत्या

**मथुरा।** मंगलवार शाम दो दोस्तों ने फोन पर युवक को घर से बुलाया और शराब पिलाने के बाद उसकी हत्या कर दी। युवक का शव मथुरा-कासगंज रेलवे ट्रैक से बरामद हुआ है। जिससे पूरे परिवार में आक्रोश है। मगोर्रा थाना क्षेत्र अन्तर्गत कोसीखुर्द के कटैलिया गांव निवासी ऋतिक (22) पुत्र स्वतेंद्र कुंतल एग्रीकल्चर से जुड़ी स्विफ्ट कंपनी में काम करता था। मंगलवार शाम पांच बजे उसके साथी राजपाल पुत्र लालचंद्र निवासी किरावली आगरा और रूपेश निवासी सीरिया की नगरिया राया का फोन आया और उसे बुला लिया। बताया गया कि रातभर ऋतिक अपने घर नहीं पहुंचा तो परिवारीजन बेचैन थे। इसी बीच सुबह पांच बजे जमुनापार पुलिस ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर निर्वस्त्र अवस्था में युवक का शव पड़ा है।

# सांसद के जगन्नाथ मंदिर जाने पर विवाद, शिकायत दर्ज



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ पुरी जगन्नाथ मंदिर में प्रवेश करने को लेकर धार्मिक भावनाएं आहत करने की शिकायत दर्ज की गई है। श्री जगन्नाथ सेना नामक स्थानीय संगठन ने सिंहद्वार पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है जिसमें आरोप लगाया गया है कि हेमा मालिनी ने धार्मिक नियमों का उल्लंघन किया है। पुरी जगन्नाथ से हेमा मालिनी की कई तस्वीरें और वीडियोज भी सामने आए हैं। श्री जगन्नाथ सेना ने आरोप लगाया कि हेमा मालिनी का मंदिर में प्रवेश अवैध था और हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंची है। पुरी के सांसद संबित पात्रा पर भी कार्रवाई की मांग की गई है, क्योंकि वह हेमा मालिनी के साथ मंदिर में गए थे। सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने पर शिकायत दर्ज हुई है। हाल ही में ड्रीमगर्ल पुरी जगन्नाथ मंदिर दर्शन करने पहुंची थीं। मंदिर से वीडियो सामने आने के बाद विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि हेमा का मंदिर में प्रवेश अवैध है। हेमा मालिनी के खिलाफ पुरी के स्थानीय संगठन श्री जगन्नाथ सेना ने शिकायत दर्ज कराई है। सिंहद्वार पुलिस स्टेशन में हुई शिकायत में आरोप है कि हेमा मालिनी ने धार्मिक नियमों का उल्लंघन किया है। श्री जगन्नाथ सेना ने हेमा मालिनी की गिरफ्तारी की मांग कर दी है। संगठन ने आरोप लगाए हैं कि हेमा मालिनी के पति धर्मेंद्र ने उनसे शादी करने के लिए इस्लाम धर्म अपना लिया था और उनकी शादी भी मुस्लिम रीति-रिवाजों से हुई है, ऐसे में उनके मंदिर में प्रवेश करने से हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंची है। उनका जगन्नाथ मंदिर में प्रवेश गैरकानूनी है। श्री जगन्नाथ सेना के मुख्य प्रियदर्शन पटनायक ने कहा कि कानून सभी के लिए समान है। यदि जगन्नाथ मंदिर में इंदिरा गांधी को नहीं जाने दिया गया तो फिर हेमा मालिनी को कैसे मंदिर में प्रवेश दिया गया है। पुरी के सांसद संबित पात्रा के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए, क्योंकि सब जानते हुए वह उनके साथ मंदिर में गए थे।

# विकास परियोजनाओं को जल्द करें पूरा :

**मथुरा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में ग्राम्य विकास/ विद्युत/ लोक निर्माण/ पंचायती राज/ शिक्षा/ समस्त कल्याण विभाग/ वन/उद्योग/ श्रम/ नियोजन विभाग/ कृषि/ सिंचाई/ गन्ना/ उद्यान/मत्स्य/ लघु सिंचाई/ सहकारिता/ दुग्ध एवं पशुपालन विभाग/ 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं तथा जलजीवन मिशन के अन्तर्गत पुनरीक्षित प्राक्कलन पर विचार विमर्श के संबंध में बैठक हुई संपन्न। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो गयी हैं, उन्हें सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर कर दिया जाए तथा जो परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं उन्हें शीघ्र पूर्ण कराया जाए।

जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए कहा कि जिन विभागों की योजनाओं के बिंदुओं पर ए ग्रेड प्राप्त हुआ है, वह संबंधित बिंदुओं में प्रगति बनी रहे तथा जो विभाग बॉटम/नीचे है, संबंधित विभाग उन बिंदुओं पर फोकस करके प्रगति कराएं। उन्होंने कहा कि जिनका डेटा गलत है, उनके सुधार कराए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग एवं निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि सभी सड़कों का निर्माण यथाशीघ्र कराना सुनिश्चित करें, जिससे लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं का निर्माण कार्य समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। सत्यापन में लगाये गये नोडल अधिकारियों द्वारा जो कमियां अंकित की जा रही है, उसका समाधान कराकर अनुपालन आख्या अवश्य उपलब्ध करायें। अपने जनपद को प्रदेश में उच्च स्थान पर लाना है, जिसके लिए कार्यों का प्रतिशत बढ़ाना होगा। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने एवं निर्धारित पोर्टल पर समय से डाटा फीडिंग कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से संबंधित समस्त विभागों के अधिकारियों से कहा कि अपने विभाग की समस्त योजनाओं का नियमित रूप से अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर आधारित समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा फैमिली आईडी की प्रगति पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराएं।

## संजलि हत्याकांड में मोबाइल से मिले सबूतों से आकाश और विजय सजा तक पहुंचे

**आगरा।** लालऊ गांव की रहने वाली दसवीं की छात्रा संजलि को गांव के बाहर जिंदा जलाया गया था। घटना को सुनकर लोगों के दिल दहल गए थे। तब एक ही आवाज उठी थी कि हत्यारों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। आरोपियों की गिरफ्तारी से लेकर सजा दिलाना आसान नहीं था। पुलिस ने एक सप्ताह बाद हत्याकांड का खुलासा किया था। मृतका के ताऊ के लड़के योगेश ने खुदकुशी कर ली थी। उसके मोबाइल से पुलिस को हत्याकांड के सुराग मिलने लगे। बाद में उसके साथियों की गिरफ्तारी हुई। कोर्ट में आरोपियों की कॉल डिटेल, लोकेशन और सीसीटीवी फुटेज अहम साक्ष्य साबित हुए। इससे वह सजा तक पहुंच गए। 18 दिसंबर 2018 को हुई संजलि की हत्या का खुलासा हुआ तो हर कोई हैरान रह गया था। संजलि की मौत के कुछ घंटे बाद ही आत्महत्या करने वाला योगेश मास्टरमाइंड निकला था। इकतरफा प्यार में नाकामी मिलने पर उसने हत्याकांड का तानाबाना बुना था। अपने रिश्तेदारों आकाश और विजय को 15-15 हजार रुपये का लालच देकर साजिश में शामिल किया था। पुलिस ने 25 दिसंबरए 2018 को हत्याकांड का खुलासा किया था। आकाश और विजय को जेल भेजा था। खुलासे पर बताया था कि घटना से पहले योगेश ने संजलि को साइकिल खरीदकर दी थी। घर पर बोला था कि संजलि ने प्रतियोगिता में जीती है। उसने कंप्यूटर से प्रतियोगिता का प्रमाणपत्र भी तैयार किया था। उसके गलत इरादों का पता चलने पर संजलि ने उससे दूरी बना ली थी। बात करना बंद कर दिया था। व्हाट्सएप पर लिखकर दिया था कि तुम भाई कहलाने लायक नहीं हो। 23 नवंबर को संजलि के पिता पर हमला हुआ था। इस पर उसे लगा था कि योगेश ने कराया होगा। उसने व्हाट्सएप पर उसे लिख दिया कि यू आर लूजर। तभी उसने हत्या की सोची थी। एडीजीसी क्राइम सत्यप्रकाश धाकड़ ने बताया कि संजलि हत्याकांड में आरोपियों को सजा दिलाने के लिए प्रभावी पैरवी की गई। मास्टरमाइंड योगेश ने खुदकुशी की थी। उसके साथी पकड़े गए थे। योगेश ने घटना से एक दिन पहले फूलप्रूफ प्लानिंग की थी। पुलिस को चकमा देने के लिए उसने छोटी से छोटी चीज को ध्यान में रखते हुए प्लान बनाया था।

# भव्य रूप से हुआ हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम

**फिरोजाबाद।** जनपद स्तर पर ब्लॉक संसाधन केन्द्र, फिरोजाबाद के परिसर में हमारा ऑगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ब्लॉक प्रमुख फिरोजाबाद लक्ष्मी नारायण एडीएम (विरा) विशु राजा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पाण्डेय के द्वारा सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा ब्लॉक प्रमुख फिरोजाबाद एडीएम (विरा), प्राचार्य डायट एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को बुके एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। जया शर्मा एवं सुभाष एसआरजी के ने हमारा ऑगन हमारे बच्चे कार्यक्रम के महत्व के बारे में बताया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं ऑगनवाड़ी के बच्चों की प्रारम्भिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। ब्लॉक प्रमुख फिरोजाबाद, एडीएम एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा




कार्यक्रम में जनपद के 20 निपुण बच्चों, 10 उत्कृष्ट शिक्षकों 10 उत्कृष्ट शिक्षक संकुलों 10 ऑगनवाड़ी सुपरवाईजर, 10 ऑगनवाड़ी कार्यकत्री, तथा निपुण छात्रों के अभिभावकों को स्मृति चिन्ह स्कूल बैग, प्रशस्ति पत्र मेडल उपलब्ध कराते हुए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डायट एवं जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रतिभाग कर बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में विकास खण्डवार उत्कृष्ट टीएलएम के प्रदर्शन की व्यवस्था की गई थी। विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों से सम्बन्धित टीएलएम की स्टॉल भी लगाई गई थी। प्राचार्य डायट एवं जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ प्रत्येक विकास खण्ड के टीएलएम को देखा गया। कार्यक्रम में विद्यालय स्तर पर उपलब्ध कराई गई गणित किट तथा वण्डर बॉक्स का प्रदर्शन भी किया गया। जया शर्मा एसआरजी के द्वारा वण्डर बॉक्स के प्रयोग की विधि एवं एआरपी गणित टूण्डला ने गणित किट के प्रयोग की विधि से अवगत कराया।

# रुनकता गांव में रेणुका धाम के पास बन रहा पुल अटका

- टीटीजेड में पुल के निर्माण पर यूपीएसबीसीएल को सुप्रीम की फटकार, पांच लाख का जुर्माना

**आगरा।** सुप्रीम कोर्ट ने बिना अनुमति के ताज ट्रेपेजियम जोन (टीटीजेड) में यमुना पर पुल निर्माण कार्य आगे बढ़ाने पर उप्र राज्य सेतु निगम लिमिटेड (यूपीएसबीसीएल) को फटकार लगाई है। कोर्ट ने उस पर पांच लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया। कल कोर्ट ने सुनवाई की और राज्य सरकार की कंपनी के रवैये पर हैरानी जताई। कोर्ट ने यह भी पूछा है कि कोर्ट की इजाजत के बगैर कंपनी पेड़ों की कटाई कैसे आगे बढ़ा सकती है। बता दें कि यमुना पर जिस पुल को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने उप्र राज्य सेतु निगम को फटकार लगाई है, वह आगरा जिले में रुनकता गांव में रेणुका धाम के पास बन रहा है। इस पुल के बनने से आगरा और यमुना पार के मथुरा जिले के गांवों के बीच की दूरी कम हो जाएगी। राज्य सेतु निगम ने यमुना पर पुल तो बना लिया, लेकिन जब इसे यमुना के दोनों ओर सड़क से जोड़ने की बात आई तब निगम को ध्यान आया कि इस काम को पूरा करने के लिए तो आगरा और मथुरा की सीमा में 268 पेड़ काटने पड़ेंगे। इसके बाद ही निगम की ओर से सुप्रीम कोर्ट से पेड़ काटने की अनुमति मांगी गई थी। इस पर सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराया था कि सेतु निगम ने पुल बनाने से पहले पेड़ काटने की अनुमति नहीं मांगी। ये पुल बनाने के बाद पेड़ काटने की अनुमति मांगने आए हैं। इस पर ही सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई। जस्टिस अभय ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच मामले पर सुनवाई कर रही थी। कोर्ट ने के पुल का काम आगे बढ़ाने के फैसले पर आश्चर्य जताया। कंपनी के इस फैसले में ताज ट्रेपेजियम जोन में कई पेड़ों को काटना और पेड़ों को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करना भी शामिल है। सुप्रीम कोर्ट ताजमहल और टीटीजेड में वनस्पतियों और जीव-जंतुओं के संरक्षण के संबंध में पर्यावरणविद् एमसी मेहता की ओर से दायर एक लंबित जनहित याचिका में विभिन्न अंतरिम याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। ताज ट्रेपेजियम जोन (टीटीजेड) में ताजमहल के पास करीब 10,400 वर्ग किमी का क्षेत्र है, जो उप्र के आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, हाथरस और एटा जिलों व राजस्थान के भरतपुर जिले में फैला हुआ है। जस्टिस अभय एस ओका ने सवाल करते हुए कहा, आप सरकारी यूनिट हैं। आप इस मामले में अदालत से पारित आदेशों से अवगत हैं। आप हमारी पूर्व सहमति के बिना परियोजना और पेड़ों की कटाई को कैसे आगे बढ़ा सकते हैं। कोर्ट ने यूपीएसबीसीएल को निर्देश दिया कि वह राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान के खाते में 5 लाख रुपये जमा करे। इससे पहले कि वह निगम की क्षेत्र में अपने पुल के निर्माण के लिए पेड़ों को काटने से संबंधित उसकी याचिका पर विचार करे. । पीठ ने कहा, यह राज्य निगम की ओर से उचित आचरण नहीं है। कोर्ट ने कहा कि पेड़ों की कटाई और स्थानांतरण पर जोर देने से पहले अनिवार्य वनरोपण किया जाना चाहिए। पीठ ने स्पष्ट किया कि वह टीटीजेड में औद्योगिक या अन्य इकाइयां चलाने और खोलने के लिए सर्वव्यापी अनुमति नहीं देगी। सुप्रीम कोर्ट ने एक आवेदन पर आदेश पारित करते हुए टीटीजेड प्राधिकरण को यह पता लगाने के लिए स्थल पर अधिकारियों को तत्काल तैनात करने का निर्देश दिया कि क्या कोई पेड़ काटने की गतिविधि की गई थी या जारी है। अदालत ने कहा, जयरी पुलिस सुरक्षा प्रदान की जाएगी, हम यह स्पष्ट करते हैं कि पुलिस की मदद से ताज ट्रेपेजियम प्राधिकरण यह सुनिश्चित करेगा कि भूमि पर कोई पेड़ काटने की गतिविधि न हो। सुप्रीम कोर्ट ने उप्र जल निगम और आगरा नगर निगम को ताज ट्रेपेजियम जोन में बिना शोधित और आंशिक रूप से शोधित नालों के अपशिष्ट के शोधन के लिए कोर्ट के पिछले निर्देशों का पालन करने का निर्देश भी दिया। कोर्ट ने नालों के मुद्दे पर अफसरों से अनुपालन हलफनामा दाखिल करने को कहा।

## चोरों ने दुकान में चोरी कर आग लगायी

**टूंडला।** थाना पचोखरा क्षेत्र के अंतर्गत एक दुकान से अज्ञात चोर दस हजार की चोरी करके दुकान में रखें खाद बीज में आग लगाकर फरार हो गये। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।

वैभव शर्मा पुत्र श्याम बिहारी शर्मा निवासी अधेत थाना पचोखरा ने दी तहरीर में बताया है कि मेरी माँ केला कृषि सेवा केन्द्र पचोखरा एटा रोड टूंडला पर बीती रात्रि अज्ञात चोर छत की पटिया निकालकर दुकान के अंदर घुस आये और गल्ले में रखें दस हजार रुपए लेकर दुकान में आग लगाकर फरार हो गये। जिससे दुकान में रखें खाद बीज जलकर राख हो गया। आनन फानन में दुकानदार को सूचना दी दुकानदार मौके पर पहुंचे और पानी डालकर आग पर काबू पाया। इस दौरान दुकान मालिक ने बताया कि 17 से 18 हजार रुपए का नुकसान हो गया दुकान मालिक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना पचोखरा में तहरीर दी है।

## आगरा में मेट्रो के 11 नये कॉरिडोर बनाने की कवायद, प्रस्ताव शासन को भेजा



**आगरा।** विकसित भारत-2047 के योजना को ध्यान में रखते हुए यूपी मेट्रो ने भविष्य में आगरा में 11 नये रूटों पर मेट्रो के संचालन का प्रस्ताव शासन को भेजा है। फिलहाल यूपीएमआरसी आगरा में 29.4 किमी के दो कॉरिडोर का निर्माण कर रहा है। पहले कॉरिडोर में छह किमी तक मेट्रो रेल का संचालन भी हो रहा है। शेष हिस्से में निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। यदि नये कॉरिडोर को मंजूरी मिल जाती है तो भविष्य में आगरा में मेट्रो का पूरा जाल बिछ जाएगा। प्रदेश सरकार के निर्देश पर यूपीएमआरसी के ट्रांसपोर्ट प्लानिंग विभाग ने आगरा, लखनऊ और कानपुर में 303 किमी लंबाई में मेट्रो के विस्तार का प्रस्ताव तैयार किया है। तीनों स्थानों पर प्रस्तावित 28 नये कॉरिडोर में 11 नये कॉरिडोर अकेले आगरा में प्रस्तावित हैं। जिसकी लंबाई करीब दो 88.9 किमी है। यूपीएमआरसी ने नये कॉरिडोर का प्रस्ताव तैयार कर आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को भेज दिया है। शासन में इस प्रस्ताव को लेकर मंथन शुरू हो गया है। शासन की टीम प्रस्तावित रूटों का अध्ययन कर रहा है। शासन से मंजूरी मिलने के बाद डीपीआर तैयार कराई जाएगी। प्रस्तावित नये रूटों पर यूपीएमआरसी मेट्रो के निर्माण में एलिवेटेड की जगह अंडरग्राउंड को ज्यादा प्राथमिकता देगा। इसके पीछे यूपी मेट्रो का मानना है कि भूमिगत मेट्रो लाइन डालने पर भविष्य में रोड पर फ्लाईओवर और एलिवेटेड रोड का भी निर्माण किया जा सकता है। आगरा में प्रस्तावित नए रूट में 1- कालिंदी विहार से छलेसर-आगरा 2.36 किमी, 2- रामबाग से यमुना एक्सप्रेसवे- 7.9 किमी, 3- सिकंदरा से रुनकता- 8.92 किमी, 4- पोइया घाट से बिचपुरी रेलवे स्टेशन- 15.85 किमी, 5- पीएसी डिपो से गुतिला मोड़- 6.6 किमी, 6- गुतिला मोड़ से पॉवर ग्रिड- 4.96 किमी, 7- सदर बाजार से एयरपोर्ट-3.43 किमी, 8- सदर बाजार से रोहता- 6.92 किमी, 9- अरतौनी से रोहता- 19.5 किमी, 10- बमरौली से ताज ईस्ट गेट- 6.31 किमी, 11- एयरपोर्ट से मलपुरा- आगरा-6.2 किमी।

## वैन चालक ने 9वीं की छात्रा के साथ की गंदी हरकत, बेटी की आपबीती सुन सहम गयी मां

**आगरा।** ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र में एक कॉन्वेंट स्कूल की नौवी की छात्रा को घर छोड़ने जा रहे स्कूल कैब के चालक ने छेड़छाड़ कर दी। घटना से छात्रा बुरी तरह सहम गई। पीड़िता के अभिभावक ने पुलिस को सूचना दी। इस पर पुलिस ने स्कूल में पहुंचकर आरोपी कैब चालक बिट्टू खां को गिरफ्तार कर लिया। उसके विरुद्ध पॉक्सो एक्ट, छेड़खानी में रिपोर्ट दर्ज की गई है। ट्रांस यमुना इलाके में एक कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ने वाली नौवी की छात्रा को स्कूल की कैब का चालक बिट्टू लेकर जाता है। इन दिनों स्कूल में परीक्षाएं चल रही हैं। मंगलवार को भी परीक्षा थी। इक्का दुक्का बच्चे ही कैब में थे। छात्रा ने बताया कि कैब चालक ने कहा कि उसे काम से घर जाना है। इस दौरान उसने छात्रा को छोड़कर सभी बच्चों को छोड़ दिया। आरोप है कि आरोपी ने अपने घर से छात्रा के घर के रास्ते में अकेले होने के कारण छेड़खानी की। उसकी मंशा को भांपकर छात्रा ने शोर मचाने की धमकी दी। इस पर कैब चालक उसे घर के पास छोड़कर भाग निकला। घटना के बाद छात्रा बुरी तरह सहम गई। उसने अपने चिकित्सक पिता और मां को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पीड़िता को लेकर परिजन थाने पहुंचे। इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार ने बताया कि घटना के बाद स्कूल के संचालक और कैब चालक को पकड़ लिया। कैब चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। उसे बुधवार को जेल भेजा जाएगा।

## बरसाना रोपवे का ब्रेक हुआ फेल, आपस में टकरायीं तीन ट्रॉलियां

**मथुरा।** ब्रह्मांचल पर्वत पर स्थित राधारानी मंदिर पर रोप-वे के संचालन में मंगलवार को तकनीकी खराबी आ गई। मंदिर से नीचे के लिए रवाना होने के बाद तीन ट्रॉली के ब्रेक फेल हो गए और मंदिर के प्लेटफार्म पर आपस में टकरा गईं और हवा में झूल गईं। तीनों ट्रॉलियों पर 18 श्रद्धालु सवार थे। ट्रॉली टकराते ही श्रद्धालु दहशत में आ गए। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं आई। श्रद्धालुओं को ट्रॉली से बाहर निकाला गया। करीब बीस मिनट तक रोप-वे का संचालन बंद रहा। इंजीनियरों ने खराबी दूर करने के बाद संचालन शुरू कराया। यदि ट्रॉली घटना के वक्त हवा में होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। मंगलवार दोपहर करीब एक बजे यह घटना हुई। राधारानी मंदिर रोप-वे से जाने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाइन थी। मंदिर से तीन ट्रॉली छह-छह श्रद्धालुओं को लेकर नीचे की ओर आ रही थीं। नीचे प्लेटफार्म पर आने से पहले तीन ट्रॉली कुछ ऊंचाई पर कुछ देर के लिए रुकती हैं, इस बीच नीचे आ चुकीं ट्रॉली से श्रद्धालु उतरते हैं। जब ऊपर ट्रॉली को रोकने के लिए ब्रेक लगाए गए, तो अचानक ब्रेक फेल हो गए, इससे ट्रॉली तेजी से प्लेटफार्म पर पहुंचीं और आपस में टकरा गईं। ट्राली में बैठे श्रद्धालु हवा में झूल गए और दहशत फैल गई। चीख-पुकार रोपवे का संचालन कर रहे कर्मचारी दौड़े। श्रद्धालुओं को नीचे उतारा गया। गनीमत रही कि हादसे में किसी श्रद्धालु को चोट नहीं आई। जितनी देर श्रद्धालु ट्रॉली में फंसे रहे, उनकी जान सांसत में रही। ट्रॉली से निकाले जाने के बाद उन्होंने राहत की सांस ली।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने की राष्ट्रीय व राज्यीय राजनैतिक दलों के साथ बैठक

**मथुरा।** निर्वाचन प्रक्रिया, निर्वाचक नामावली एवं अन्य बिन्दुओं के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी / जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी का परिचय लेते हुई बैठक का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह बैठक आपसी समन्वय को और अधिक मजबूत करने के लिए आयोजित की गई है। निर्वाचन एक संवेदनशील प्रक्रिया है, जिसके लिए हम सभी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की समस्याओं के निराकरण हेतु प्रशासन कटिबद्ध है। मतदाता सूची को समय समय पर शुद्ध कराना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने बताया कि नए वोटर बनने, वोटर कार्ड में नाम कटवाने, जुड़वाने, संशोधन, ट्रांसफर आदि कराने हेतु वर्ष में 4 बार मौका मिलता है। आप सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को मतदाता सूची निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रदान कर दी गई है, आप सभी उसमें किसी भी प्रकार की समस्या हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय या संबंधित उप जिलाधिकारी से निराकरण करा सकते है। जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि मतदाता सूची का अवलोकन अवश्य करे तथा समस्त बूथों में बी0एल0ए0 (बूथ लेबिल एजेंट्स) की नियुक्ति करे। जिलाधिकारी ने सभी को फॉर्म 6, 7 एवं 8 के संबंध में विस्तार से बताया। उन्होंने प्रपत्र 9, 10, 11, 11(ए) एवं 11(बी) तथा सर्विस वोटर व ओवरसीज वोटर्स के बारे में बताया। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 2130 बूथ है व 2130 बीएलओ है तथा 184 सुपरवाइजर है। जनपद में 1036534 पुरुष, 900710 महिला तथा 63 थर्ड जेंडर वोटर कुल 1937307 वोटर है। जनपद का जेंडर रेशियों 869 तथा ई0पी0 रेशियों 59.70 है। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि माह में 1 बार सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करे, समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें तथा आगामी सर्वे में अधिकाधिक महिलाओं का वोटर कार्ड बनवाते हुए जेंडर रेशियों पर कार्य कराए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व / उप जिला निर्वाचन अधिकारी योगानंद पांडेय ने अवगत कराया है कि प्रत्येक वर्ष मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम माह अक्टूबर से माह नवम्बर के मध्य होता है। बैठक में भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, सी0पी0आई(एम) आदि दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में उप जिलाधिकारी/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सदर रिंकू सिंह राही, उप जिलाधिकारी/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मांट अभिनव जे जैन, उप जिलाधिकारी छाता श्वेता, उप जिलाधिकारी महावन आदेश कुमार, उप जिलाधिकारी गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव, जिला निर्वाचन कार्यालय से सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज खंडेलवाल आदि उपस्थित रहे।

## जे.एस.यूनिवर्सिटी फर्जी डिग्री घोटाला कुलपति समेत कई के खिलाफ केस दर्ज

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद क्षेत्रान्तर्गत जे.एस. यूनिवर्सिटी पर फर्जी डिग्री घोटाले के आरोप में कुलपति समेत कई अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। छात्रों का आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने संगठित रूप से बड़ी धनराशि लेकर फर्जी दस्तावहज जारी किए, जिससे हजारों विद्यार्थियों के भविष्य पर संकट खड़ा हो गया है। थाना शिकोहाबाद पर दिनांक 18-03-2025 को दीपांशु गिरी पुत्र अनिल गिरि निवासी मौहल्ला माता थाना डिबाई जिला बुलंदशहर ने तहरीर दी गयी कि वादी व उनके साथी रिंकू, सुभाष चंद्र, देवेंद्र, यशवीर सिंह और अरुण द्वारा जे.एस. यूनिवर्सिटी से बी.एस-सी एग्रीकल्चर में विभिन्न सेमेस्टर उत्तीर्ण किए थे। विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए अंक पत्रों की सत्यता को लेकर संदेह होने पर वह 18-03-2025 को अपने दस्तावेजों की जांच कराने के लिए यूनिवर्सिटी पहुंचे। शिकायत के अनुसार, जब वह कृषि विभाग में दस्तावेजों की जांच करवाने गए तो उन्हें जबरन अंदर जाने से रोका गया। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने कृषि विभाग का ताला बंद कर दिया और मौके से फरार हो गये। छात्रों का आरोप है कि जे.एस. यूनिवर्सिटी के कुलपति सुकेश यादव, डायरेक्टर गौरव यादव पीएस यादव, कृषि विभाग के एच.ओ.डी. उमेश मिश्रा नंदन मिश्रा सहित अन्य स्टाफ ने संगठित रूप से छात्रों से मोटी रकम लेकर फर्ज अंक तालिकाएं तैयार कीं और जारी कीं है, छात्रों ने दावा किया है कि विश्वविद्यालय में मानकों से कई गुना अधिक छात्रों को प्रवेश देकर फर्जी अंकतालिकाएं जारी की गईं। इससे पहले भी विश्वविद्यालय प्रशासन पर फजीर्वाड़े के आरोप लग चुके हैं, और इस मामले में कुलपति सुकेश यादव व नंदन मिश्रा को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। शिकोहाबाद पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और इस घोटाले में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी गहन जांच की जाएगी।

# पुलिस लाइन में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया

**फिरोजाबाद।** एसएसपी फिरोजाबाद के निर्देशन में एसपीईएल कार्यक्रम के द्वितीय चरण के तहत एएसपी ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद लाइन एवं प्रभारी डायल 112 द्वारा जनपद फिरोजाबाद के विभिन्न विद्यालयों नारायण इंटर कॉलेज, दाऊदलाय पालीवाल एवं सीएल जैन के छात्र छात्राओं को पुलिस लाइन में यूपी-112 परियोजना से सम्बन्धित प्रशिक्षण एवं जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया। जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं को एसपीई एल कार्यक्रम के तहत जागरूक करते हुए अवगत कराया गया कि उप्र सरकार ने प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत और सुदृढ़ करने के लिए अनेक प्रयास किए हैं जिसमे यूपी 112 परियोजना भी उसी प्रयास का एक हिस्सा है और नागरिकों की सुरक्षा के दृष्टिगत तकनीकी सेवाओं का उपयोग यूपी 112 में किया जा रहा है जैसे कि एसआईपी तकनीकी से अधिक



से अधिक नागरिकों की आवश्यकता अनुसार इवेंटो को बनाना तथा नम्बर मास्किंग से नागरिकों की पहचान गोपनीय रखना आदि वर्तमान समय में नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत प्रदेश में यूपी 112 की फ्लीट में कुल 6278 वाहन शामिल हैं जिसमें 2000 टू व्हीलर और 4278 फोर व्हीलर वाहन संचालित हैं इसी क्रम में सरकार ने टेक्नोलॉजी का सहारा लिया है साथ ही ऑनलाइन या कॉल के माध्यम से सेवा उपलब्ध कराई जा रही है और विभिन्न सेवाओं को यूपी 112 में इंटीग्रेट किया गया है जिससे इन प्रयासों का असर भी देखने को मिल रहा है जैसे नंबर एक सेवाएं अनेक यूपी 112 पर कॉल करके सभी आकस्मिक सेवाएं प्राप्त की जा सकती हैं लेकिन आमजन में व्याप्त उदासीनता के कारण लोग इससे वंचित भी रह जाते हैं इसे दूर करने के लिए समय-समय पर यूपी 112 की तरफ से अभियान चलाकर संवाद शृंखला की शुरुआत भी की गई है इसके तहत सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है जिसमे यूपी 112 विभिन्न माध्यमों से बताएगी कि किस तरह सजग नागरिक की भूमिका में वह पुलिस के साथ कदम मिलाकर चल सकते हैं और जैसे दुर्घटनाओं में घायलों की मदद के लिए कैसे समय पर पुलिस को सूचना देने के साथ उन्हें अस्पताल भी पहुंचना है संदिग्ध व्यक्ति, वाहन की सूचना पुलिस को देकर किसी बड़े अपराध को होने से पहले रोकना, दो समूह में विवाद उत्पन्न होने की जानकारी देकर उसे रोकना जैसे प्रयासों से लोगों को अवगत कराया गया है। यह अभियान आकस्मिक परिस्थिति में दूसरों की मदद करने की ओर व्यक्ति को प्रेरित करता है साथ ही ऐसे सभी कॉलर की पहचान गोपनीय रखी जाती है अभियान को आगे बढ़ाने के विभिन्न चरणों में ट्रांसपोर्ट, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, निजी सुरक्षा एजेंसियों तथा अन्य समूहों को भी जोड़ा गया है क्योंकि 112 अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त याद रखने में आसान आपातकालीन नम्बर है जिसमें पुलिस, एंबुलेंस और आग जैसी विभिन्न स्थितियों में सहायता प्राप्त की जा सकती है।

